कार्तिक कृष्ण पक्ष षष्ठी 01:29 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 62, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हजारों उल्कापिंड हर वर्ष पहुंचते हैं हमारे वायुमंडल में 16

मौनी को गहनों में सबसे ज्यादा पसंद पोल्की ब्रेसलेट 15

## एक नजर

### राष्ट्रपति मुर्मू आज राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान करेंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देश भर में जल प्रबंधन और संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 प्रदान करेंगी। जल शक्ति मंत्रालय के तहत जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग द्वारा ये पुरस्कार दिए जाते हैं, जिसमें सर्वश्रेष्ठ राज्य से लेकर सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज तक की नौ श्रेणियों में प्रयासों को सम्मानित किया जाता है। पुरस्कारों के पांचवें संस्करण में, ओडिशा ने सर्वश्रेष्ठ राज्य श्रेणी में पहला पुरस्कार हासिल किया है, जबकि उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है।

### विक्रमदेव ने संभाला कोयला सचिव का पदभार

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश कैडर के अधिकारी विक्रम देव दत्त ने सोमवार को कोयला सचिव का पदभार ग्रहण किया है। वह अरुणाचल प्रदेश-गोवा-मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश-एजीएमयूटी कैडर के 1993 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

### गहरे गड्ढे में गिरी स्कूल बस, एक बच्चे की मौत

**कोटा।** राजस्थान के कोटा जिले के नांता इलाके में सोमवार को एक स्कूल बस के गहरे गड्ढे में गिरने से 14 वर्षीय एक लड़के की मौत हो गई और करीब छह बच्चे घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, सुभाष नगर स्थित सत्यम पब्लिक स्कूल की बस में 30 विद्यार्थी सवार थे। बस चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिस कारण बस छह फुट गहरे गड्ढे में जा गिरी।

### दो किग्रा मेफेड्रोन, 427 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

**भरूच/सूरत।** गुजरात के भरूच और सूरत जिले में पुलिस ने अलग-अलग अभियान चलाकर दो किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन और 427 किलोग्राम अन्य संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया जबकि इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि रविवार शाम सूरत के वेलांजा गांव के पास चार पहिया वाहन से दो किलोग्राम से अधिक मेफेड्रोन जब्त की गई। पुलिस की एक अन्य टीम ने रविवार रात को अंकलेश्वर से मादक पदार्थ की 427 किलोग्राम खेप जब्त की।

## राज्य कर्मचारियों को दिवाली से पहले मिलेगा वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- बीस लाख कर्मचारी होंगे लाभान्वित पेंशनर को भी मिलेगी राहत

**अमृत विचार :** राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं, निकाय कर्मियों सहित अन्य को दिवाली से पहले ही वेतन देने के आदेश जारी किए गए हैं। पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को भी त्योहार के चलते 30 अक्टूबर तक उनकी पेंशन का भुगतान कर दिया जाएगा। इसका लाभ लगभग 20 लाख कर्मचारियों को मिलेगा। अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा, तथा 3 नवंबर को भाई दूज व चित्रगुप्त जयंती के त्योहार पर सार्वजनिक अवकाश है। इसके चलते सभी राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों तथा कार्य प्रभारित कर्मचारियों को वेतन एवं पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को अक्टूबर माह का वेतन एवं पेंशन का भुगतान 30 अक्टूबर को किए जाने की राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान की है।

## टीआरएफ ने किया था कश्मीर में हमला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में निर्माण श्रमिकों पर हमला करने की जिम्मेदारी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के छाया समूह द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। आतंकवादियों ने रविवार शाम को श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर गगनगीर के पास 6.5 किमी लंबी जेड-मोड़ सुरंग का निर्माण करने वाली बुनियादी ढांचा कंपनी द्वारा स्थापित एक शिविर को निशाना बनाकर हमला किया था जिसमें एक डॉक्टर और छह श्रमिकों सहित सात लोगों की मौत हो गई थी। हमले में पांच अन्य कर्मचारी घायल भी हुए थे। उधर, हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी रखा।

# भारत-चीन सीमा पर फिर से शुरू होगी गश्त

नई दिल्ली, एजेंसी

### गतिरोध दूर करने में बड़ा कदम

- सेनाएं भी नियंत्रण रेखा से पीछे हटेंगी, दोनों देशों में बनी सहमति
- पूर्वी लद्दाख में तकरीबन चार वर्षों से हैं दोनों सेनाएं आमने-सामने



विदेश सचिव विक्रम मिस्री

भारत ने सोमवार को घोषणा की कि भारतीय और चीनी वार्ताकार पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गतिरोध वाले बाकी बिंदुओं पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए हैं। इस समझौते को पूर्वी लद्दाख में लगभग चार वर्षों से जारी सैन्य गतिरोध के समाधान की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संकेत दिए कि यह समझौता विवादित बिंदुओं से सैनिकों की वापसी का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे 2020 में पैदा हुए गतिरोध का समाधान होगा।

समझा जाता है कि यह समझौता देपसांग और डेमचोक इलाकों में गश्त से संबंधित है। मिस्री ने कहा कि भारत और चीन के राजनयिक एवं सैन्य वार्ताकार पिछले कई हफ्तों से विभिन्न मंचों पर एक-दूसरे के करीबी संपर्क में रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन चर्चाओं के परिणामस्वरूप, भारत-चीन सीमावर्ती क्षेत्रों में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त व्यवस्था पर सहमति बनी है, जिससे 2020 में इन क्षेत्रों में उत्पन्न हुए गतिरोध का समाधान और सैनिकों की वापसी संभव हो सकेगी। मिस्री ने कहा कि हम इस संबंध में आगे के कदम उठाएंगे। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या मौजूदा समझौता गश्त को लेकर उन अधिकारों को बहाल करता है, जो गतिरोध से पहले मौजूद थे। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच मई 2020 से सैन्य गतिरोध बरकरार है। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का पूर्ण समाधान अभी तक नहीं हो पाया है। हालांकि, वे टकराव वाले कई बिंदुओं से पीछे हट चुके हैं। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे। यह झड़प पिछले कुछ दशकों में दोनों पक्षों के बीच हुई सबसे गंभीर सैन्य झड़प थी। भारत लगातार कहता आ रहा है कि जब तक सीमावर्ती इलाकों में शांति बहाल नहीं होती, तब तक चीन के साथ उसके संबंध सामान्य नहीं हो सकते। भारत गतिरोध शुरू होने के बाद से हुई सभी वार्ताओं में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) पर देपसांग और डेमचोक से अपने सैनिक हटाने का दबाव डाल रहा है।

# बंद नहीं किए जाएंगे मदरसे

## राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



- कोर्ट ने दिया बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं भेजने का निर्देश
- जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर केंद्र-राज्यों को आदेश

उच्चतम न्यायालय ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करने वाले मदरसों की मान्यता वापस लेने और वहां पढ़ रहे छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने से संबंधित राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की ओर से जारी पत्र पर अमल करने पर केंद्र और राज्य सरकारों को रोक लगाने का सोमवार को आदेश दिया। पत्र में राज्यों से गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने के लिए कहा गया था।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता इंदिरा जयसिंह ने दलील देते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पत्र और उत्तर प्रदेश तथा त्रिपुरा सहित कुछ राज्यों की मदरसे से संबंधित उक्त कार्रवाई पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। मुस्लिम संगठन ने उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा सरकारों की उस कार्रवाई को चुनौती दी है, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों के छात्रों को सरकारी स्कूलों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। एनसीपीसीआर ने सात जून, 2024 को उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर निर्देश दिया कि आरटीई (शिक्षा का अधिकार) अधिनियम का पालन न करने वाले मदरसों की मान्यता वापस ली जाए। शीर्ष अदालत ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि एनसीपीसीआर के 07 जून, 2024 और 25 जून के पत्राचार तथा उसके अनुसार उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव के 26 जून के और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव द्वारा जारी 10 जुलाई तथा त्रिपुरा सरकार द्वारा जारी 28 अगस्त के विचारों के आदान-प्रदान पर कार्रवाई नहीं की जाएगी। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को याचिका में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को पक्षकार बनाने की भी स्वतंत्रता दी।

### धर्मनिरपेक्षता संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न हिस्सा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि धर्मनिरपेक्षता को हमेशा से भारतीय संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न अंग माना गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी, अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की, जिन्होंने संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को शामिल किए जाने को चुनौती दी है। पीठ ने कहा कि इस न्यायालय ने कई निर्णयों में माना है कि धर्मनिरपेक्षता हमेशा से संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा रही है। अगर समानता के अधिकार और संविधान में प्रयुक्त ''बंधुत्व'' शब्द को सही से देखा जाए, तो इस बात का स्पष्ट संकेत मिलता है कि धर्मनिरपेक्षता को संविधान की मुख्य विशेषता माना गया है। इंदिरा गांधी सरकार द्वारा 1976 में लाए गए 42वें संविधान संशोधन के तहत संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्द शामिल किए गए थे। इस संशोधन ने प्रस्तावना में भारत का उल्लेख संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य से बदलकर संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य कर दिया। सुनवाई के दौरान जैन ने दलील दी कि डॉ. बीआर आंबेडकर ने कहा था कि समाजवाद शब्द को शामिल करने से व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर अंकुश लगेगा। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना को संशोधनों के जरिए संशोधित नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि समाजवाद के अलग-अलग अर्थ हैं और पश्चिमी देशों में अपनाए गए अर्थ को नहीं लिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि समाजवाद का अर्थ यह भी हो सकता है कि अवसर की समानता होनी चाहिए।

# आतंकी पन्नू की एयर इंडिया फ्लाइट में विस्फोट की धमकी

टोरंटो, एजेंसी



- 1 से 19 नवंबर के बीच सफर न करने की दी चेतावनी

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सोमवार को एक बार फिर एयर इंडिया की फ्लाइट को उड़ाने की धमकी दी है। उसने अपनी धमकी में कहा है कि 1 से 19 नवंबर के बीच एयर इंडिया की फ्लाइट को निशाना बनाया जा सकता है। पन्नू ने दावा किया कि यह हमला कथित सिख नरसंहार की 40वीं बरसी के मौके पर किया जाएगा। पन्नू प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) का संस्थापक है। उसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता भी है। उसने पिछले कुछ वर्षों में कई बार एयर इंडिया के विमान को उड़ाने की धमकी दी है।

**पन्नू के कारण बिगड़े भारत-कनाडा संबंध :** पन्नू की यह नई धमकी ऐसे समय में आई है जब भारत में कई एयरलाइनों को संभावित बम विस्फोटों के बारे में कई धमकी भरे कॉल मिले हैं, जो सभी फर्जी निकले। यह ऐसे समय में भी हुआ है जब भारत और कनाडा के बीच एक कूटनीतिक विवाद चल रहा है। कनाडा ने भारत पर अपने देश में खालिस्तानी आतंकवादियों को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जिसमें एक अन्य आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भी शामिल है।

### पहले भी भारत को धमकियां देता रहा है

नवंबर 2023 में, पन्नू ने एक वीडियो जारी किया जिसमें दावा किया गया कि दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बदल दिया जाएगा और 19 नवंबर को बंद रहेगा, लोगों को उस दिन एयर इंडिया से उड़ान न भरने की चेतावनी दी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उन पर आपराधिक साजिश रचने, धर्म के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। पिछले साल दिसंबर में, पन्नू ने कथित तौर पर उन्हें मारने की साजिश नाकाम होने की रिपोर्ट के बाद 13 दिसंबर को या उससे पहले संसद पर हमला करने की धमकी दी थी।

### विमानों में बम की धमकी मामले में केंद्र सख्त

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि विमानों में बम रखे होने की धमकियों की घटनाओं से निपटने के लिए सरकार विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है, जिनमें ऐसी धमकी देने वालों के नाम उड़ान-निषिद्ध सूची में डालना शामिल है। पिछले करीब एक सप्ताह में भारतीय विमानन कंपनियों की करीब 100 उड़ानों में बम रखे होने की धमकियां मिली हैं। नायडू ने यहां बताया कि सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैर-कानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम, 1982 में संशोधन करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) विमानों में बम रखे होने की धमकियां मिलने के मुद्दे पर गृह मंत्रालय से संपर्क बनाए हुए है।

### पुलिस स्मृति दिवस परेड में की कई घोषणाएं

## मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों के लिए खोला उपहारों का पिटारा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पुलिस आवास के लिए 1380 करोड़ का कॉरपस फंड
- पुलिस विभाग के खिलाड़ियों के लिए 10 करोड़ का इंतजाम

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिसकर्मियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की है। इन घोषणाओं में वर्दी भत्ते और आवास भत्ते में बढ़ोत्तरी शामिल है। उन्होंने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि, बैरक में रहने वाले आरक्षियों के आवास भत्ते में 25 प्रतिशत की वृद्धि और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खेलकूद में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, आहार समेत अन्य मदों के लिए अगले वित्तीय वर्ष के बजट में 10 करोड़ रुपये बढ़ाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने बहु मंजिल आवास और प्रशासनिक भवन के रखरखाव के लिए 1,380 करोड़ रुपये के कॉरपस फंड की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय आयोजन में पुलिस बल पर आने वाले खर्च पर प्रस्तावित शुल्क लगाने की स्वीकृति की, जो डीजीपी के अधीन रहेगा। इन घोषणाओं पर राज्य सरकार का 115 करोड़ रुपये व्यय होगा।

पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने पहले परेड की सलामी ली। शहीद दो आरक्षियों के परिवार से मुलाकात कर उनको सरकार से हर संभव मदद देने की बात कही। परिजन को सम्मानित किया। इसके पहले शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। वर्दी भत्ते की वृद्धि में कुल 58 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मृत पुलिसकर्मियों के कानूनी वारिस को अनुग्रह राशि मिलने में आने वाली अड़चनों को समाप्त किया जाएगा। बैरकों में रहने वाले आरक्षी एवं मुख्य आरक्षियों के आवासीय भत्ते के लिए 47 करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे।

### कल्याण के लिए 7.50 करोड़ की व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिसकर्मियों के परिवार के सदस्यों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पुलिसकर्मी अत्यंत कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी दिन रात अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि मानकर काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में जिलों में नियुक्त पुलिसकर्मियों की सुविधा के लिए 3.50 करोड़ और कल्याण के लिए 4 करोड़ रुपये दिए हैं।

# भाजपा के नगर अध्यक्ष समेत 7 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बहराइच

### बहराइच हिंसा

- भाजपा विधायक ने अपने ही पार्टी के लोगों को बनाया आरोपी, भीड़ ने किया था पथराव व फायरिंग

**अमृत विचार :** महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने नगर कोतवाली में भाजयुमो के प्रथम नगर अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव समेत सात नामजद और अज्ञात भीड़ द्वारा उनके काफिले पर पथराव व फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई है। विधायक सुरेश्वर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 अक्टूबर को महराजगंज में हुई हिंसा में मृतक रामगोाल के शव को मेडिकल कॉलेज के बाहर गेट पर रखकर भीड़ प्रदर्शन कर रही थी। वे अपने अंग-रक्षकों व अन्य सहयोगियों के साथ शव रखे लोगों के पास पहुंचे।

इसके बाद डीएम से मिलने सीएमओ कार्यालय पहुंचे, जहां सीएमओ, सिटी मजिस्ट्रेट भी मौजूद थे। सभी को साथ लेकर दोबारा से मृतक के परिजनों व ग्रामीणों के पास पहुंचे और बातचीत कर शव को मॉर्च्युरी ले जाने लगे। तभी भाजयुमो के प्रथम नगर अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव, अनुज सिंह रैकवार, शुभम मिश्रा, कुशमेंद्र चौधरी, मनीष चंद्र शुक्ल, पुंडरीक पांडेय अध्यापक, सुंधाशु सिंह राणा आदि उपद्रवी नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान आरोपियों ने उनकी कार को रोक कर पत्थरबाजी की और जान लेने की नीयत से फायरिंग भी की थी।

इससे कार का शीशा टूट गया था। घटना में विधायक का बेटा अखंड प्रताप सिंह बाल-बाल बचा था। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। आरोपियों में महसी तहसील क्षेत्र निवासी पुंडरीक पाण्डेय श्रावस्ती जिले में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं।

कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि भाजपा विधायक की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है। उधर, भाजयुमो के प्रथम नगर अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव का कहना है कि मैं लोगों को समझा रहा था। मेरे ऊपर फर्जी केस दर्ज कराया गया है।

### एएसपी ग्रामीण पवित्र मोहन डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध

**लखनऊ।** महाराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई का दौर जारी है। कुछ दिन पहले डिप्टी एसपी को निलंबित गया था। सोमवार को डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (एएसपी) पवित्र मोहन त्रिपाठी को हटा दिया गया। उनको डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध दुर्गा प्रसाद तिवारी को बहराइच का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। दुर्गा प्रसाद तिवारी को बलिया वसूली कांड में हटाया गया था।

## सिलेंडर फटने से मकान ध्वस्त, पांच लोगों की मौत

बुलंदशहर/लखनऊ, एजेंसी

- बुलंदशहर के सिकंदराबाद इलाके में हुआ हादसा
- कुछ लोगों के घर के मलबे में दबे होने की आशंका

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद इलाके में सोमवार रात सिलेंडर फटने से एक मकान ध्वस्त हो गया जिसके मलबे में दबने से पांच लोगों की मौत हो गई। मेरठ ज़ोन के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ध्रुव कांत ठाकुर ने सोमवार की रात बताया कि बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद इलाके की एक कालोनी में विस्फोट से पांच लोगों के मरने और कुछ लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना आई है। अधिकारियों को मौक़े पर पहुंचकर राहत-बचाव के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सिकंदराबाद इलाके की आशापुरी कॉलोनी में सोमवार रात एक मकान में रखा सिलेंडर अचानक फटने से जोरदार धमाके के साथ मकान ध्वस्त हो गया और छत गिर गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और प्रशासन के अफसर पहुंच गए। एंबुलेंस तथा जेसीबी को मौके पर बुलाया गया। पुलिस, प्रशासन और दमकल विभाग के अधिकारी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। जेसीबी की मदद से मलबा हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

## शिवकुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची सीबीआई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले की जांच राज्य लोकायुक्त को सौंपने के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच राज्य लोकायुक्त को सौंपने के फैसला किया था। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शिवकुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले की जांच के लिए सहमति वापस लेने के कांग्रेस सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को 29 अगस्त को खारिज कर दिया था।

# प्रदेश में छह करोड़ लोग गरीबी रेखा से आए बाहर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### गरीबों की मदद करना मुश्किल कार्य, पहले व्यक्ति की मनोदशा समझना जरूरी : मुख्य सचिव



योजना भवन में आयोजित बैठक में उप्र.के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सचिव अमित यादव व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देश में 25 करोड़ और उत्तर प्रदेश में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। सोमवार को योजना भवन में राज्य सरकार के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने यह आंकड़ा प्रस्तुत किया। कहा कि गरीबों की मदद करना मुश्किल कार्य है, पहले व्यक्ति की मनोदशा समझना जरूरी है।

बैठक में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पंजाब, नई दिल्ली व उत्तराखंड के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के लिए कार्य कर रहा है। गरीबों के उत्थान और उन्हें सशक्त बनाने के लिए छात्रवृत्ति समेत विभिन्न योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए लक्ष्य तय करना जरूरी है। प्रदेश सरकार की ओर से 'जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश' अभियान लांच किया गया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत से 20-25 निर्धनतम परिवारों को चिन्हित कर लाभार्थीपरक योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

### नियमित आय से जोड़ने को हो टेक्नालॉजी का उपयोग

मुख्य सचिव ने कहा कि कई सारे देशों ने स्वयं को 'जीरो पॉवर्टी' घोषित किया है। इसमें उन्होंने सोशल सिक्योरिटी को महत्वपूर्ण टूल के रूप में इस्तेमाल किया है, क्योंकि समाज में एक वर्ग ऐसा है, जो नियमित आय से किसी भी तरह से नहीं जुड़ा है। टेक्नोलॉजी के उपयोग से इसका समाधान किया जा सकता है। मलेशिया समेत अन्य देशों में सीवेज को लेकर शेड्यूल बने हुए हैं जहां हर पांच साल में सेप्टिक टैंक को खाली करना होता है। अगर इस तरह का सिस्टम बनाया जाए, तो बड़ी-बड़ी कंपनी इस क्षेत्र में आ सकती हैं।

### आदर्श ग्राम के तौर पर गांवों के विकास में लाएं तेजी : यादव

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के सचिव अमित यादव ने कहा कि अनुसूचित समुदाय की सामाजिक-आर्थिक बेहतरी के लिए जिला व राज्य स्तरीय परियोजनाओं के लिए अनुदान सहायता दी जा रही है। केंद्र की ओर से चल रही अनुसूचित समुदाय बहुल गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सशक्त बनाने व सामाजिक गतिशीलता को बढ़ावा देने में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# जेल से छूटे युवक पर चाकू से हमला, भर्ती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ग्वालटोली थानाक्षेत्र की रविवार रात की घटना
- चार के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ग्वालटोली थानाक्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के जेल से छूटने के बाद विरोधियों ने चाकू से शरीर पर कई वार कर हत्या का प्रयास किया। शोर शराबा सुनकर राहगीर दौड़े तो आरोपी धमकाते हुए मौके से भाग निकले। युवक गंभीर हालत में लहूलुहान अवस्था में थाने पहुंचा जहां पुलिसकर्मियों ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। युवक के परिवारीजनों ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का आरोप और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

ग्वालटोली अहिराना निवासी मोहित पाल ने पुलिस को बताया कि प्रत्यूष गुप्ता से उसकी रंजिश चलती है। प्रत्यूष के परिवार से दो वर्ष पहले उसका झगड़ा हुआ था। मारपीट के बाद उसे हत्या के प्रयास में पुलिस ने जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद आरोप बदला लेने की फिराक में थे और रविवार रात को उसे ग्वालटोली में प्रत्यूष गुप्ता, टोनी यादव, दीपक राइडर और रतन गुप्ता ने घेर लिया। उसे सड़क पर गिराकर पीटने के बाद चाकू से कई वार कर हत्या का प्रयास किया। शोर सुन सड़क पर मौजूद लोग दौड़े तो चारों मौके से भाग निकले। पुलिस ने उसे हैलट में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। घायल की मां ने चारों आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर मामला दर्ज कराया है। इस मामले में एडीसीपी सेंट्रल महेश कुमार ने बताया कि चारों आरोपियों पर हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।


मोहित पाल। अमृत विचार


अटल घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। अमृत विचार


वीर नारी बिमला देवी ने फ्लैग दिखाकर अभियान को रवाना किया। अमृत विचार

# कोलकाता के लिए निकला एनसीसी का नौकायन दल

**अभियान**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भारतीय नदियां-संस्कृतियों की जननी अभियान के तहत अटल घाट से रवाना हुए कैडेट
- गंगा नदी के रास्ते देखेंगे सभ्यता का विकास, युवाओं को देशप्रेम के लिए करेंगे जागरूक

**45** दिन में पूरी होगी कानपुर से कोलकाता की यात्रा
**17** एनसीसी निदेशालय अभियान में किए गए शामिल
**100** किमी औसतन प्रतिदिन सफर करने का लक्ष्य
**1605** किमी की दूरी तय करेगा एनसीसी नौकायन दल
**528** नेवल विंग कैडेट डीके व्हेलर नौकाओं पर सवार

**अमृत विचार।** 'भारतीय नदियां-संस्कृतियों की जननी' अभियान के तहत एनसीसी कैडेट सोमवार को अटल घाट से नौकायन के जरिए कोलकाता के लिए रवाना हुए। इस अभियान के तहत गंगा नदी के रास्ते 1065 किलोमीटर की दूरी 45 दिन में तय की जाएगी। नौकायन दल 20 दिसंबर को कोलकाता के मैन ओ वॉर जेट्टी पहुंचेगा। यह नौकायन अभियान 76 वें गणतंत्र दिवस के मद्देनजर आयोजित किया गया है।

अटल घाट पर हुए समारोह में नौकायन दल को मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं मरणोपरांत कीर्तिचक्र से सम्मानित हवलदार शिव नारायण सिंह की पत्नी वीर नारी बिमला देवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित लांस नायक ज्योति प्रकाश सिंह की पत्नी सीमा सिंह को भी सम्मानित किया गया। अभियान में देश के सभी 17 एनसीसी निदेशालयों के 528 नेवल विंग एनसीसी कैडेट डीके व्हेलर नौकाओं के साथ शामिल हैं।

अभियान के यूपी चरण में 12 अधिकारी और 216 सीनियर विंग नेवल एनसीसी कैडेट शामिल हैं। रोज औसतन 100 किमी का सफर तय करने का लक्ष्य रखा गया है। रात में लगभग 45 स्थानों पर टीम रुकेगी।

प्रयागराज, बनारस, बक्सर व भागलपुर में बड़े हॉल्ट होंगे। नौकायन दल जहां भी रुकेगा उस क्षेत्र के युवाओं को देशप्रेम और वीरता के बारे में जागरुक करेगा। बच्चों को प्रेरक कहानियां सुनाई जाएंगी। अभियान को यूपी, बिहार और झारखंड तथा पश्चिम बंगाल और सिक्किम एनसीसी निदेशालय के तीन प्रमुख चरणों में विभाजित किया गया है। समारोह में मेजर जनरल विक्रम कुमार, एडीजी एनसीसी निदेशालय (यूपी), मेजर जनरल जीआर शनमुगम, एडीजी एनसीसी निदेशालय (गुजरात) और मेजर जनरल एसपी विश्वास राव, एडीजी एनसीसी निदेशालय (दिल्ली) सहित सशस्त्र बलों के जवान मौजूद रहे।

# अधूरे पैचवर्क पर नोटिस, अब निगरानी भी

## नगर निगम ने सड़कों के काम का निरीक्षण किया शुरू, लापरवाही पर दी गई कई ठेकेदारों को नोटिस

**अमृत विचार इंपैक्ट**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बीच-बीच सड़क बनाकर गायब हो रहे ठेकेदार, अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा

**अमृत विचार।** जोन 6 वार्ड 91 शास्त्री नगर में सड़क पैचवर्क में लापरवाही पर नगर निगम ठेकेदार कंपनी द शेल्टर को नोटिस जारी किया है। सड़क की जांच में पाया गया कि ठेकेदार कंपनी ने पैचवर्क मानक के अनुसार नहीं किया। जिससे सड़क पर जगह-जगह बजरी उखड़ने लगी है। इसी तरह वार्ड 54 विनायकपुर में हॉट मिक्स प्लांट के जरिये निर्मित सड़क पर भी लापरवाही बरती गई। यहां ठेकेदार कंपनी माया बिल्डर्स ने कार्य को पूरा ही नहीं किया। जिसपर भी चेतावनी जारी की गई है। नगर निगम ने समय रहते ठेकेदारों को मानक के अनुरूप पैचवर्क और अधूरे कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिये हैं।


नियमों की अनदेखी कर सीसामऊ बड़ा चौराहा पर 2 माह से गहरी सीवर लाइन की खुदी पड़ी सड़क। बैरीकेडिंग तक नहीं लगाई गई। अमृत विचार

शहर में गड्ढामुक्त अभियान चल रहा है। 28 अक्टूबर तक पैचवर्क और नई सड़कों का निर्माण करना है। नगर निगम और पीडब्ल्यूडी अपने हिस्सों की सड़कों को ठेकेदारों के माध्यम से बनवा रहा है। निर्माण कार्य में ठेकेदार लापरवाही बरत रहे हैं। कालपी रोड, फजलगंज से गोविंद नगर मार्ग, शास्त्री नगर समेत कई सड़कों पर अधूरा पैचवर्क किया गया है। कई सड़कों पर तो बिना रोलर चलाए ही गिट्टी और डामर गड्ढों में भर दिया गया जो उखड़ने लगी है। इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से छापा था। जिसके बाद नगर निगम अधिकारियों ने जोनवार कार्यों की मॉनीटरिंग शुरू की है। अधिशाषी अभियंता जोन 6 ने निरीक्षण के दौरान पाया है कि शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क गेट नंबर 1 से सांई चौक तक पैचवर्क मानक के अनुसार नहीं किये गये हैं। जगह-जगह सड़क की बजरी उखड़ रही है। अधिशाषी अभियंता जोन 6 ने ठेकेदार कंपनी द शेल्टर को नोटिस देते हुये मानक के अनुरूप पैचवर्क करने के लिये निर्देशित किया है।


अधूरा पैचवर्क बढ़ा रहा जनता की मुश्किलें

अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा।

### अधूरा छोड़ दिया कार्य

- वार्ड 54 विनायकपुर आवास विकास में हाट मिक्स प्लांट द्वारा सड़क का निर्माण होना था। यहां मकान संख्या जे 354 चौधरी मेडिकल स्टोर से मकान संख्या जे-74 और मकान नंबर जे 372 से मकान नंबर जे 551 के साथ ही जे-726 से 731 तक सड़क का सुधार कार्य होना था। लेकिन, कंपनी माया बिल्डर ने बाकी कार्य तो कर दिया लेकिन 726 से 731 तक सड़क सुधार छोड़ दिया। इसपर अधिशाषी अभियंता जोन 6 ने जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिये हैं। कहा है काम मानक अनुसार न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# दो ग्राम विकास अधिकारियों का वेतन रोका

**कानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने विकास भवन में समीक्षा बैठक की। विकास अधिकारी पुनीत मिश्रा, ग्राम विकास अधिकारी राहुल अवस्थी बैठक से गैर हाजिर रहे जिनका वेतन रोकने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ने दिये हैं।

सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने पंचायती राज विभाग एवं जिला लेखा परीक्षा विभाग के अधिकारियों एवं सहायक विकास अधिकारियों के साथ सचिवों की मौजूदगी में बैठक की। लेखा परीक्षा वर्ष 2016-17 के कुल प्रस्तर 145 के सापेक्ष की समीक्षा की गई तो पता चला कि 5 प्रस्तर पीआरसी द्वारा निस्तारित किया जा चुका है जबकि 140 प्रस्तरों में 39 प्रस्तरों की परिपालन आख्याएं संबंधित सचिवों द्वारा प्रेषित नहीं की गई हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने ऐसे सचिवों का वेतन कार्य पूरा होने तक रोकने के निर्देश दिये हैं।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ 25 को कांफ्रेंस

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पदाधिकारी मदरसा जामे उलूम में कांफ्रेंस में जुटेंगे

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन बिल के विरोध में शहर के ऐतिहासिक मदरसा जामे उलूम पटकापुर में 25 अक्टूबर को तहफ्फुज औकाफ कांफ्रेंस आयोजित करने की घोषणा की है। इस कांफ्रेंस में पर्सनल लॉ बोर्ड के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य शिरकत करेंगे। अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी करेंगे।

आयोजक मदरसा जामे उल उलूम के मोहतमिम मोहीउद्दीन खुसरू ताज ने बताया कि मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर में 25 अक्टूबर को शाम 6 बजे से तहफ्फुजे औकाफ कान्फ्रेंस होगी। इसमें पर्सनल ला बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी, जामिया अरबिया हथौरा बांदा के मौलाना सैयद हबीब अहमद बांदवी, दारूल उलूम नदवतुल उलेमा लखनऊ के मौलाना सैयद जाफर मसूद नदवी और मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के कार्यकारिणी सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली आएंगे। केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश वक्फ संशोधन बिल पर संयुक्त संसदीय समिति राय ले रही है। पर्सनल लॉ बोर्ड की अपील पर करीब सवा करोड़ लोगों ने समिति से विरोध जताया है। बोर्ड पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों से मिलकर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ समर्थन हासिल कर चुका है। अब जनता के बीच जाकर गुजारिश कर रहा है कि वक्फ संशोधन बिल का बायकाट करें।

# व्यापारी के घर चोरी की नहीं दर्ज की गई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शनिवार देर रात गोल चौराहे के पास हुई थी घटना
- पीड़ित ने थाने में दी तहरीर, घटना सीसीटीवी में कैद

**अमृत विचार।** काकादेव थानाक्षेत्र के गोल चौराहे के पास रहने वाले नारियल पानी व्यापारी के घर से चोरों ने करीब दो लाख का माल पार कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डॉयल-112 पुलिस ने छानबीन की और पीड़ित को थाने भेज दिया। अब तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की। जबकि घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हुई है।

गोल चौराहा के पास प्लाट नंबर 701 निवासी सोनू सोनी रावतपुर स्टेशन के पास नारियल पानी का व्यापार करते हैं। पीड़ित ने बताया कि वह शनिवार रात दुकान बंद कर घर आया और सो गया। रात करीब तीन बजे घर का दरवाजा खुला देखा। अंदर जाकर देखा कि चोर बक्से का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण व तीस हजार रुपये नगद ले गए थे। पीड़ित ने रात में पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। डॉयल-112 नंबर की पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से पूछताछ की। पीड़ित ने बताया कि घर के पास लगे सीसीटीवी में घर से बाहर निकलते हुए चोर की फुटेज कैद हुई है फिर भी पुलिस रिपोर्ट नहीं दर्ज कर रही है।

# वर्ल्ड बैंक की टीम ने मेट्रो की जानी हकीकत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूरोपियन इंवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के दोनों कॉरिडोर का दौरा किया। वर्ल्ड बैंक मुख्यालय लक्जमबर्ग से आई 2 सदस्यीय टीम ने कानपुर मेट्रो के दोनों सेक्शन पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। टीम ने पहले रावतपुर स्थित कॉरिडोर का निरीक्षण किया। इस मौके पर यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार भी मौजूद रहे।

ईआईबी का प्रतिनिधिमंडल आगरा मेट्रो के दौरे को पूरा करने के बाद गुरुदेव चौराहा स्थित कानपुर मेट्रो डिपो पहुंचा। यहां उन्होंने यूपीएमआरसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और निर्माण कार्यों में हुए अब तक की प्रगति का जायजा लिया। बैठक समाप्त होने के बाद प्रतिनिधिमंडल ने दोनों कॉरिडोर के विभिन्न निर्माण स्थलों का दौरा किया। इसके बाद टीम ने बड़ा चौराहा, नवीन मार्केट, सीएसए और सेंट्रल स्टेशन अंडरग्राउंड सेक्शन का निरीक्षण किया। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना की कुल परियोजना लागत लगभग 11,076 करोड़ रुपये है। यूरोपीयन इंवेस्टमेंट बैंक (ईआईबी) कानपुर मेट्रो रेल परियोजना की फंडिंग के लिए लगभग 650 मिलियन यूरो की वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। ईआईबी से मिल रही फंडिंग के अलावा शेष फंडिंग सरकारों द्वारा की जा रही है। इस फंड का उपयोग निर्माण कार्यों में किया जा रहा है, इसके लिए टीम ने दौरा किया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि ईआईबी की मदद से हम निर्धारित समय सीमा से पहले 9 किमी लंबे प्रॉयरिटी कॉरिडोर पर राजस्व सेवाएं शुरू करने में सक्षम हुए थे।


मेट्रो निर्माण का निरीक्षण करती टीम। अमृत विचार

### हरबंश मोहाल के लोगों ने किया विरोध

- टीम आने की सूचना पर हरबंश के स्थानीय लोग और क्षेत्रीय पार्षद रावतपुर स्थित मेट्रो डिपो पहुंच गए। वहां वर्ल्ड बैंक की टीम के सामने लोगों ने विरोध किया। इस पर वर्ल्ड बैंक की टीम ने समस्याएं सुनीं, लेकिन दोनों ही तरफ से लैंग्वेज प्रॉब्लम होने की वजह से टीम ने मेट्रो अधिकारियों को इनकी बात सुनने के निर्देश दिए।

# केवाईसी नहीं कराने वाले राशन दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**कानपुर।** नगर के सभी राशन कार्ड धारकों को केवाईसी कराना जरूरी है। जो राशन दुकानदार केवाईसी नहीं करवा रहे हैं, उन पर जुर्माना लगाया गया है।

जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 18 अक्टूबर को खाद्य क्षेत्र नवाबगंज के 5 उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-केवाईसी के कार्य में रुचि नहीं लिये जाने पर जगमोहन लाल द्विवेदी, अरुण कुमार सिंह, मालती शुक्ला, अभिषेक वर्मा पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपना नाम आदित्य गौड़ से बदलकर नया नाम आदित्य कुमार गौड़ कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। **आदित्य कुमार गौड़ पुत्र अशोक कुमार गौड़ निवासी 614/226 प्रीती नगर सीतापुर रोड लखनऊ**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **प्रवीन चंद्र** S/O **राम शंकर गुप्ता मेरा भूखंड संख्या सी-2/468 विभवखंड गोमती नगर लखनऊ** का मूल आवंटन पत्र खो गया है अब से इसका उपयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध होगा। यदि किसी को मिले तो **संपर्क करें -9450447501**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम मो0 सैफ (Mohd Saf) से बदलकर मो0 सैफ राजा (Mond Saif Raza) नाम रख किया है। अब मुझे इसी नाम जाना व पहचाना जाय। **पुत्र-मो0 इलयास, पता- सोफियाना रूदौली, फैजाबाद उ0प्र0**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ASHISH MITTAL S/O RAKESH KUMAR MITTAL **निवासी-मोहल्ला काजीपुरा दक्षिणी थाना कोतवाली नगर जनपद बहराइच उ0प्र0** था। जो कि दिनांक 20.09.2024 को मैने अपना नाम बदलकर ASHISH KUMAR MITTAL S/O RAKESH KUMAR MITTAL रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय।

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपना नाम जैद खान से बदल कर जय सिंह आर्य रख लेता है। अब मुझे जय सिंह आर्य के नाम से जाना, पहचाना व समझा जाये। **जय सिंह आर्य पुत्र अब्दुलबहाव खान, निवासी-पिपरा मिल शहर, थाना हरगांव, जिला-सीतापुर उ0प्र0**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Mohammad Salman से बदलकर Mohd Salman रख लिया! अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये! S/o -Jameel Ahmad, Add-Katra bansa, Distt- Barabanki (U.P.)

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गोमती नदी जल क्षेत्र वि0खं0 बाजार शुक्ल ग्राम पंचायत माँझगांव से पाली तक 8 किलोमीटर नई समिति का गठन हेतु दिनांक 23/10/2024 वि0खं0 बाजार शुक्ल में दक्खिन गांव क्यार ओम प्रकाश निषाद फौजी के दरवाजे पर समय 12:00 बजे एक बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें सभी ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व अधिकारीगण सादर आमंत्रित हैं।
मुख्य प्रवर्तक
**उदय राम निषाद**
ग्राम- दक्खिनगांव क्यार पोस्ट- बाजार शुक्ल वि0खं0- बाजार शुक्ल
तहसील- मुसाफिरखाना जनपद- अमेठी

**गतिरोध** कैंट और सिटी साइड में 3 धर्म स्थलों के कारण निर्माण कार्य हो रहा बाधित

# सेंट्रल स्टेशन के री-डेवलपमेंट में आई अड़चन देखी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर री-डेवलपमेंट के जरिए विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने में कई अड़चनें आ रही हैं। इनके समाधान के लिए सोमवार को उत्तर मध्य जोन के वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्य प्रबंधक हिमांशु शुक्ला ने कैंट और सिटी साइड का निरीक्षण किया।

दरअसल, कैंट छोर पर एक और सिटी साइड में स्थित दो धर्म स्थल रेलवे हटाना चाहता है, इनके कारण काम बाधित है। लेकिन बाधा हट नहीं पा रही। कैंट छोर पर धर्म स्थल के कारण 500 केवीए क्षमता का विद्युत सबस्टेशन नहीं बन पा रहा है। धर्म स्थल हटाए जाने की जानकारी पाकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता जीआरपी थाना पहुंच गए। निरीक्षण में सहायक वाणिज्य प्रबंधक संतोष त्रिपाठी और इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारी शामिल रहे।



सेंट्रल स्टेशन पर ट्रांसपोर्टर्स एवं व्यापारियों के साथ बैठक करते रेलवे के सीनियर डीसीएम हिमांशु शुक्ला। अमृत विचार

### सीपीसी गोदाम में बढ़ेंगी सुविधाएं

वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्य प्रबंधक ने सीपीसी रेलवे गोदाम के व्यापारियों एवं ट्रांसपोर्टर्स के साथ बैठक में जोर दिया कि गोदाम से माल की लदान ज्यादा कराएं। अभी कानपुर से सिर्फ चावल असम के लिए लोड होता है। व्यापारियों एवं ट्रांसपोर्टर्स ने कहा कि सीपीसी रेलवे गोदाम सबसे ज्यादा राजस्व देता है, लेकिन इसके बाद भी गोदाम में कोई सुविधा नहीं है। वरिष्ठ मंडलीय वाणिज्य प्रबंधक ने जल्द सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आशवस्त किया। बैठक में कानपुर लोकल ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष अब्दुल वहीद, विनोद शंकर त्रिपाठी, अरुण, पवन भरतिया, इश्तियाक अहमद रहे।

# किशोरी ने पीया तेजाब, इलाज के दौरान मौत

**कानपुर।** बिठूर थानाक्षेत्र के मकसूदाबाद निवासी प्रदीप कुमार की पुत्री निधि कमल ने 25 सितंबर को पिता की डांट से क्षुब्ध होकर तेजाब पी लिया था। परिजनों ने निधि को हैलट में भर्ती कराया था। सोमवार सुबह निधि की इलाज के दौरान मौत हो गई।

पिता प्रदीप ने बताया कि बेटी रंजना, बेटे करन से निधि सबसे छोटी बेटी थी। जरा सी डांट से क्षुब्ध होकर उसने इतना बड़ा कदम उठा लिया। बेटी की मौत के बाद मां किरन का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसान मौत की वजह साफ न होने पर डॉक्टर ने बिसरा सुरक्षित किया।

# थानेदार ने पत्नी को गिफ्ट देने के लिए चोरी का सोना हड़पा

○ रेलबाजार एसओ की करतूत, दरोगा, सिपाहियों के साथ सस्पेंड किए गए ○ घाटमपुर पुलिस ने भी व्यापारी से की वसूली, दो निलंबित किए गए, वसूली की रिपोर्ट दर्ज

**7 निलंबित**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पत्नी को करवाचौथ पर गिफ्ट देने के लिए रेलबाजार थानेदार विजय दर्शन शर्मा ने सहकर्मियों के साथ एक चोर से चोरी का सोना बरामद कर हड़प लिया। बरामद जेवरों को गलवाकर पार कर दिया। मामले में रेल बाजार थाना प्रभारी, एक दरोगा, दो पुलिसकर्मी निलंबित कर दिए गए। इसके अलावा घाटमपुर में एक व्यापारी से 50 हजार वसूली में चौकी इंचार्ज और एक दरोगा को सस्पेंड किया गया है। एक अन्य मामले में बरामद युवती से अश्लीलता में फेथफुलगंज चौकी इंचार्ज को निलंबित किया गया है। अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर ने बताया कि सातों पुलिसकर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच बैठाकर घाटमपुर कोतवाली के कस्बा चौकी इंचार्ज व उपनिरीक्षक के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। अन्य

- ▸▸ युवती से अश्लीलता में चौकी इंचार्ज निपटा, सभी के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू
- ▸▸ पुलिस कमिश्नर और एडिशनल सीपी के संज्ञान में आने पर हुई कार्रवाई


विजय दर्शन शर्मा।


आमिल हाफिज।

दागी पुलिसकर्मियों को भी चिहिन्त किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार रेल बाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा और सिपाही कारखास आमिल हाफिज ने 25 जनवरी को एक वारंटी मिराज खान को हिरासत में लिया और थाने ले आए। उससे बर्रा में बीएसएफ जवान के घर हुई लाखों की चोरी में सोना बरामद कर उसे छोड़ दिया। चर्चा होने के बाद तत्कालीन एसीपी छावनी अंजली विश्वकर्मा ने मामले की जांच की। एसीपी की जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई नहीं हुई थी। चोरी का लाखों रुपये का सोना हड़पने के मामले में अब जांच में थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा दोषी पाए गए। जांच में पता चला है कि विजय दर्शन ने करवा चौथ पर अपनी पत्नी को सोना गिफ्ट करने के लिए कारखास आमिल हाफिज, अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर नवीन श्रीवास्तव और हेड कांस्टेबल सुभाष तिवारी के साथ मिलकर चोर से लाखों रुपये का सोना हड़प लिया। चोर से छीने लाखों रुपये के सोने के जेवर गलवा दिए गए थे।

मामले में थाना प्रभारी रेलबाजार, कारखास, अंडर ट्रेनिंग सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया। साथ ही चारों पर विभागीय जांच बैठा दी गई। विजय दर्शन फर्जी मुठभेड़ के मामले में दो वर्ष तक जेल में रहे हैं। आरोप है कि विजय दर्शन ने ट्रेनी दरोगा होने पर ही प्रमोशन के लालच में एक जिम ट्रेनर को नोएडा में अपनी तैनाती के दौरान गोली मार दी थी।

## चौकी इंचार्ज ने की युवती से अश्लीलता

**कानपुर।** रेलबाजार थाने के फेथफुलगंज चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह बैड टच के मामले में लाइन हाजिर किए गए थे, लेकिन मामला अधिकारियों की जानकारी में आते ही उन्हें भी सोमवार को निलंबित कर दिया गया। फेथफुलगंज चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह पर गंभीर आरोप लगा कि वह मुंबई से एक युवती को बरामद करके ला रहे थे, इस दौरान रास्ते में अश्लीलता की सारी हदें पार कर दीं। रेल बाजार निवासी युवती के परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बाद में जानकारी हुई कि युवती ने दूसरे संप्रदाय के युवक से शादी कर ली है। दोनों की लोकेशन मुंबई में मिली और चौकी प्रभारी

● फेथफुलगंज चौकी इंचार्ज की शर्मनाक हरकत, अफसरों ने सस्पेंड किया


गजेंद्र सिंह।

गजेंद्र सिंह उसकी बरामदगी के लिए टीम के साथ मुंबई रवाना हो गए। वहां युवती को बरामद कर वापस लौट रहे थे। रास्ते में चौकी इंचार्ज गजेंद्र सिंह साथ गई महिला सिपाहियों को हटाकर खुद युवती के बगल में बैठ गए और छेड़छाड़ करने के साथ ही अश्लीलता की। वापस आने पर जब महिला सिपाहियों ने चर्चा की तो मामला खुला।

इस मामले में अधिकारियों ने चौकी इंचार्ज को निलंबित कर विभागीय जांच बैठा दी है।

## गांजा तस्करी में लापरवाही, चौकी प्रभारी हटाया गया

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में काजीखेड़ा और लालबंगला में गांजा तस्करी को लेकर आए दिन होने वाले विवादों को हल्के में लेना चकेरी चौकी प्रभारी आदेश कुमार यादव को भारी पड़ गया। कार्रवाई न करने पर डीसीपी पूर्वी ने उसे लाइन हाजिर कर दिया।

चकेरी के काजीखेड़ा और लाल बंगला में गांजा तस्करी को लेकर बमबाजी और फायरिंग की घटनाएं हो चुकी हैं। 15 अगस्त को लाल बंगला में गांजा तस्करी को लेकर दो पक्षों में मारपीट और फायरिंग हुई थी। वहीं काजीखेड़ा में गांजा तस्करी को लेकर सब्जी विक्रेता रोहित गौतम को बुग्गा ने गोली मार दी थी। चकेरी चौकी प्रभारी आदेश यादव ने कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया था।

## व्यापारी से 50 हजार वसूले, एफआईआर

**कानपुर।** घाटमपुर कोतवाली के बसंत विहार में मंडी समिति के पास निवासी उदय प्रकाश साहू मोमबत्ती व्यापारी हैं। वह र घर में ही मोमबत्ती बनाकर बेचते हैं। उन्होंने आलाधिकारियों को बताया कि को दो पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में घर आए और जांच करने लगे। घर का वीडियो बनाकर फोटो भी खींचीं। वह घर के बाहर थे। पुलिस वालों ने उन्हें फोन कर चौकी में बुलाया। चौकी पहुंचने पर पुलिस कर्मियों ने मोबाइल ले लिया।


आशीष कुमार।

लाइसेंस न होने की बात कहकर घर सीज करने और माल जब्त करने की धमकी दे डाली। उनसे 50 हजार रुपये की मांग की गई। घर में रुपये न होने पर उन्होंने किसी तरह से 30 हजार रुपये का प्रबंध कर लिया। इसके बाद 20 हजार रुपये एक खाते में डलवाए। रुपये लेने के बाद उन्हें जाने दिया गया। उदय ने आदर्श व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष से शिकायत की। उन लोगों ने शिकायत घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार से की। एसीपी जांच कर रहे थे, इसी बीच सोमवार को चौकी इंचार्ज कस्बा घाटमपुर आशीष कुमार चौधरी और सब इंस्पेक्टर अनुज नागर को निलंबित कर दिया गया। एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि दरोगा सहित तीन के खिलाफ वसूली की रिपोर्ट दर्ज कर विभागीय जांच भी बैठा दी गई है।

---

**आज का मौसम**

आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 34.4° | 20.7° |
| सूर्योदय 06 : 12 | सूर्यास्त 05 : 34 |

**एक नजर**

### वाहन चोरों को भेजा जेल

**कानपुर।** बर्रा पुलिस ने दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों में हनी उर्फ मोहम्मद हनी निवासी मंगला विहार सनिगवां और लाल बंगला चौकी के पास रहने वाला वीरू हैं। आरोपियों के पास से चोरी की बाइक बरामद हुई है। जिसे प्रिया अस्पताल के सामने से चोरी किया था।

### घरेलू सिलेंडर से लगी आग

कानपुर। हनुमंत विहार थाना क्षेत्र में घरेलू सिलेंडर में आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने सिलेंडर घर से बाहर निकाल कर बड़ा हादसा होने से रोक लिया और आग पर काबू पाया।

## हेड कांस्टेबल से दुष्कर्म में जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ● सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में रविवार रात हुई घटना
- ● करवाचौथ पर छुट्टी लेकर घर लौट रही थी पीड़िता

**अमृत विचार।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में अयोध्या में तैनात महिला हेड कांस्टेबल छुट्टी लेकर करवा चौथ त्योहार मनाने के लिए रविवार रात घर आ रही थी। इस दौरान गांव बुधेड़ा निवासी कल्लू उर्फ धर्मेन्द्र ने रात में रास्ते में उसे मारापीटा और और दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।


आरोपी कल्लू।

> आरोपी कल्लू उर्फ धर्मेंद्र को गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया है।
>
> –मनोज कुमार पांडेय, एडीसीपी दक्षिण

जिला अयोध्या में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात 26 वर्षीय महिला ने दर्ज एफआईआर में बताया कि करवा चौथ पर पूजा करने के लिए वह शनिवार शाम 7 बजे सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के एक गांव स्थित घर आ रही थी। रास्ते में कल्लू उर्फ धर्मेन्द्र निवासी बुधेड़ा सेन पश्चिम पारा उसे घसीटते हुए खेत में ले गया और बाल पकड़कर घसीट कर गिरा दिया। वह पीटने लगा और दुष्कर्म किया। उसने आत्मरक्षा करते हुए आरोपी की अंगुली अपने दांतों से काट ली। इस दौरान मारपीट में उनका दांत टूट गया। इस संबंध में सेन पश्चिम पारा इंस्पेक्टर गौतम सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर कल्लू उर्फ धर्मेंद्र निवासी बुधेड़ा सेन पश्चिम पारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीड़िता का मेडिकल करा दिया गया है, अब बयान दर्ज किए जाएंगे।

**पाली में उतरी, फिर पैदल घर जा रही थी**

- महिला हेड कांस्टेबल ने पुलिस अधिकारियों को आपबीती में बताया कि इन दिनों सुल्तानपुर में ड्यूटी लगी है। शनिवार को ड्यूटी से छुट्टी लेकर वह घर के लिए निकली। वह नरवल के पाली में उतरकर अपनी ससुराल थाना सेन पश्चिम पारा को पैदल जा रही थी। आरोपी पहले से घात लगाए बैठा था।

**इन धाराओं में मामला दर्ज**

- इंस्पेक्टर के अनुसार आरोपी कल्लू के खिलाफ 115(2) स्वेच्छा से चोट पहुंचाने के अपराध के लिए सजा, (76) महिला पर हमला करना या आपराधिक बल का प्रयोग करके उसे कपड़े उतारने के लिए मजबूर करना, (64) महिला को जान से मारने या गंभीर चोट पहुंचाने की धमकी देकर बलात्कार करना, 351(2)धमकाने, (117 स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना) की बीएनएस की धारा में मामला दर्ज किया गया है।

## प्रत्याशियों के शपथ पत्र नगर निगम में चस्पा होंगे

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव के लिए प्रत्याशियों की ओर से दिए शपथ पत्र एवं नामांकन प्रपत्र नगर निगम में चस्पा किए जाएंगे ताकि जनता उन्हें देखकर प्रत्याशियों के बारे में जानकारी हासिल कर सके।

नामांकन प्रक्रिया अपर नगर मजिस्ट्रेट तीन के कार्यालय में चल रही है। नामांकन 25 अक्टूबर तक होगा। विधानसभा के रिटर्निंग अफसर एवं अपर नगर मजिस्ट्रेट तीन ने ईआरओ बनाए गए नगर निगम के जोन चार के जोनल अधिकारी को पत्र भेजा है और कहा है कि नामांकन करने वाले संभावित प्रत्याशियों द्वारा प्रारूप 26 पर दिए जाने वाले शपथ पत्र एवं नामांकन प्रपत्र को उनके कार्यालय से दोपहर तीन बजे तक प्राप्त करें। उसे नगर निगम जोन चार कार्यालय के बाहर चस्पा करें ताकि आम जनमासम उससे अवगत हो सकें।

## बोट क्लब में 26 से रोमांचक बोटिंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहरवासियों के लिए खुशखबरी है। गंगा बैराज के पास बनाए गए बोट क्लब में 26 अक्टूबर से एक बार फिर लोग रोमांचित करने वाली बोटिंग कर सकेंगे। यहां बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन और बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। बोट क्लब की नव नियुक्त संचालन कंपनी के निदेशक वीरेंद्र नेगी ने ये जानकारी दी।

सोमवार को बोट क्लब प्रशासनिक समिति के सचिव प्रशासन, एडीएम सिटी डा. राजेश कुमार, सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने बोट क्लब का निरीक्षण किया। एडीएम सिटी ने बताया कि अब बोट क्लब का संचालन जे.टी.एन. कंपनी करेगी। जिसे उत्तराखंड के टिहरी जलाशय में इसी प्रकार की गतिविधियों के संचालन का बड़ा अनुभव है। अपर जिलाधिकारी ने संचालकों को निर्देश दिए कि पर्यावरण संरक्षण तथा गंगा नदी की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों को नदी तट की सफाई के निर्देश दिए गए। सचिव जल क्रीड़ा नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही नदी तटीय बच्चों को जल क्रीड़ा का प्रशिक्षण भी आरंभ होगा।


बोट क्लब का निरीक्षण करते अधिकारी । अमृत विचार

- ● नदी तटीय बच्चों को जल क्रीड़ा का प्रशिक्षण भी आरंभ होगा
- ● बच्चों के लिए टॉय ट्रेन, वृद्धों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था

**ये मिलेंगी सुविधाएं**

- समुद्री तटों पर मिलने वालीं विभिन्न प्रकार की रोमांचक बोट, लहरों से अठखेलियां करने वाली जेट स्की, ड्रैगन बोट ,परिवार के साथ राइड लेने वाली पैन्टून बोट कुल 10 बोट उपलब्ध हैं। बोटिंग के लिए किसी को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा मौसम के अनुसार कैफेटेरिया में बैठने की व्यवस्था के साथ उच्च स्तरीय गुणवत्ता वाले व्यंजनों का स्वाद भी मिलेगा।

**जाम का झाम**


अति व्यस्त नेशनल हाइवे जीटी रोड का यह हाल देखिए। कल्याणपुर में जीटी रोड पर सोमवार दोपहर भीषण जाम लगा रहा। सैकड़ों वाहन और हजारों राहगीर जाम में फंसे रहे। आटो-टेंपो, ईरिक्शा की सड़कों पर अराजकता से जाम और फैलता चला गया। इधर-उधर से निकलने के जुगाड़ में तमाम वाहन आड़े-तिरछे घुस गए और समस्या बढ़ा दी। अमृत विचार

## नया साल-नई भाजपा, बदलेगा संगठन

विशेष संवाददाता, कानपुर

- ● किसी दलित नेता को सौंपी जा सकती है प्रदेश की कमान
- ● 2027 के विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी तेज

**अमृत विचार।** भाजपा में संगठन चुनाव की प्रक्रिया अगले माह शुरू हो जाएगी। ऐसे कयास हैं कि नये साल में पार्टी का ढांचा आमूल-चूल बदल जाएगा। माना जा रहा है कि प्रदेश की कमान किसी दलित नेता को सौंपी जा सकती है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में भी व्यापक परिवर्तन के संकेत हैं। नयी टीम 2027 के विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत गठित की जाएगी। सबसे पहले बूथ स्तर पर ढांचा खड़ा किया जाएगा फिर मंडल, जिला व क्षेत्र का नंबर आएगा।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में 17 जिला इकाइयां, 254 मंडल, तथा 20,884 बूथ हैं। कानपुर उत्तर जिला में 1258 बूथ और 14 मंडल हैं। दक्षिण जिला में 1169 बूथ और 13 मंडल हैं। कानपुर देहात में 1215 बूथ तथा 16 मंडल हैं। इनमें चुनाव होना है। चुनाव प्रक्रिया की तैयारी के साथ संगठन की कमान सौंपने को लेकर संभावित नाम चर्चा में हैं। भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान 30 को समाप्त हो जाएगा। इसी के साथ संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बूथ, मंडल और जिला संगठन के बाद प्रदेश अध्यक्ष चुना जाएगा। दिसंबर तक सभी जिला इकाइयों के अध्यक्ष चुन लिए जाएंगे। इसके बाद कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के पदाधिकारी फिर नए साल में प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। सोमवार को दिल्ली में हुई बैठक में यूपी से शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री (संगठन) और चुनाव अधिकारी संगठन को चुनाव का एजेंडा सौंप दिया गया है। भाजपा नेताओं की माने तो पहली बार प्रदेश में संगठन की कमान किसी उर्जावान दलित नेता को दी जा सकती है। इसे लेकर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, पूर्व सांसद रामशंकर कठेरिया, दिनेश खटिक और विनोद सोनकर के नामों की चर्चा संगठन स्तर पर है। 2022 विधानसभा चुनाव में बसपा के दलित वोट बैंक में भाजपा की सेंधमारी चर्चा में रही थी। लेकिन लोकसभा चुनाव में दलित वोट सपा और कांग्रेस गठबंधन के पक्ष में खिसक गया था। दलित वोट को पार्टी के पक्ष में लामबंद करने के लिए ही दलित नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की चर्चा है।

## पॉलीटेक्निक का 20 और इकाइयों के साथ एमओयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● छात्रों को प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और रोजगार मिलने का खुला रास्ता

**अमृत विचार।** पॉलीटेक्निक छात्रों को इंटर्नशिप और रोजगार उपलब्ध कराने के लिए संस्थान ने 20 और औद्योगिक इकाइयों के साथ एमओयू किया है। पॉलीटेक्निक का अभी 29 औद्योगिक इकाइयों के साथ समझौता है, जिनमें युवाओं को अत्याधुनिक मशीनों और उत्पादन की कार्यप्रणाली समझने का मौका मिलता है। प्राचार्य मुकेश चंद्र आनंद ने बताया कि यह पहली बार है, जब एक ही सत्र में संस्थान में 20 या उससे अधिक एमओयू साइन हुए हैं। इससे छात्रों को अलग-अलग सेक्टर की कंपनियों में शिक्षण-प्रशिक्षण और रोजगार की सुविधा मिलेगी। संस्थान की 9 और कंपनियों से बातचीत चल रही है। जल्द ही इन कंपनियों के साथ भी एमओयू साइन किए जा सकते हैं।

**इन इकाइयों से एमओयू**

- साटा विकास ग्रुप, इंडियन पेस्टिसाइड्स लिमिटेड, सेफिएस्ट लिमिटेड, लोहिया ग्रुप ऑफ कॉरपोरेशन, बीटीपीएस लिमिटेड, सोफकोन प्राइवेट लिमिटेड, एसवी इंफोटेक, आईटीबीपी प्राइवेट लिमिटेड, स्कोरटेक इंडिया, विनायक इंजीनियरिंग वर्क्स, श्री गंगा कूलिंग सल्युशन, केएनआईटी प्राइवेट लिमिटेड, वंदे भारत सोलर सल्यूशन, इनोवेशन कम ल्वाइंटली, कांति इंफ्राबुल्ड तथा विष्णु शरण प्राइवेट लिमिटेड।

**हेल्थ अलर्ट** हैलट में 5 मरीजों की किडनी में मिला संक्रमण, जीएसवीएसएस पीजीआई में 6 को किया भर्ती

## वायरल बुखार, दस्त से किडनी को खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मौसम में बदलाव की वजह से अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। वायरल बुखार लोगों के नाक, गला व पेट पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। ऐसे में बुखार के साथ अधिक दस्त होने पर पीड़ितों की किडनी तक प्रभावित हो रही है और भर्ती करने की नौबत आ रही है।

हैलट अस्पताल के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में सोमवार को वायरल बुखार से पीड़ित 90 मरीज पहुंचे। इनको गले में खराश, सिर व आंखों के पास दर्द, आवाज में भारीपन, खांसी, जुकाम व पेट दर्द की शिकायत थी। वायरल बुखार के साथ ही दस्त के मरीज गंभीर स्थिति में इलाज कराने पहुंचे। ओपीडी में डॉक्टरों ने गंभीर मरीजों की ब्लड, किडनी व लिवर की जांच कराई। 6 मरीजों की किडनी में संक्रमण पाया गया।

जीएसवीएसएस पीजीआई के सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पीजीआई के नेफ्रोलॉजी विभाग की ओपीडी में 5 मरीज ऐसे पहुंचे, जिनको अधिक दस्त की वजह से पेट में तेज दर्द होने के साथ शरीर में कमजोरी की समस्या थी। नेफ्रोलॉजिस्ट चिकित्सक ने उन्हें तत्काल भर्ती किया।

नेफ्रोलॉजिस्ट (गुर्दा रोग) चिकित्सक ने बताया कि डायरिया की वजह से शरीर का पानी बाहर निकल जाता है, जिससे किडनी काम करना बंद कर देती है। इसके अलावा दस्त को रोकने के लिए कई बार लोग बिना डॉक्टर की सलाह पर पेन किलर या एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन कर लेते हैं, जिससे समस्या और बढ़ जाती है। ऐसी अवस्था में एक्यूट किडनी फेलियर भी हो सकता है।

**क्रॉनिक किडनी फेलियर के कारण**

- नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.स्रबाभौम त्रिपाठी ने बताया कि क्रानिक किडनी फेलियर में किडनी धीरे-धीरे खराब होती है। यह समस्या अब आम होती जा रही है। इसकी वजह खराब खानपान, खराब जीवनशैली, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, किडनी स्टोन डिजीज, क्रोनिक लेमिनोअफ्राइटिस, क्रोनिक इंटेस्टिनल अफ्राइटिस आदि हो सकता है।

**इस तरह हो सकता बचाव**

- ○ हर साल यूरीन और ब्लड टेस्ट जरूर कराएं।
- ○ बिना डॉक्टर की सलाह दवाओं का सेवन न करें।
- ○ डायरिया होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
- ○ स्मोकिंग और शराब का सेवन बंद कर दें।
- ○ स्वास्थ्य व पोषणयुक्त भोजन का सेवन करें।
- ○ गर्मी हो या सर्दी पानी अधिक मात्रा में पियें।
- ○ नमक का सेवन कम मात्रा में करें।

## पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ देंगे धर्म शिक्षा

**कानपुर।** प्रखर प्रेरक वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ मंगलवार को पनकी धाम में आयोजित संन्यासी वृत्ति संस्कार समारोह में वह धर्मावलंबियों व युवा पीढ़ी के सामने विचारों रखते हुए धर्म की शिक्षा देंगे। इस कार्यक्रम में 21 जातियों के 30 सहोदर (भाई) सशस्त्र संन्यास लेंगे।

शिवशक्ति आर्मी के चीफ मधुराम शरण शिवा जी के नेतृत्व में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संयोजक पीयूष ने बताया कि हिंदू समाज की एकता के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में हनुमान गढ़ी अयोध्या धाम के महंत राजूदास महाराज, महाकाल उज्जैन के महामंडलेश्वर योगीराज रामेश्वर दास जी, महाराष्ट्र महंत कालीचरण महाराज के साथ पंजाब से साध्वी प्रियंका भी आएंगी।

## पार्षद ने दी अनशन पर बैठने की चेतावनी तो दौड़े आए अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जुही बम्बुरहिया व गढ़ा में मेट्रो कार्य की वजह से क्षतिग्रस्त सीवर और पेयजल लाइन के चलते जल भराव के कारण पार्षद शालू कनौजिया ने आमरण अनशन की चेतावनी दी। इस पर जलकल जोन 3 के अधिकारी पहुंचे।

अधिशासी अभियंता रामेंद्र पांडे, अवर अभियंता राजकुमार पटेल, मेट्रो का कार्य कर रही फर्म सेम इंडिया ने पार्षद पति सुनील कनौजिया के साथ समस्या का निरीक्षण किया।

पाया गया कि बस्ती की सीवर लाइन ऊंची होने की वजह से ओवरफ्लो की दिक्कत है। मेट्रो के डिप्टी चीफ इंजीनियर बृजेश वर्मा व रामेंद्र पांडे के मध्य मोबाइल पर हुई वार्ता के बाद सीवर भराव दूर करने और गढ़ा व बम्बुरहिया की सीवर लाइन बस्ती की सीवर लाइन के लेवल पर डालने की सहमति बनी। पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने कहा कि यदि 24 घंटे में समस्या निराकरण के लिए काम नहीं शुरू हुआ तो वह आमरण अनशन करेंगी।


मौके पर निरीक्षण करते अधिकारी व पार्षद पति सुनील कनौजिया। अमृत विचार

● जुही बम्बुरहिया व गढ़ा में जल भराव की समस्या

# शहीद पुलिसकर्मियों को किया नमन

## पुलिस स्मृति दिवस पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में याद किया, पुलिस-प्रशासन के आला अफसर जुटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर गांधी भवन फूलबाग में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीद पुलिसकर्मियों की वीरता और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य आकर्षण के रूप में एक लाइट और साउंड शो प्रस्तुत किया गया, जो देशभक्ति की भावना से परिपूर्ण था। इसके साथ ही, एक संगीतमय कार्यक्रम भी हुआ, जिसमें देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को भावनात्मक बना दिया। कार्यक्रम ने शहीद पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने के साथ ही उनके बलिदान की अमर गाथा को पुनः जीवित किया गया। 2 मिनट का मौन धारण किया गया।


शहीदों के लिए दो मिनट का मौन रखते पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, एडीजी आलोक सिंह, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अपने भाषण में शहीद पुलिसकर्मियों के साहस और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका त्याग देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

**बहादुर पुलिसकर्मियों को याद किया:** राष्ट्र व समाज की सुरक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले बहादुर पुलिसकर्मियों की याद में कमिश्नरेट कानपुर के रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार व अन्य पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुये कहा कि कानपुर शहर ने अपने ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक स्वरूप को पूरे देश में एक पहचान दी है। जिला प्रशासन ने मण्डलायुक्त अमित गुप्ता के मार्गदर्शन में कानपुर को पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने में कानपुर दर्शन के रूप में एक अभिनव प्रयास शुरू किया है। कानपुर दर्शन की तरफ से ही पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस कर्मियों के लिये लाइट एण्ड शो कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जन सेवा और बलिदान की मिसाल रहे पुलिस कर्मियों को श्रद्धाजंलि देने के लिये पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। अपर पुलिस महा निदेशक आलोक कुमार सिंह ने कहा कि 21 अक्टूबर, 2024 को पूरे देश में पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

- लाइट और साउंड का आकर्षक शो भी हुआ

पुलिस स्मृति दिवस की शुरूआत 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीनी सेना के साथ संघर्ष में 10 पुलिस कर्मियों के शहीद होने के बाद हुयी थी। पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र जोगेंद्र कुमार, अपर पुलिस आयुक्त कानून व व्यवस्था हरीश चंदर समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## गार्ड ने तीमारदार से की अभद्रता वीडियो वायरल

**कानपुर।** सोशल मीडिया में सोमवार को हैलट अस्पताल का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमे कुछ गार्ड एक तीमारदार से अभद्रता करते और उसका जबरदस्ती मोबाइल छीनते हुए दिख रहे है। जबकि बगल में ही स्ट्रेचर पर उसका मरीज लेटा है। महिलाएं गार्ड से मोबाइल व अपने तीमारदार को बचाने का प्रयास करती नजर आ रही हैं। गार्ड के मोबाइल छीनने के बाद तीमारदार को एक लोग थप्पड़ मारते दिखे रहे हैं और तीमारदार व साथ में मौजूद महिलाएं रोती नजर आ रही हैं। इस वायरल वीडियो की तस्दीर अमृत विचार नहीं करता है। इस मामले में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि वायरल वीडियो में गार्ड मोबाइल छीनता दिख रहा है। मामले के संबंध में कोई शिकायत नहीं आई है, लेकिन वायरल वीडियो के आधार पर संबंधित गार्ड से पूछताछ कर मामले की जांच कराई जाएगी और संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से बच्ची की मौत, पिता गंभीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौबस्ता थानाक्षेत्र के दासू कुआं स्थित एसबीआई के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के दासू कुआं एसबीआई के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। हादसे में बेटी की मौके पर मौत हो गई। पिता की हालत गंभीर है। घायल पिता को छावनी स्थिति एक अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

असम में आर्मी में सीओ पद पर तैनात संदीप द्विवेदी परिवार के साथ जिला फतेहपुर के चांदपुर थानाक्षेत्र के मदरी गांव में रहते हैं। आर्मी में कार्यरत चचेरे भाई रोहित द्विवेदी ने बताया कि भाई संदीप के परिवार में पत्नी रचना, बड़ी बेटी सिद्धी और छोटी बेटी मुक्ति हैं। वह और संदीप इन दिनों छुट्टी पर घर आए हुए थे। बताया कि पिता रामकरन का करीब 15 दिन पहले चेस्ट का ऑपरेशन हुआ था। सोमवार को संदीप पिता को देखने चार वर्षीय बेटी मुक्ति के साथ बाइक से फतेहपुर से कानपुर नौबस्ता गायत्री अस्पताल जा रहे थे। जैसे वह नौबस्ता दासू कुआं एसबीआई के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में मुक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि संदीप की हालत गंभीर है। भीड़ को आता देखकर चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। नौबस्ता पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को हैलट अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने बच्ची को देखते ही मृत घोषित कर दिया। संदीप की हालत गंभीर होने पर परिजन छावनी स्थिति एयरफोर्स अस्पताल ले गए। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी तो चीखपुकार मच गई। इस संबंध में नौबस्ता प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया गया है।

# एक करोड़ से ज्यादा की ठगी में एक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में एक प्लॉट के कई लोगों से पैसे लेकर फर्जी रजिस्ट्री करने वाले शातिर बाबू सचान को गुजैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोप है कि बर्रा आठ के रहने वाले इस शातिर ने पीड़ितों से करीब एक करोड़ से ऊपर की ठगी की। उसके खिलाफ गुजैनी थाने में धोखाधड़ी और ठगी के तीन मामले दर्ज हैं।


बाबू सचान।

गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि फरवरी में राजीव सचान, जयपाल यादव, सुनील सिंह, योगेश सचान, ओपी यादव, सुधीर यादव, सुदेश चन्द्र यादव और प्रशांत मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ितों के अनुसार बर्रा आठ निवासी बाबू सचान, उसकी पत्नी विभा सचान, अजय पटेल के साथ बिल्डर का काम करते हैं। बाबू, विभा और अजय पटेल ने इन पीड़ितों से लाखों रुपये लेकर जमीन खरीदने की बात कह मकान बनवाने का भरोसा दिया और कहा कि जमीन पर लोन करा देंगे। बैंक से पता चला कि बाबू सचान के नाम फर्जी 600 वर्गगज तथा 400 वर्गगज जमीन विभा व एक अन्य महिला के नाम हैं। इसी जमीन के नाम पर लोन कराया गया था। वहीं सीसामऊ निवासी बालकृष्ण गुप्ता ने इन्हीं आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। इसके अनुसार उसे जो जमीन एग्रीमेंट की गई थी उसे आरोपियों ने दूसरों को बैनामा कर दिया था और खुद लोन ले रखा था। इस मामले के एक सह आरोपी बर्रा आठ निवासी अजय पटेल को जूही पुलिस ने 28 सितंबर को जेल भेजा था। उसके खिलाफ गुजैनी, जूही, बर्रा, काकादेव और फीलखाना थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। गुजैनी पुलिस अन्य की तलाश कर रही है।

## युवक पर धारदार हथियार से हमला

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में आरोपियों ने युवक पर धारदार हथियार से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सनिगवां के के आर पुरम निवासी संदीप सिंह बाराबंकी में प्राइवेट नौकरी करते हैं। कुछ दिन पहले वह छुट्टी पर घर आए थे। संदीप ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम वह सावित्री नगर में एक दोस्त से बात कर रहे थे। इलाके के नवील गाजी, फारुख गाजी, बबलू गाजी, आदित्य, लकी शर्मा, आलोक यादव और जमील गाजी दोस्त से विवाद कर गाली गलौज करने लगे। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने दोस्त के साथ उन्हें भी मारापीटा। दोस्त मौका देखकर भाग गया। आरोपियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर मरणासन्न कर दिया। हमले में उनका दाहिना कान कट गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# हर मरीज की केस हिस्ट्री अब होगी ऑनलाइन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मेडिकल कॉलेज से संबद्ध अस्पतालों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेशन सिस्टम

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेशन सिस्टम का विभाग खुलेगा। इस प्रणाली के जरिए हर मरीज की सारी जानकारी और जांच रिपोर्ट ऑनलाइन फीड होगी, जो डॉक्टर के कंप्यूटर तक भी पहुंचेगी। डॉक्टर अपने कंप्यूटर पर मरीज की पूरी हिस्ट्री देख सकेंगे।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला के अनुसार प्रमुख सचिव ने मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ बैठक में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेंशन सिस्टम प्रणाली विभाग शुरू किए जाने के निर्देश दिए हैं। प्राचार्य ने बताया कि इस विभाग के लिए सीएमएस स्तर के दो डॉक्टरों को लखनऊ स्थित एसजीपीजीआई में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेंशन सिस्टम लागू किया जाएगा। इससे मरीजों को इलाज के संबंध में सभी जानकारी मिल सकेगी। इस प्रणाली से अस्पताल प्रबंधन, नेतृत्व, नेटवर्क, कार्यप्रणाली और प्रशासन में सुधार होगा। मरीजों की सारी जानकारी एक यूनीक आईडी नंबर पर दर्ज होगी। मरीजों के दोबारा अस्पताल आने पर केस हिस्ट्री पहले से होने के कारण डॉक्टरों को इलाज करने में काफी आसानी होगी।

### पेपरलेस व्यवस्था की तरफ कदम

हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉरमेंशन सिस्टम लागू होने के बाद प्रदेश के राजकीय मेडिकल कालेजों, राजकीय संस्थानों, स्वायत्तशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में पेपरलेस व्यवस्था लागू की जा सकती है। पहले चरण में कानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, मेरठ और आगरा मेडिकल कॉलेजों में यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

# स्टेशन पर ट्रेनों की तलाशी ली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दर्जनभर से अधिक संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ
- प्लेटफार्मों पर लावारिस मिले कई बच्चे भी

**अमृत विचार।** दीपावली त्योहार पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए जीआरपी ने ट्रेनों में कई संदिग्ध यात्रियों की तलाशी ली और बैग को खुलवाकर भी देखा। इस दौरान एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। ट्रेनों के महिला कोचों में जीआरपी ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

सोमवार को जीआरपी थाना प्रभारी ओम नारायण सिंह की अगुवाई में स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों में संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ की गई और स्टेशन पर कई दिनों से घूमते दिखाई दिये लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई। उनका पूरा ब्यौरा भी नोट किया गया। जीआरपी ने स्वर्ण शताब्दी एक्सप्रेस, सप्तक्रांति एक्सप्रेस, जनसाधारण एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस, वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों की तलाशी ली और यात्रियों को जागरूक भी किया।

जीआरपी प्रभारी ने बताया कि ट्रेनों में महिला कोचों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दस महिला दरोगा-कांस्टेबिल की टीम स्टेशन के अलावा ट्रेनों में तैनात की है।


ट्रेनों में संदिग्ध यात्रियों से पूछताछ करते जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह।

### जीआरपी ने यात्रियों को जागरूक किया

- किसी अनजान से खाने-पीने की वस्तु नहीं लें
- सफर में किसी अनजान से दोस्ती नहीं करें
- आसपास कोई लावारिस वस्तु दिखे तो जीआरपी को सूचित करें
- अपने सामान को और बच्चों को अपनी नजरों के सामने रखें।
- किसी अनजान बच्चे को अकेला देखें तो जीआरपी को बताएं

## चक्कर आने से जमीन पर गिरे वृद्ध, मौत

**कानपुर।** बादशाहीनाका थानाक्षेत्र के कुली बाजार निवासी 73 वर्षीय विमल खाना जनरलगंज स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। रिश्तेदार ने बताया कि परिवार में पत्नी मुध व दो बेटियां हैं। एक बेटी सूरत और दूसरी विदेश में रहती है। विमल सोमवार सुबह किसी काम से फीलखाना थानाक्षेत्र के कराचीखाना गए थे। वहां अचानक चक्कर आया और वह जमीन पर गिर गए। किसी ने पुलिस को जानकारी दी।

पुलिस उन्हें केपीएम अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पास से मिले आधार कार्ड से परिजनों को घटना की जानकारी दी। विमल की मौत की जानकारी मिलते ही पत्नी और रिश्तेदार अस्पताल पहुंचे।


क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय पर जन-जागरण करते परिवहन कर्मी। अमृत विचार

## रोडवेज में मृतक आश्रितों की नियुक्ति करें

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में मृतक आश्रितों को तत्काल नियुक्ति दी जाए। सभी कर्मियों को चिकित्सा सुविधा का लाभ दें।

सोमवार को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ से संबद्ध भारतीय मजदूर संघ एवं भारतीय मजदूर परिवहन महासंघ के द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में जन-जागरण करते हुए मुख्य मंत्री को संबोधित 22 सूत्रीय ज्ञापन आरएम को सौंपा गया। जिसमें मांग की गई कि राज्य कर्मियों की भांति निगम कर्मियों को बकाया 12 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ अविलंब देने के साथ ही एरियर का भी जल्द भुगतान किया जाए। प्राइवेट वाहनों की तर्ज पर परिवहन निगम के वाहनों का टैक्स भी समान किया जाए। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष राहुल वाजपेयी, बृजेश शर्मा, दीनानाथ, उमेश पांडेय, कांती, रणधीर पाल, अश्वनी पांडेय, राकेश कुमार, केके अवस्थी, ऋषि पाठक रहे।

# आशाओं को बिना यूनिफार्म के प्रवेश नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आशाओं के निजी अस्पताल की एजेंट बनने पर सख्ती
- अपर निदेशक ने उर्सला में डॉक्टरों के साथ की बैठक

**अमृत विचार।** परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल ने सोमवार को उर्सला सभागार में बैठक कर डॉक्टरों को निर्देश दिए और आशाओं को बिना यूनिफार्म के प्रवेश नहीं देने पर जोर दिया। उन्होंने एजेंट की रोकथाम के संबंध में योजना बनाई। अपर निदेशक को बैठक में अवगत कराया गया कि आशा कार्यकर्ताओं व स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से ही लोगों को सरकारी योजनाओं लाभ पहुंचाने का कार्य किया जाता है, इस वजह से इनका लोगों से सीधा संपर्क रहता है। इसी बीच यह लोग सरकारी काम करने के साथ ही कई नामी व बड़े अस्पतालों के संपर्क में भी आ जाते हैं और मोटे कमीशन के चक्कर में प्राइवेट अस्पतालों की एजेंट बनकर काम करने लग जाते हैं। आशा मरीजों को बरगलाकर सरकारी अस्पतालों में ले जाने के बजाए उन्हें निजी अस्पतालों में पहुंचा आतीं है। जब मरीज दोबारा इलाज के लिए अस्पताल आता है तो मामले की जानकारी होती है। मरीज या तीमारदार द्वारा कोई भी शिकायत नहीं करने पर आशाओं का खेल जारी रहता है। जानकारी होने पर अपर निदेशक ने इस खेल की रोकथाम करने के लिए रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि आने वाले समय में सभी आशा कार्यकर्ताओं को यूनिफार्म पहनने के लिए बाध्य किया जाएगा।

### निजी अस्पतालों में भी कराई जाएगी जांच

अपर निदेशक ने बताया कि सरकारी अस्पतालों के साथ ही आकस्मिक निरीक्षण कर निजी अस्पतालों में भी जांच कराई जाएगी। ताकि किसी प्रकार की कोई गैर सरकारी गतिविधि का संचालन नहीं हो सके। पूर्व में चल रही योजनाओं के विषय पर व्यापक चर्चा करते हुए उनकी प्रगति रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# आयुष्मान में ढिलाई पर डॉक्टरों को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संचारी रोग नियंत्रण में लापरवाही पर एडीओ चौबेपुर व घाटमपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि
- संचारी रोग नोडल अधिकारी व सीएससी के 2 चिकित्सा अधीक्षकों को मिली नोटिस

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनाने में ढिलाई बरतने वाले चिकित्सकों एवं कर्मियों को चेतावनी दी है कि वे काम में तेजी लाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी। सोमवार को जिलाधिकारी ने सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय वेक्टर जनित कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण कार्यक्रम, पुनरीक्षित क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, नियमित टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड की समीक्षा की। संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा में पंचायत विभाग को आवंटित कार्य नहीं करने पर एडीओ पंचायत चौबेपुर, घाटमपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। आईसीडीएस विभाग को आवंटित कार्य न करने पर सीडीपीओ चौबेपुर व घाटमपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के संचारी रोग के नोडल अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवराजपुर एवं पतारा के चिकित्सा अधीक्षक को स्वास्थ्य समिति के माध्यम से कारण बताओ नोटिस एवं चेतावनी दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक रंजन मौजूद रहे।

**जरा ध्यान दें** — प्यूरिन नामक प्रोटीन के असंतुलन से होती है यह बीमारी

# खून में यूरिक एसिड बढ़ने से जल्द होता गठिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिस तरह ब्लड शुगर लेवल का बढ़ना शरीर के लिए खतरनाक होता है, उसी तरह यूरिक एसिड का बढ़ना भी हानिकारक होता है। इसके बढ़ने से शरीर के छोटे से लेकर बड़े जोड़ों में दर्द होता है। लापरवाही करने या बिना डॉक्टर की सलाह के दवा का सेवन से यह समस्या और गंभीर हो जाती है। जोड़ों में यूरिक एसिड जमा होने की वजह व्यक्ति गठिया की चपेट में आ जाता है, तब उसे चलने-फिरने में भी दिक्कत होती है।



- ओपीडी में पहुंचे 300 में से 70 लोग मिले गठिया ग्रस्त

हैलट अस्पताल के अस्थि रोग विभाग और मेडिसिन विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 20 मरीज ऐसे पहुंचते हैं, जिनका यूरिक एसिड बढ़ा होता है। साथ ही उन्हें चलने फिरने में भी काफी समस्या होती है। उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने बताया कि किसी भी दर्द को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह रोग प्यूरिन नामक प्रोटीन के मेटाबॉलिज्म की विकृति से होता है। शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा काफी बढ़ने पर यह गठिया का रूप ले लेता है और ध्यान न देने पर घुटना, कूल्हा आदि खराब भी हो जाते हैं। कई प्रकार के भोजन और पेय पदार्थ में प्यूरिन की अधिकता होती है, जो यूरिक एसिड बढ़ने का कारण बन सकते हैं। इसलिए आहार पर विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

### इन वजहों से हो सकती है जल्द समस्या

- हाई फ्रुक्टोस कॉर्न या ग्लूकोज फ्रुक्टोस से बढ़ता यूरिक एसिड
- मोटापा ग्रस्त लोगों में गठिया होने की आशंका होती है अधिक ।
- जितना वजन बढ़ेगा, उससे ज्यादा कूल्हों, पीठ और पैरों पर बोझ पड़ेगा।
- चीनी और सफेद आटे जैसे खाद्य पदार्थों के बढ़ सकता है वजन
- हर समय ऊंची एड़ी की सैंडिल पहनने से पैर में दिक्कत हो सकती है।
- शराब के सेवन से यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है।

### 60 प्रतिशत महिलाएं मिलीं गठिया ग्रस्त

विभागाध्यक्ष डॉ .संजय कुमार ने बताया कि आर्थराइटिस ( गठिया) जोड़ों को प्रभावित करने वाली गंभीर समस्या है, जिसका खतरा लोगों में बढ़ता जा रहा है। इसकी मुख्य वजह गलत खानपान, व्यायाम या योग न करना, शराब, तंबाकू व गुटखा का सेवन और अनियमित जीवनशैली शामिल है। पर्यावरण में बदलाव भी इसका कारण हो सकता है। बताया कि ओपीडी में करीब तीन सौ मरीज पहुंचे, जिनमें से करीब 70 लोग गठिया ग्रस्त मिले। इनमें से 60 प्रतिशत महिलाएं थीं।

# ठेला लगाने को लेकर हुआ विवाद, परिवार को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बजरिया पुलिस ने दोनों पक्षों से मांगी तहरीर

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र में दीयों का ठेला लगाने वाले और उसके परिवार की महिलाओं को खुद कब्जा किए दबंग दुकानदारों ने मारापीटा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पीड़ित परिवार ने पुलिस कमिश्नर के नाम तहरीर लिखकर थाने में दी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दबंगों ने पहले ही उनके खिलाफ एक दलाल और क्षेत्रीय अपराधी के माध्यम से थाने में प्रार्थना पत्र पहुंचा दिया। अगर थाने से कार्रवाई नहीं होती तो पुलिस कमिश्नर से शिकायत करेंगे।

सीसामऊ बाजार निवासी शिवचरण ने तहरीर में बताया कि दीपावली के समय वह बाजार में एक नमकीन दुकान संचालक की दुकान के बाहर ठेला लगाते थे। इस बार दुकानदार ने किसी अन्य ठेले वाले से 10 हजार रुपये लेकर उसका ठेला लगवा दिया। जिसका विरोध उन्होंने किया। सोमवार को जब पत्नी आशा बेटियों के साथ ठेला लगाने पहुंची तो दुकानदारों ने विरोध कर दिया। शिवचरण की पत्नी और बेटियों के विरोध करने पर दुकान संचालकों ने उन्हें व शिवचरण को बेरहमी से पीटा। बताया कि पूरी घटना का किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। शिवचरण के अनुसार बजरिया पुलिस आई मगर कार्रवाई नहीं की। दुकान वालों से तहरीर लेकर उन्हें कार्रवाई की धमकी दी। बजरिया इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर मांगी गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### गुलशन पब्लिक स्कूल की जा सकती है मान्यता

**कानपुर।** यतीमखाना स्थित गुलशन पब्लिक स्कूल की मान्यता जा सकती है। बेसमेंट में स्कूल संचालित होने पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्कूल प्रशासन को मान्यता प्रत्याहरण की नोटिस भेजी गई है। बेसमेंट में कक्षाएं संचालित होने पर पहले भी स्कूल को विभाग की ओर से चेतावनी नोटिस जारी कर कक्षाओं को स्थानांतरित कराया जा चुका है। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जब टीम भौतिक सत्यापन के लिए पहुंची तो कक्षाओं को बेसमेंट में संचालित होना पाया गया। पूछने पर स्कूल प्रशासन की ओर से शिक्षा अधिकारियों को बताया गया कि मुख्य इमारत में निर्माण होने के चलते कक्षाओं को यहां पर संचालित किया गया है। इस पर विभाग की ओर से दोबारा बेसमेंट में कक्षाओं को संचालित करने पर स्कूल को मान्यता प्रत्याहरण का नोटिस जारी किया गया है। पूरे मामले पर बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने बताया कि स्कूल के खिलाफ आईजीआरएस पर शिकायत की गई थी। शिकायत के आधार पर स्कूल पहुंचे अधिकारियों ने शिकायत सही पाए जाने पर स्कूल के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### रेलवे कर्मचारी संघ में ऊषा देवी अध्यक्ष

**कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ के मंडलीय अधिवेशन में पदाधिकारियों का चुनाव किया गया जिसमें ऊषा देवी को कार्यकारी अध्यक्ष, सतीश चंद्र मिश्रा उपाध्यक्ष, आशीष कुमार मिश्रा सचिव, सत्यम कुमार गुप्ता संयुक्त सचिव, हरिशंकर पोरवाल सहायक सचिव, ध्रुव नंदन संगठन मंत्री, प्रभात कुमार कोषाध्यक्ष, मोहित सिंह, एनएन तिवारी, प्रशांत कुमार सिंह, संकेत सुमन त्रिपाठी को सदस्य निर्वाचित किया गया।

## एक नजर

### सीएसए के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कानपुर।** सीएसए विवि के एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्रों का कानपुर फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय से कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह, डीन डॉ सीएल मौर्य, कुलसचिव डॉ पीके उपाध्याय, विभागाध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने बस को हरी झंडी दिखाते हुए यात्रा को शुरू किया। 60 छात्र-छात्राओं ने भ्रमण के दौरान यूरिया उत्पादन, नैनो यूरिया उत्पादन व खेती मे ड्रोन तकनीकी से छिड़काव, फसल जांच साथ ही साथ उन्नत किस्म के फलदार हाइब्रिड वैराइटी वृक्षों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान डॉ. अंशु सिंह, डॉ. नीतू, डॉ. सौरभ सहित विभाग के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### युवक और युवती के परिजन भिड़े, रिपोर्ट

**कल्याणपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र में पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर मारपीट व गालीगलौज का आरोप लगाया। दोनों पक्षों ने घटना का वीडियो उनके पास होने का दावा करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। रावतपुर के कैलाश नगर निवासी सुमन देवी के अनुसार उनका अपने ससुरालियों से विवाद चल रहा है। शनिवार शाम पति अर्जुन, ससुर कृपाशंकर, देवर अरविंद घर के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें उनकी मां, बहन व भाई को बेरहमी से पीट दिया। इन्हीं आरोपों के साथ दूसरे पक्ष से कृपाशंकर सैनी ने भी सुमन व पारिवारिक जनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुमन परिवार के साथ पुलिस ऑफिस पहुंची और आलाधिकारियों से पुलिस पर भी आरोप लगाया।

### थाने में हिस्ट्रीशीटर का डांस करते वीडियो वायरल

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थाना परिसर में शनिवार देर रात एक मामले में पैरवी करने पहुंचे हिस्ट्रीशीटर का डांस करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। आरोपी पर एक दरोगा पर जानलेवा हमला करने समेत हत्या, हत्या के प्रयास जैसे दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। कल्याणपुर थाने में शनिवार देर रात बजरंग दल के कार्यकर्ता एक छेड़खानी के मामले में पैरवी करने पहुंचे थे। इसी समय थाने में मौजूद कल्याणपुर थाने के हिस्ट्रीशीटर पिंटू ठाकुर का डांस करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ पिंटू ठाकुर थाने आया था। वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी के मोबाइल के साथ युवक गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के इंदिरा नगर स्थित राजकीय छात्रावास से शनिवार सुबह छात्र का मोबाइल चोरी हो गया था। पुलिस ने सोमवार को बरसाइतपुर रोड से दो युवकों को चोरी के मोबाइल व चापड़ के साथ गिरफ्तार किया। युवकों ने अपनी पहचान कीट बस्ती निवासी चिंटू व अनुज बताई है।

### निराला नगर मैदान पर माटीकला प्रदर्शनी

**कानपुर।** दीपावली पर्व के अवसर पर उप्र माटीकला बोर्ड/उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निराला नगर रेलवे मैदान पर 23 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक 7 दिवसीय माटीकला प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिला ग्रामोधोग अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी में प्रजापति समाज के पैतृक कारीगर/माटीकला शिल्पी कारीगर एंव अन्य परम्परागत कारीगरों के द्वारा निर्मित उत्पाद लक्ष्मी-गणेश, दीपक एवं मिट्टी के खिलौने व अन्य उत्पादों की बिक्री की जायेगी। प्रदर्शनी में नि:शुल्क स्टाल विभाग उपलब्ध करायेगा। स्टाल प्रथम आवत-प्रथम पावत के आधार पर दिया जायेगा। भाग लेने के लिए राजीव द्विवेदी 9956179776 व राजीव रावत 9795527109 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

---

प्रत्याशी लगभग फाइनल, घोषणा बाकी, गैर मुस्लिम वोटरों का ध्रुवीकरण होगा अहम

# सीसामऊ चुनाव में रामपुर फार्मूला अपनाएगी भाजपा

महेश शर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** मुस्लिम बहुल सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में जीत के लिए भाजपा ने रामपुर का फार्मूला अपनाने की तैयारी की है। प्रत्याशी का नाम फाइनल कर लिया गया है, सिर्फ घोषणा होना बाकी है। पार्टी के भरोसेमंद सूत्रों के अनुसार प्रत्याशी दलित या ब्राह्मण समुदाय से हो सकता है।

सीसामऊ सीट भाजपा के लिए प्रतिष्ठा से जुड़ी है। पार्टी इस बार 22 साल का सूखा खत्म करना चाहती है। सपा में हालिया गुटबाजी और मुस्लिम वोटर के बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं होने की रिपोर्ट से भाजपा को जीत की राह बनती नजर आने लगी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं कि जब भाजपा रामपुर जीत सकती है तो सीसामऊ में क्यों नहीं? इस सीट पर राम लहर के प्रभाव में पार्टी 1991, 93 और 96 में जीती थे। परिसीमन में जनरलगंज सीट खत्म हुई तो वहां के मुस्लिम बहुल इलाके सीसामऊ में जुड़ गए। इसके चलते 2012, 17 और 22 में सपा ने जीत दर्ज की।



● प्रत्याशी दलित या ब्राह्मण हो सकता है, भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल है सीट

भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के अनुसार नेतृत्व का मानन है कि रामपुर में भाजपा की जीत का समीकरण सीसामऊ में भी फिट हो सकता है। आजम खान को सजा के बाद रामपुर में चुनाव हुआ था। वहां 50 फीसदी से ज्यादा मुसलमान हैं, जबकि सीसामऊ में करीब 45 फीसदी ही मुस्लिम वोटर हैं। पार्टी ने रामपुर में भाजपा समर्थकों का एक-एक वोट डलवाया, जो जीत का कारण बना। गैर मुस्लिम वोटरों का ध्रुवीकरण यहां भी जीत का आधार बन सकता है। सीसामऊ में इसी तरफ कवायद जारी है। पार्टी की रणनीति में हिंदुओं का ज्यादा से ज्यादा मतदान कराना शामिल है। संगठन और सरकार के दिग्गज इसके लिए दो माह से प्रयासरत हैं। सहयोगी दलों को भी सक्रिय किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्दी ही सभाएं व रोड शो करेंगे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक अगड़े वोटों पर नजर रखेंगे जबकि पिछड़े वोटरों की कमान उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी संभालेंगे। इस बीच भाजपा ने सीसामऊ में 22 बूथों पर फेरबदल करते हुए निष्क्रिय लोगों को हटाकर नये युवा चेहरे मुस्तैद किए हैं। इन युवा चेहरों ने सदस्यता अभियान में भी बड़ी भूमिका निभाई है।

### राजा भैया की पार्टी भी चुनाव मैदान में

**कानपुर।** सोमवार को उप चुनाव के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म लिया जिसमें बहुजन समाज पार्टी का प्रत्याशी भी शामिल है। राजा भैया की पार्टी राष्ट्रवादी जनतांत्रिक पार्टी के प्रत्याशी ने भी फार्म खरीदा। जिला निर्वाचन कार्यालय में सोमवार को बहुजन समाज पार्टी से वीरेंद्र कुमार, राजा भैया की पार्टी राष्ट्रवादी जनतांत्रिक पार्टी से मोहम्मद आफताब शरीफ, आदर्श संग्राम पार्टी से सज्जन सिंह, विकास इंसाफ पार्टी से भानु प्रताप के अलावा दो निर्दलीय प्रत्याशी कृष्ण कुमार यादव और धर्मेंद्र फतवानी ने फार्म खरीदे।

### औवैसी से भी प्रत्याशी उतारने की मांग

**कानपुर।** आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुसलमीन के नगर अध्यक्ष उमर मारुफ हनी ने पार्टी प्रमुख सांसद असद उद्दीन ओवैसी तथा प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली को पत्र लिखकर कहा है कि जब महाराष्ट्र में सपा प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी ने मनमानी करते हुए अपने प्रत्याशी उतारे हैं तो सीसामऊ सीट पर भी पार्टी को अपना प्रत्याशी उतारना चाहिए। पत्र में कहा गया है कि महाराष्ट्र के मालेगांव और धूलिया विधानसभा क्षेत्र से एमआईएम के विधायक हैं, इसके बावजूद सपा ने इन दोनों सीटों पर प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। ऐसे में सीसामऊ सीट पर भी एमआईएम को अपना प्रत्याशी उतारना चाहिए।

# भाजपा की अफवाहों से सपाई सतर्क रहें

● समीक्षा बैठक में पूर्व एमएलसी व प्रभारी सुनील यादव ने कहा

● जालौन के सांसद ने भी दिए कार्यकर्ताओं को टिप्स

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ग्वालटोली अहिराना में सोमवार को सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र के जोन एक के सेक्टर जोन प्रभारियों, वार्ड अध्यक्षों व पीडीए मिशन युवा टीम के कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक हुई। जालौन के सांसद नारायण दास अहिरवार, पूर्व एमएलसी सुनील यादव साजन, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड प्रदेश अध्यक्ष अनीश राजा व सीसामऊ विधानसभा के प्रभारी राजेंद्र कुमार ने कई बिंदुओं पर अध्यक्षों व प्रभारियों से जानकारी ली और कमी मिलने पर सुधार के निर्देश दिए।

जालौन के सांसद नारायण दास अहिरवार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने कार्यकाल में निशुल्क एंबुलेंस सेवा, लैपटॉप वितरण योजना, बेरोजगारी भत्ता, कन्या विद्या धन योजना, 108 डायल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू कर जनता को लाभ पहुंचाने का कार्य किया था। सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी अखिलेश यादव के कार्यकाल में हुए कार्यों की जानकारी पूरे विधानसभा क्षेत्र में देंगे। पूर्व एमएलसी व प्रभारी सुनील यादव साजन ने कहा कि सपा को भाजपा की अफवाहें और जुमलेबाजी से होशियार रहना होगा। भाजपा झूठी अफवाह फैलाकर मतदान प्रतिशत प्रभावित करने का कार्य कर रही हैं। अनीश राजा ने कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह पंगु हो गई है। इस दौरान जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, प्रभारी राजेंद्र कुमार, सचिव केके शुक्ला, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, दुर्गेश यादव, नरेंद्र सिंह, अरविंद यादव, प्रांजुल यादव, संजय अधिकारी, नसीम रजा, दीपिका मिश्रा, किरण गुप्ता, दीपा यादव, प्रवीण सिंह, कुलदीप यादव, अनवर अली मिर्जा समेत आदि लोग मौजूद रहे।



सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी को पार्टी का सिंबल देते प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी।

### नसीम सोलंकी को मिला सपा का सिंबल

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा में होने वाले उप चुनाव में समाजवादी पार्टी ने नसीम सोलंकी को अपना प्रत्याशी बनाया है। नसीम सीसामऊ से विधायक रहे इरफान सोलंकी की पत्नी और पूर्व विधायक हाजी मुश्ताक सोलंकी की पत्नी हैं। सोमवार को लखनऊ बुलाकर सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने नसीम सोंलकी को पार्टी का सिंबल देकर जीत का आशीर्वाद दिया।

# मिर्जापुर की कालीन और बरेली का फर्नीचर मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मिर्जापुर की कालीन, बरेली का फर्नीचर, देवबंद का टेस्टी गुड आदि आकर्षण सामान और टेस्टी फूड खरीदने के शौकीन लोगों को अब शहर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लोगों को अब यह सामान एक ही जगह पर उपलब्ध होंगे। ग्राहक को छूट या उपहार भी दिया जा सकता है।

मोतीझील लॉन नंबर दो में शाइन इंवेंटज एंड एग्जिबिट्स द्वारा दीपावली बाजार का आयोजन किया जा रहा है। यह बाजार 23 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक लगेगा। इस संबंध में शाइन इंवेंटज एंड एग्जिबिट्स के आमिर सिद्दीकी ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण हैंडीक्राफ्ट के स्टाल होंगे, जिसमे दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं, सिल्क, खादी व विभिन्न प्रकार के वस्त्र आदि शामिल हैं। दीपावली त्योहार से संबंधित वस्तुएं, आयुर्वेद व स्वदेशी चिकित्सा एवं स्वदेशी कला अधारित आभूषण आदि की खरीदारी की जा सकती है। राहुल दीक्षित ने बताया कि बाजार में लजीज व्यंजनों से संबंधित स्टाल भी रहेंगे। कपिल सब्बरवाल ने बताया कि एक ही छत के नीचे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सामान भारी छूट के साथ बाजार में आए ग्राहकों को मिलेगा। विक्रम व वारिस सिद्दीकी ने बताया कि बाजार में हर घंटे लकी ड्रॉ के माध्यम से ग्राहकों को उपहार भी दिए जाएंगे। दीपावली बाजार का समय दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक है। महिलाओं के लिए बनारसी, कलकत्ता, बांग्लादेशी, सिलक आदि साड़ियां बेहतरीन व लेटेस्ट डिजाइन में मिलेगी। टीवी, फ्रिज, होम थियेटर, बाइक, कार वॉशिंग मशीन, झूमर आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी उपलब्ध होंगे।





दीपावली बाजार की जानकारी देते कपिल सब्बरवाल व आमिर सिद्दीकी। अमृत विचार

● मोतीझील लॉन में 23 से 27 अक्टूबर तक दीपावली बाजार लगेगा



गोमय पूजन किट बनातीं महिलाएं।

### गोमय पूजन किट से महिलाएं आत्मनिर्भर : श्रीराम

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गौसेवा गतिविधि के माध्यम से गोमय दीपावली मनाई जायेगी। प्रान्त प्रचारक श्रीराम ने गोमय दीपावली पूजन किट का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस पूजन किट से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। साथ ही शहरी लोग इको फ्रेंडली दीपावली मनाएंगे। प्रान्त सह गौसेवा प्रमुख सन्तोष कुमार गुप्ता ने बताया कि गोमय दीपावली पूजन किट में गोमय से बनी गणेश-लक्ष्मी मूर्ति, शुभ, लाभ, स्वास्तिक, ओम, धूपबत्ती, सादे व मोमयुक्त दीपक, हवन सामाग्री, रुई- बाती, कौड़ी, जनेऊ, आसनी, वस्त्र आदि रखे हैं। उन्होंने कहा कि वैभवश्री महिला क्षेत्र स्तरीय समिति औरैया की 90 महिलाओं ने अपने हाथों से किट तैयार की है। संस्था अध्यक्ष मंजू देवी, सचिव रमा गुप्ता, कोषाध्यक्ष पूनम शुक्ला और उनकी टीम प्रचार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पूजन किट की मांग देश के के साथ विदेशों में भी है।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय क्विज में डॉ.यामिनी ने मारी बाजी



डॉ.यामिनी राणा।

**कानपुर।** नई दिल्ली स्थित एम्स में सेल्सीकॉन 2024 के तहत लाइव ऑपरेटिव कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसमे एम्स, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, केजीएमयू समेत देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज की 30 टीमों ने प्रतिभाग किया। सेल्सीकॉन में सीएमई, क्विज, कैडेवरिक, शल्य चिकित्सा, वक्ष शल्य चिकित्सा, रोबोटिक व बेरियाट्रिक कार्यशालाएं हुई। लाइव ऑपरेटिव कार्यशाला में जीएसवीएम की डॉ.यामिनी राणा ने 30 टीमों को पीछे छोड़ते हुए राष्ट्रीय स्तर की क्विज में बाजी मारकर पहला स्थान हासिल किया और जीएसवीएम का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया। वहीं, सीएमई, कैडवेरिक, रोबोटिक कार्यशाला व पोस्टर प्रतियोगिता में बेहतरीन जानकारी देने पर तीसरा स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए डॉ.यामिनी राणा को विशिष्ट अतिथियों ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया।

### मानसी व आर्यन राज वर्मा को गोल्ड मेडल

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में हुई अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में सीएसजेएमयू कैंपस की बालक- बालिकाओं ने शानदार जीत दर्ज की है। सीएसजेएमयू कैंपस की मानसी मौर्य ने गोल्ड मेडल, इंडिविजुअल पुरुष काता आर्यन राज वर्मा गोल्ड मेडल व बुशरा मंसूरी ने गोल्ड मेडल जीता। एकल 45 किलो वर्ग में कुमिते आशना यादव, एकल 50 किलो वर्ग में कुमिते गोल्ड विशि विजय कुमार ने हासिल किया। मुस्कान अरोड़ा ने एकल 68 किलो कुमिते सिल्वर जीता। रितिका ने 61 किलो में कुमिते सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। दीक्षापंत ने 68 किलो में गोल्ड मेडल हासिल किया। आयुष गुप्ता ने 55 किलो में सिल्वर पर कब्जा किया। प्रतियोगिता के दौरान डॉ प्रभाकर पांडे, डॉ श्रवण कुमार यादव, डॉ आशीष कटिहार, डॉ निमिषा कुशवाहा, डॉ सौरभ तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्मार्ट खेती और ड्रोन की जानकारी भी मिलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सीएसए 24 व 25 अक्टूबर को दो दिवसीय किसान मेला

● किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का किया जाएगा समाधान

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर की ओर से किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन 24 व 25 अक्टूबर को किया जाएगा। यह मेला दो दिन चलेगा। इस मेले में किसानों को स्मार्ट खेती और ड्रोन तकनीक की जानकारी भी दी जाएगी। किसान यहां से उन्नत बीज की खरीद भी कर सकेंगे।

मेले के बारे में विवि के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने बताया कि कृषि मेले में किसानों को स्मार्ट खेती, ड्रोन तकनीक, विश्वविद्यालय द्वारा विकसित फसलों के उन्नत बीज एवं जैविक खेती जैसे आधुनिक विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही किसानों की कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा। मेले की मुख्य थीम 'तकनीकी ज्ञान से आत्मनिर्भर किसान' है। किसान उत्पादक संगठन कैसे किसानों की आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं इसके बारे में भी बताया जाएगा। प्राकृतिक और जैविक खेती से किसान कैसे सामंजस्य बनाएं और उसका जो उत्पादन होता है उसे बाजार से जोड़ करके किस प्रकार ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सकता है, इन सब पहलुओं पर विशेषज्ञ विस्तार से चर्चा की जाएगी। निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव ने बताया कि देश एवं प्रदेश के कई हिस्सों के किसान प्रतिभाग करेंगे।

# सीसीटीवी की जद में आएगा हॉस्टल भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरकोर्ट बटलर टेक्निकल विश्वविद्यालय के हॉस्टल को सीसीटीवी से लैस किया जाएगा। यह निर्णय विवि की उच्चस्तरीय बैठक में लिया गया है। हॉस्टल में कैमरे लगाए जाने के लिए स्पॉट का चयन भी शुरू हो गया है। बैठक में यह भी तय किया गया है कि अब उच्चस्तरीय कमेटी हर महीने वॉर्डन के साथ बैठक करेगी।

एचबीटीयू में 16 अक्टूबर को जूनियर छात्रों की ओर से रैंगिंग की एफआईआर दर्ज कराए जाने के बाद अब विवि प्रशासन सक्रिय हो गया है। लंबे समय से हॉस्टल में कैमरे लगाए जाने के प्रस्ताव को अब हरी झंडी दे दी गई है। विवि की उच्चस्तरीय बैठक में वीसी प्रो डॉ. शमसेर, रजिस्ट्रार अंजू वर्मा, ज्वाइंट रजिस्ट्रार वंदना दीक्षित व चीफ प्रॉक्टर अलख कुमार प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

इनमें यह भी तय किया गया कि अब वॉर्डन के साथ विवि के प्रशासनिक अधिकारी हर महीने बैठक कर हॉस्टल की समस्याओं का समाधान करेंगे। इनमें छात्रों की समस्याओं के साथ ही हॉस्टल में सुविधाओं को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा विवि के छात्रों की ओर से की गई शिकायतों को भी हर महीने बैठक में वॉर्डन कमेटी तक पहुंचाएंगे।





● एचबीटीयू में रैगिंग की घटना के बाद लिया गया निर्णय

● कमेटी हर महीने वॉर्डन के साथ बैठक भी करेगी

### जांच में आ रही दिक्कत

- विवि में रैगिंग का जिन्न बाहर आने के साथ हॉस्टल में कैमरे न होने की वजह से जांच में भी समस्या आ रही है। माना जा रहा है कि उच्चस्तरीय कमेटी जल्द ही जांच रिपोर्ट सौंप देगी। विवि की आंतरिक जांच टीम की ओर से छात्रों की पूछताछ और उनकी विवि परिसर में कार्यप्रणाली को भी रिपोर्ट में शामिल किया गया है।

# मुहूर्त ट्रेडिंग 1 नवंबर को शाम 6 से 7 बजे तक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शेयर बाजार के निवेशकों को जिस शुभ घड़ी का इंतजार रहता है, वो बस कुछ ही दिन दूर है। एनएसई ने संशय दूर कर दिया है। दीपावली के दिन होने वाली 'मुहूर्त ट्रेडिंग' इस बार 1 नवंबर को सायं 6 से 7 के बीच होगी। दिन में शेयर बाजार बंद रहेगा। शाम को एक घंटे के लिए मुहूर्त ट्रेडिंग पर खुलेगा। बीएसई और एनएसई दोनों इंडेक्स ने कहा है कि स्टॉक मार्केट का प्री ओपनिंग सेशन 5.45 बजे से 6 बजे तक होगा।

मुहूर्त ट्रेडिंग में निवेश शुभ माना जाता है। इसमें निवेशकों को बढ़िया रिटर्न मिलने का इतिहास रहा है। सेबी के रिपोर्ट के मुताबिक शहर के निवेशक कैश सेगमेंट में प्रतिदिन औसतन 206 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीद-फरोख्त करते हैं। वायदा सेगमेंट में कारोबार कैश सेगमेंट से कई गुना ज्यादा होता है। इसमें फ्यूचर एंड ऑप्शन दोनों शामिल हैं। बड़ी संख्या में निवेशक कमोडिटी सेगमेंट यानि सोना-चांदी व अन्य कमोडिटी में भी ट्रेडिंग करते हैं।

**5 माह में 21,372 करोड़ के शेयर खरीदे और बेचे:** मौजूदा वित्तवर्ष में एनएसई कैश टर्नओवर में कानपुर की औसत हिस्सेदारी 0.15 प्रतिशत है, वहीं बीएसई के कैश सेगमेंट में हिस्सेदारी 0.08 प्रतिशत है।

इस साल अप्रैल से अगस्त तक कानपुर के निवेशकों ने 21,372 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे और बेचे हैं।





- शहर से 250 करोड़ का शेयर कारोबार होने का लगाया जा रहा है अनुमान
- मुहूर्त ट्रेडिंग में इक्विटी, कमोडिटी और करेंसी तीनों में ट्रेडिंग कर सकते

### मुहूर्त ट्रेडिंग पर 6 साल का रिपोर्ट कार्ड

- 2018 - सेंसेक्स 0.70% ऊपर
- 2019 - सेंसेक्स 0.49% ऊपर
- 2020 - सेंसेक्स 0.45% ऊपर
- 2021 - सेंसेक्स 0.49% ऊपर
- 2022 - सेंसेक्स 0.88% ऊपर
- 2023 - सेंसेक्स 0.55% ऊपर

### उत्साह बरकरार, तरीका डिजिटल हो गया

- यूपी स्टॉक एक्सचेंज की धरोहर वाले कानपुर में निवेशक बढ़-चढ़कर मुहूर्त ट्रेडिंग में हिस्सा लेते हैं। केश्री ब्रोकिंग के को-फाउंडर राजीव सिंह के अनुसार जब ऑफलाइन ट्रेडिंग का बोलबाला था तब मुहूर्त ट्रेडिंग के दिन शेयर ब्रोकर्स के ऑफिस में खासी रौनक रहती थी। अब ऑनलाइन ट्रेडिंग के कारण शेयर कारोबारियों का ब्रोकर्स के ऑफिस जाना काफी कम हो गया है। निवेशकों के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिये मुहूर्त ट्रेडिंग में हिस्सा लेना आसान और सुविधाजनक है।

## कारोबार जगत

टायल्स में अपनी पसंद की फोटो छपवाने का बढ़ा क्रेज, सपनों का घर बनवानों की पहली पसंद बना ग्रेनाइट

# त्योहार की धूम : बाजार में थ्री डी डिजाइनर टायल्स ने भी दी दस्तक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दीपाचली पर घरों की मरम्मत व सजावट के चलते मार्बल और टायल्स बाजार में भी रौनक आ गई है। खरीदार इस बार बाजार में नई तरह की टायल्स को अधिक पसंद कर रहे हैं। थ्रीडी डिजाइन व खरीदार की पसंद की फोटो वाली टायल्स की सबसे अधिक मांग है। मार्बल की बात की जाए तो घर दूसरों से अलग और सबसे बेहतर लगे इसके लिए सामान्य पत्थरों की तुलना में ग्रेनाइट की खरीदारी सबसे अधिक हो रही है। किदवई नगर मार्बल मार्केट के व्यापारियों ने बताया कि इस समय सबसे अधिक डिजाइनर टायल्स की मांग है। बाजार में नई तरह की टायल्स भी दस्तक दे चुकी है। इस टायल्स में खरीदार अपनी पसंद की फोटो प्रिंट करा सकता है। व्यापारियों ने बताया कि इसके लिए खरीदार को सामान्य टायल्स के मुकाबले लगभग 60 फीसदी अधिक खर्च करना पड़ रहा है। यह टायल्स भी खरीदार को तुरंत नहीं मिलती। ऑर्डर देने के बाद लगभग 20 दिन तक इंतजार करना होता है। इसके अलावा बाजार में थ्रीडी टायल्स भी ग्राहकों को लुभा रहे हैं। इन टायल्स का रंग, डिजाइन और चमक सामान्य टायल्स के मुकाबले अधिक होती है। व्यापारियों ने बताया कि पत्थरों में ग्रेनाइट की मांग सबसे अधिक है। खासतौर पर दक्षिण भारत और राजस्थान से आना वाला ग्रेनाइट अपनी चमक और फिनिशिंग की वजह से सबसे ज्यादा मांग पर है। ग्रेनाइट की मांग बढ़ने एक वजह इसका पहले के मकाबले कम रेट पर उपलब्ध हो जाना भी है।

### 40 फीसदी अधिक कारोबार की उम्मीद

- मार्बल कारोबारियों ने बताया कि शहर मे मार्बल और टायल्स का बाजार लगभग 1 हजार करोड़ रुपये के आस-पास का है। व्यापारियों ने यह भी दावा कि शहर के किदवई नगर में मौजूद मार्बल मार्केट सबसे सबसे बड़ी बाजार है। शहर की बात की जाए तो लगभग सात सौ करोबारी इस व्यापार से सीधे जुड़े हुए हैं। व्यापारियों ने यह भी बताया कि इस बार बाजार में रौनक है। इससे अनुमान लगता है कि औसत कारोबार से इस बार लगभग 40 फीसदी अधिक व्यापार होने की उम्मीद है।

### मार्बल और टायल्स में भी स्कीम

- व्यापारियों ने बताया कि बाजार में व्यापारी अपने स्तरह से खरीदारी करने आए लोगों को स्कीम भी दे रहे हैं। यह स्कीम खरीदारी की बजट पर निर्भर है। इन स्कीम के तहत निर्माण से जुड़े सामग्रियों को उपहार के रूप में देने के साथ ही किराए पर छूट व खरीदारी पर भी छूट शामिल है।



“ शहरवासियों के बीच घरों में अनिवार्य रूप से टायल्स और मार्बल लगाने का रुझान बढ़ गया है। इसका असर कारोबार पर भी पड़ा है। पिछले दो सालों से त्योहारों पर कारोबार बेहतर हो रहा है। इस बार भी बेहतर होने की उम्मीद है। बाजार में आए नए तरह के टायल्स लोगों को बहुत लुभा रहे हैं।

-पवन कुमार गौड़, अध्यक्ष, कानपुर मार्बल व्यापारी सेवा समिति



“ बाजार में हर रेंज के मार्बल और टायल्स इस समय मौजूद है। अधिक रेंज होने के चलते खरीदार अपनी पसंद का सामान खरीद सकता है। अब लोग अपनी पसंद का मार्बल और टायल्स घरों में लगवाते हैं। इसके अलावा मजबूती, डिजाइन और दूसरों से अलग दिखने वाले टायल्स व मार्बल सबसे अधिक मांग पर है।

- आशुतोष दीक्षित, मार्बल व्यापारी

# पुलिस की मौजूदगी में बांटी गई खाद

## जरूरत के हिसाब से किसानों को नहीं मिल पा रही खाद

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** किसानों के लिये दिन पर दिन खाद की किल्लत बढ़ती ही जा रही है। गेहूं व आलू की फसल के लिए खाद का स्टॉक अब सहकारिता विभाग के लिए भी समस्या खड़ी बनता जा रहा है। खाद आते ही समितियों में किसानों की लंबी लंबी कतारें लग जाती हैं। किसानों को समय से व जरूरत के हिसाब से खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे किसानों में रोष उत्पन्न है। साधन सहकारी समिति में खाद बंटवाने के लिये समिति के कर्मचारियों को पुलिस का सहारा लेना पड़ा।

साधन सरकारी समितियां पर किसानों की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिल रही है। आलम यह हो गया है कि किसानों को खाद लेने के लिये भारी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। साधन सहकारी समिति में किसानों की भारी भीड़ पहुंचने पर समिति के लोगों ने पुलिस को बलाकर व्यवस्था को संभालने के लिये कहना पड़ा। सहकारी समिति के कहने पर थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने मौके पर पुलिस बल भेज कर खाद बंटवाई। इसी तरह विषधन कस्बे की साधन सरकारी समिति पर भी दर्जनों किसानों के साथ दिनभर खाद वितरण की समस्या से विभाग के कर्मचारी जूझते रहे। वहीं समिति के कर्मचारियों का कहना है कि हमारी मांग के अनुसार हमें खाद नही मिल पा रही है, जिसके चलते हम किसानों को संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं और समिति में खाद न होने को कारण ही आए दिन वितरण के दौरान झगड़ा फसाद होता रहता है। इसी तरह दलेलपुर साधन सहकारी समिति में खाद न होने से किसान भटकते रहे और बार बार समिति में जाकर कर्म चारियों से खाद के आने के बारे में पूछते रहे लेकिन उन्हें खाद नहीं मिल पायी। इससे किसान मायूस होकर वापस जाते हुए और व्यवस्था को कोसते हुए दिखाई दिये।

वहीं सहकारिता विभाग के अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि लगातार बिल्हौर तहसील क्षेत्र की सभी समितियों में खाद उपलब्ध कराई जा रही है। ज्यादा भीड़ हो जाने पर किसान खाद की बोरी पहले लेने के लिए झगड़ा करने लगते हैं।

इसीलिए पुलिस को बुलाना पड़ता है ताकि यहां पर किसी प्रकार की समस्या या झगड़ा फसाद न हो। किसानों को बराबर खाद दी जा रही है खाद की किसी प्रकार की कोई किल्लत क्षेत्र में नहीं आने दी जाएगी। किसानों को जरूरत के हिसाब से खाद की व्यवस्था कराई जायेगी।


सहकारी समिति के बाहर खाद लेने के लिये लगी किसानों की भीड़। अमृत विचार

### उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने को छापे

**कानपुर।** सोमवार को जिला कृषि अधिकारी अमर सिंह ने उर्वरक की कालाबाजारी रोकने के लिए विकास खण्ड चौबेपुर एवं शिवराजपुर में उर्वरक बिक्री केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उर्वरकों की उपलब्धता व वितरण की समीक्षा की। यह पाया गया कि सहकारी व निजी क्षेत्र में फास्फेटिक उर्वरक कृषकों के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि पीसीएफ के गोदामों में उपलब्ध फास्फेटिक उर्वरकों में से लगभग 250-300 मीट्रिक टन की आपूर्ति प्रतिदिन सहकारी संस्थाओ को बिक्री के लिए की जा रही है। उर्वरकों की अनुपलब्धता या कालाबाजारी पाये जाने पर किसान अपर जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नम्बर- 6393775438 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# चोरी के 3 मोबाइल के साथ दबोचा गया चोर

संवाददाता बिल्हौर

- पहचान छिपा कर रहता था ककवन में ,चोरी के बाद चला जाता था कानपुर

**अमृत विचार।** ककवन पुलिस को एक शातिर चोर पकड़ने में कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने उसके पास से 3 मोबाइल की बरामद किये हैं। वहीं पुलिस ने उससे पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया।

कानपुर पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध दिखने पर एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की तो पुलिस के होश उड़ गए। वहीं थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि ने बताया कि पूछताछ करने उसने अपना नाम गुलफाम उर्फ सोनू पुत्र साकिर निवासी कर्नलगंज थाना बजरिया बताया। यहां पर वह अपनी मौसी के घर ककवन कस्बे में रहता था। वह दिन में घूम घूम कर घरों की रेकी करता था और रात उन घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देता था। आरोपी के विरुद्ध कानपुर शहर के कई थानों में मुकदमा दर्ज हैं। वह 8 मुकदमों में वांछित चल रहा है। उसने कस्बे के कई घरों में चोरी की वारदात को स्वीकार किया है। उसके पास से चोरी किये गये 3 मोबाइल बरामद भी हुए हैं। इसके अतिरिक्त उसके पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है।


पुलिस की गिरफ्त में चोर गुलफाम।

### कार से लैपटॉप हुआ चोरी

**कल्याणपुर।** विनायकपुर की इनकम टैक्स सोसायटी निवासी अजय कुमार तिवारी ने बताया कि नौ अक्टूबर को वह अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे। तभी थमसप तिराहा के पास स्थित चाय की दुकान पर रुककर अपने मित्र के साथ वह चाय पीने लगे। इसी बीच कार में रखा उनका लैपटॉप किसी ने पार दिया। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### सम्मन विनावर इनफिसाल मुकदमा
(आर्डर 5, कायदा 1 व 5)

व अदालत उपजिलाधिकारी न्यायिक
(तह0राजापुर मुद्दई
नम्बर मुकद्मा
मौजा–रायपुर बॉगर ,तह0 राजापुर
धारा– 144 उ0प्र0राज0
तारीख पेशी–16/10/2024
साकिन
शत्रुधन
बनाम
छोटेलाल आदि

दरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिस बावत के दायर लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आ0 ता0 16 माह 10 सन् 2024 ई0 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार बाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जवाब ऐसे सवालात को दे हाजिर हो और जवाब देहीदात काकर और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर है वास्ते इनमिसाल कतई मुकदमा की तहजीब हुई है आप को लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसका आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख सन् 2024 ई0 जारी किया गया।

1. छोटेलाल पुत्र गया प्रसाद,2. होरिज प्रसाद पुत्र शिवनन्दन, 3. चन्द्रिका प्रसाद, 4.ओमकारनाथ पुत्र शिवनन्दन, 5. छेदीलाल पुत्र शिवनन्दन, 6. कैलाश पुत्र कुन्जल , 7. प्रेमप्रकाश पुत्र कुन्जल , 8. जय प्रकाश पुत्र कुन्जल , निवासीगण–रायपुर, ग्रम राजापुर, 9. सत्यदेव पुत्र चन्द्रपाल, 10. जयदेव पुत्र पुत्र चन्द्रपाल, 11.शिवदेव पुत्र चन्द्रपाल, 12. लवलेश पुत्र नत्थू निवासीगण–भभेट, तह0 राजापुर, 13. फूलकली बेवा भागवत प्रसाद,14. बच्चीलाल पुत्र धनराज, 15. रानी देवी पत्नी स्व0 धनराज, 16. बालगोविन्द पुत्र चन्द्रशेखर, 17. अनिल कुमार पुत्र चन्द्रशेखर, 18. झल्लू उर्फ गिरजाशरण निवासीगण–रायपुर तह0 राजापुर, 19. शशीभान सिंह, 20.रवीभान सिंह पुत्रगण श्याम बहादुर सिंह, 21. माधुरी सिंह पत्नी स्व0 श्यामबहादुर सिंह, 22. इन्द्रभान सिंह पुत्र करन सिंह, 23. चन्द्रभान सिंह पुत्र करन सिंह, 24. बबलू सिंह पुत्र करन सिंह, निवासीगण– रायपुर, तह0 राजापुर जनपद–चित्रकूट, 25. रामवती पत्नी स्व0 जय सिंह नि0–रायपुर तह0 राजापुर, 26. जगदीश सिंह पुत्र रामदय सिंह, नि0 रायपुर, 27. शिवमूरत सिंह पुत्र अंगद सिंह, जि0 रायपुर, 28. माता प्रसाद सिंह पुत्र रूद्रपाल सिंह नि0 रायपुर, 28. कृष्णपाल सिंह व राहुल सिंह पुत्रगण जंगबहादुर सिंह व उर्मिला उर्फ विमलेश देवी पत्नी जंगबहादुर सिंह, निवासी–रायपुर, 30. सुजाता पत्नी चन्द्रिका प्रसाद, नि0–रायपुर, तह0 राजापुर, 31. कंचन व विजय शंकर सिंह, 32. कंचन सिंह पुत्र रामकृपाल सिंह, नि0 रायपुर, तह0 राजापुर, 33. विजय शंकर पुत्र रामकृपाल सिंह, नि0–रायपुर तह0 राजापुर,34. संजीव सिंह पुत्र बलवीर सिंह व शान्ति देवी पत्नी बलवीर सिहं, नि0 रायपुर 35. सर्वेश कुमारी पत्नी सत्यवीर व रामेन्द्र सिंह, नि0 रायपुर, तह0 राजापुर, 36. रघुवीर सिंह पुत्र शिव प्रताप सिंह, नि0 रायपुर तह0 राजापुर 37. शिववीर सिंह पुत्र शिव प्रताप सिंह, नि0 रायपुर तह0 राजापुर, 38. सरकार उ0प्र0 जरिये कलेक्टर साहब, चित्रकूट , 39. ग्राम पंचायत रायपुर जरिये प्रधान तह0 राजापुर

आज्ञा से
उपजिलाधिकारी(न्यायिक)
जिला चित्रकूट राजापुर

# खेत में बकरियां जाने पर सगे भाइयों को पीटा

संवाददाता बिधनू

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र अंतर्गत खड़ेसर चौकी के शम्भुआ गांव में खेतों में बकरी जाने की मामूली बात पर बाप -बेटों ने मिलकर 3 सगे भाइयों की बेरहमी से पिटाई करते हुए लहूलुहान कर दिया। पीड़ित पक्ष द्वारा बिधनू पुलिस को तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगाई गयी है। फिलहाल पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा है। वहीं पुलिस का कहना है कि आगे की कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है।

गांव निवासी अरुण पुत्र पुत्तन लाल कुरील ने बताया की उनके घर के पीछे गांव के ही पप्पू कुशवाहा के खेत हैं। सोमवार सुबह पप्पू के खेतों में मेरी बकरियां चली गयी थी, जिसको लेकर पप्पू से उसने माफ़ी मांगी और फिर से बकरियों के खेत में न आने की बात कहते हुए चला गया। थोड़ी देर बाद पप्पू अपने दो बेटों रोहित व अंकुर के साथ लाठी -डंडे लेकर उसके घर आ गया और घर के बाहर बैठे छोटे भाई करन व विजय के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया, जिससे उन दोनों को गंभीर चोटें आ गईं। एक भाई का सिर फट गया और दूसरे भाई हाथ टूट गया। वहीं बीच बचाव में अरुण की भी बेरहमी से पिटाई करते हुए हमलावर भाग निकले। घायल तीनों भाई खड़ेसर चौकी पहुंचे,जहां से उन्हें बिधनू थाने भेजा गया। थाना पुलिस द्वारा तहरीर लेकर उन्हें उपचार के लिए भेजा गया है।


विजय।


करन।

# कार एजेंसी के निदेशक समेत 27 पर एफआईआर

**कानपुर।** एडवोकेट शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि उनके पास हुंडई कम्पनी की वरना कार है। यह कार सन 2017 में मेसर्स आरएनजी एक्सपोर्ट इण्डिया के नाम से खरीदी गई थी। कार की सभी सर्विस खन्ना ऑटो सेल्स प्राइवेट लिमिटेड के सर्विस प्रतिष्ठान स्थित सिविल लाइन्स में करायी जाती रही है। कई वर्षों से खन्ना हुंडई के निदेशकों द्वारा प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपने नियुक्त कर्मचारियों के माध्यम से लाखों रूपये प्राप्त किये गये है। 19 अगस्त 2024 को उनका ड्राइवर बच्चों को छोड़ने के लिए इसी कार से नोएडा जा रहा था। मथुरा- आगरा के बीच कार बन्द हो गयी। उन्होंने मामले में खन्ना हुंडई स्वरूप नगर के निदेशक पुनीत खन्ना, निदेशक सुमित खन्ना, सुमित सिंह, नागेन्द्र सिंह चौहान, हुंडई कम्पनी के सीईओ उनसू किम समेत 27 पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अभियान : डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की खाद्य सामग्री सीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नवरात्र में सीज खाद्य सामग्री को कोर्ट के आदेश पर नष्ट कराया जाएगा
- मिलावट के खिलाफ एफएसओ, एफएसडब्ल्यू टीमें सक्रिय
- हर टीम को 4-4 क्षेत्रों की जिम्मेदारी, खाद्य वैन से नमूनों की होगी जांच

**अमृत विचार।** करवाचौथ व दीपावली त्योहार को देखते बाजारों में खाद्य विभाग की सक्रियता बढ़ी है। क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) की निगरानी है। टीमें लगातार दुकानों पर छापा मारकर नमूने भर रही हैं। नवरात्र में व्रत सामग्रियों के लिए गए नमूने फेल होने से खाद्य विभाग मिलावट के खिलाफ लगातार अभियान चला रहा है। छापेमारी के लिए चार क्षेत्रों की एक टीम बनाकर अभियान चलाया जा रहा है। डेढ़ करोड़ से अधिक की खाद्य सामग्री सीज की गई है।

सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने बताया एफएसओ और एफएसडब्ल्यू टीम को बाजारों पर नजर और खाद्य पदार्थों की जांच के सख्त निर्देश दिए गए हैं। अभी नवरात्र में ही खाद्य सामग्रियों में काफी अनियमितता पाई गई है। व्रत की सामग्रियां खाने योग्य नहीं मिली थी। नवरात्र में विभाग ने छापेमारी कर डेढ़ करोड़ से अधिक का माल सीज किया। 108 नमूनों पर कार्रवाई की। दुकानदारों पर कार्रवाई की गई और खाने योग्य सामग्री न होने पर उसे जब्त कर लिया गया। नयागंज, कलक्टरगंज के दो दर्जन व्यापारियों के कोल्ड स्टोर में रखे साबुत माल की जांच कर 17 नमूने लिए थे। जिनके खिलाफ नोटिस जारी की गई है।

मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू है। जब्त माल कोर्ट के आदेश पर नष्ट कराया जाएगा। हर क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के नेतृत्व में टीमें बनी हैं। इसके अलावा वैन भी बाजारों में घूम रही है। गुरुवार को शिकायत मिलने पर एक टीम बिल्हौर की बाजारों में जांच के लिए भेजा गया है। रंग-बिरंगी मिठाइयों, पनीर, दही, खोया, सब्जी मसाला, तेल आदि पर ज्यादा फोकस है। सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय संजय प्रताप सिंह ने बताया मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए टीम के साथ एक वैन नियमित बाजारों में घूम रही है। सामग्रियों के नमूने भरे जा रहे हैं। वैन में जांच की सुविधा होने के कारण तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस ने 5 जुआरियों को भेजा जेल

**घाटमपुर।** पुलिस को क्षेत्र में हो रहे जुएं की जानकारी मिलने पर पुलिस ने छापा मार कर मौके से 5 जुआरियों को रुपये ताश की गड्डी के साथ गिरफ्तार कर लिया।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कुढ़नी कस्बे के जंगली बाबा मंदिर के पास जुआ खेल रहे 5 जुआरियों को ताश की गड्डी व रुपये समेत गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये जुआरियों के नाम अरुण कुमार निवासी बांग्ला, नीरज सिंह निवासी बांग्ला, रोहित निवासी सुंदरपुर तथा सोनू निवासी बांग्ला है। जुए की फड़ से 5700 रुपये व जुआरियों की जामा तलाशी में 1900 रुपये मिले। पुलिस ने पकड़े गये सभी के युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए सभी को जेल दिया। वहीं पुलिस का कहना है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी।

## सार-संक्षेप

### 764 करोड़ से सुधरेगी बिजली आपूर्ति व्यवस्था

**कानपुर।** केंद्र सरकार ने बिजली वितरण में सुधार के लिए केस्को को 764 करोड़ मंजूर किए हैं। बीते तीन साल से शहर में बिजली संकट सुधर नहीं रहा है। इसका मुख्य कारण लोड बढ़ना है। उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ने के अनुपात में सबस्टेशनों की संख्या में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है। इस कारण गर्मी में बिजली संकट से जूझना पड़ता है। इस बार गर्मी में 400 से अधिक ट्रांसफार्मर ओवरलोड हुए थे। जंपर, सीटी, ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरण फुंकने से लोगों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ा था। वर्ष 2027 तक शहर में बिजली आपूर्ति सुधारने के लिए केंद्र सरकार ने 764 करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। अब राज्य सरकार की ओर से भी केस्को को सुधार कार्यों के लिए राशि दी जाएगी। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला ने बताया कि केंद्र सरकार ने जो बजट मंजूर किया है, उससे 6 नए सबस्टेशन बनेंगे। कई क्षेत्रों में 11 व 33 केवी के अलावा एबीसी लाइन डाली जाएगी। हाईटेक क्षमता के उपकरण लगाए जाएंगे, जिसमें वीसीबी, आरएमयू, एमसीसीबी, जंपर, सीटी, जंक्शन बॉक्स, सीटी बॉक्स आदि शामिल हैं। पेट्रोलिंग और शिकायतों के निवारण के लिए नए वाहन मंगाए जाएंगे। ताकि बिजली के कार्यों को करने में कोई समस्या न आने पाये।

### मंदिर के ट्रस्टी के विवाद में 32 पर रिपोर्ट

**कानपुर।** कलक्टरगंज थानाक्षेत्र के पुरानी दाल मंडी निवासी राधा कृष्ण जी महाराज ने दर्ज एफआईआर में आरोप लगाया कि इटावा बाजार में राधा कृष्ण महाराज की मूर्तियों की स्थापना करवाई थी। अपनी सारी संपत्ति मंदिर को समर्पित कर दी थी। श्रीराम शुक्ला सर्वरकार के रूप में मंदिर की देखरेख करते रहे। बताया कि ट्रस्टियन की मृत्यु हो जाने के बाद उनका पद रिक्त हो जाने पर नई व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद सुरेंद्र कुमार जायसवाल, अनीता कुमार जायसवाल, आशीष कुमार जायसवाल, मो हसरत, प्रदीप यादव, अन्नू यादव, अशोक कुमार केसरवानी और 20-25 अज्ञात लोगों ने हस्तक्षेप कर बवाल किया। इस पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। लेकिन पुलिस के सुनवाई न होने पर कोर्ट का सहारा लिया। जिस पर कोर्ट के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ खिलाफ बलवा, धमकी, गालीगलौज, लूट समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है।

### रेलमंत्री से साझा की सफर की पीड़ा

**कानपुर।** लखनऊ निवासी महेंद्र खंडेलवाल ने 16 अक्टूबर को ट्रेन संख्या 19716 से लखनऊ से जयपुर की यात्रा के दौरान हुई कठिनाई को रेल मंत्री से लेकर उच्च अधिकारियों तक से साझा किया है। यात्री का कहना है कि लखनऊ से ट्रेन में सवार हुए लेकिन कानपुर तक कोच में कोई टीटीई नहीं आया। अनवरगंज स्टेशन पर टीटीई ने यात्रियों के टिकट चेक किए। कोच में बदबू आ रही थी। यात्रियों को पूरा बिस्तर भी नहीं दिया गया। कंबल की हालत बहुत खराब थी। तौलिया और तकिया कोच अटेंडेंट ने मांगने पर दिया। खानपान की वस्तुओं की कीमत निर्धारित से ज्यादा वसूली गई। उनके सेकंड एसी कोच में बर्थ नंबर 15,16,17, 18 पर बिना टिकट कई लोगों को यात्रा कराई गई।

### सजेती पुलिस ने दुष्कर्म का मामला शांति भंग में निपटाया

**घाटमपुर।** पुलिस ने पीड़ित के साथ खेल करते हुए एक अजीबो गरीब व बड़ा मामला हल्के में निपटा दिया। पुलिस ने एक नाबालिग बच्ची के साथ् हुए दुष्कर्म के मामले के आरोपी को शांति भंग के मामले में जेल भेज कर इतिश्री कर लिया। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सजेती थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने एसीपी घाटमपुर रंजीत कुमार को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि। उसकी नाबालिग पुत्री के साथ गांव के ही एक व्यक्ति अगवा कर उसे दो दिन तक अपने घर में रखकर उसके साथ् दुष्कर्म किया था। दुष्कर्म कर्मी के चुंगल से छूटी मेरी नाबालिग14 वर्षीय पुत्री ने घर आकर आप बीती बताई। इसके बाद उक्त घटना की लिखित जानकारी सजेती पुलिस को दी गई। सजेती पुलिस ने बड़ा खेल करते हुए दुष्कर्म के आरोपियों को 151 में शांति भंग के मामले में जेल भेज दिया और तो और मेरी पुत्री का मेडिकल भी नहीं कराया। इसके बाद उक्त आरोपी युवक व उसके भाइयों के द्वारा हम लोगों को बराबर धमकाया जा रहा है। पीड़ित किशोरी की मां ने एसीपी रंजीत कुमार सिंह को प्रार्थना पर देकर न्याय की गुहार लगाई है। एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा अगर इस मामले में कोई दोषी पाया जायेगा तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जायेगी किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा।

# फिल्मी गानों और भजनों पर हुआ डांडिया रास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लाजपत भवन में डांडिया नाइट 3.0 का हुआ जोरदार आयोजन

**अमृत विचार।** अवि फाउंडेशन और दि कानपुर फ्रेम प्रोडक्शन की ओर से लाजपत भवन में डांडिया नाइट 3.0 में लोगों ने नाम रे सबसे बड़ा तेरा नाम ओ व अन्य भजनों व फिल्मी गानों पर जमकर मस्ती की और डांडिया खेला। कार्यक्रम की शुरुआत एंकर प्रतीक त्रिवेदी व अनुभव त्रिपाठी ने अपने कनपुरिया अंदाज में किया। डीजे कानपुर के डीजे यश, कोलकाता से सेलिब्रिटी डीजे जेनी व इंदौर से सेलिब्रिटी डीजे एमिली ने अपने संगीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक के बाद एक फिल्मी गानों पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। एक हजार से ज्यादा लोगों ने जमकर नृत्य किया। मुख्य अतिथि के रूप महापौर प्रमिला पांडेय व मिस्टर वर्ल्ड 2022 करन कपूर ने लोगों को संबोधित किया। अवि फाउंडेशन की अध्यक्ष कनिष्का त्रिवेदी, कानपुर डांडिया नाइट 3.0 के आयोजक आरजे रजत आदि उपस्थित रहे।


लाजपत भवन में डांडिया नाइट कार्यक्रम में नृत्य करतीं युवतियां। अमृत विचार

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के गुलरहा गांव में सोमवार की सुबह पैदल जा रही एक महिला को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला घायल हो गई जबकि बाइक सवार भाग गया। मौजूद लोगों ने उसे सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

घटना सुबह 11:00 बजे की है जब रहीमपुर विषधन की ओर जा रहे बाइक सवार ने संध्या पत्नी राजेश कुमार (35) निवासी गुलरहा को टक्कर मार दी,जिससे वह सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत गंभीर देखकर डॉक्टर उसे कानपुर रेफर करने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन इस बीच ही उसकी मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों से तहरीर मिलने के बाद आग की कार्रवाई की जायेगी।

# मैट्रिमोनियल साइट से 2.5 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नवाबगंज थानाक्षेत्र का मामला, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार।** शहर के दो थानाक्षेत्रों में साइबर ठगी के मामले सामने आए हैं। जहां एक ठगी वैवाहिक रिश्ते के लिए मेट्रिमोनियल साइट से की गई तो वहीं दूसरे साइबर ठग ने अस्पताल में भर्ती होने की बात कहकर 1 लाख ठग लिए।

चंद्र विहार विकास नगर नवाबगंज निवासी कृतिका त्यागी ने पुलिस को बताया कि मुझे राजू मैट्रिमोनियल सर्विस के नाम से एक मैट्रिमोनियल के बारे में जानकारी मिली। इस पर फोन पर बात की। उन्होंने वैवाहिक रिश्ते भेजने के लिए 2.5 लाख रुपयों की मांग की। जिसमें वर की संपूर्ण जानकारी जैसे पिता का नाम, बिजनेस आदि के बारे में आश्वासन दिया। बताया कि उनकी बातों पर यकीन करते हुए बताई राशि खाते में जमा करवा दी। डेढ़ लाख रुपये पिता रविंद्र देव त्यागी ने डाले वहीं एक लाख की धनराशि मां अनुराधा ने बताए खाते में डाले। पीड़िता के अनुसार इसके बाद जब मैट्रिमोनियल साइट पर संपर्क किया गया तो वह बताई गई सभी बातों से मुकर गई और पैसा लौटाने से मना कर दिया। पीडिता ने मैट्रिमोनियल साइट धारक व खाता धारक के खिलाफ आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### हैलो में हीरा बोल रहा हूं...

सीसामऊ थानाक्षेत्र के चंद्र नगर निवासी संजय वर्मा ने दर्ज एफआईआर में बताया कि 23 सितंबर को एक कॉल आई बोला कि मैं तुम्हारा मित्र हीरा बोल रहा हूं। मुझे अचानक अस्पताल में खर्चा आ गया है, तुम्हारे अकाउंट में 1 लाख रुपये डलवा रहा हूं मुझे ट्रांसफर कर देना। इसके बाद उसने मुझे क्यू आर कोड भेजा जिसे स्कैन करके गूगल पे द्वारा 1 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया। मैसेज कटने के बाद दोबारा कॉल की तो स्विच आफ बताता रहा। सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया की पीड़ित की तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई है।

# एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल की बॉक्सिंग टीम का रहा शानदार प्रदर्शन

**घाटमपुर।** एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल की बॉक्सिंग टीम ने जबरदस्त व उत्कर्ष प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रियंका गौर के निर्देशन में सरला चोपड़ा डीएवी पब्लिक स्कूल, नोएडा द्वारा आयोजित डीएवी राज्य स्तरीय 2024 इवेंट में डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक स्कूल की बॉक्सिंग टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 5 पदक हासिल किए। इस इवेंट में खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्कूल का मान बढ़ाया। 44-46 किग्रा भार वर्ग में कक्षा 9 से आशुतोष ने स्वर्ण पदक जीतकर पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं 48-50 किग्रा भार वर्ग में कक्षा 9 से तन्मय शुक्ला ने भी स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि 50 प्लस किग्रा भार वर्ग मंश आनंद कुमार ने रजत पदक हासिल किया। 63-66 किग्रा भार वर्ग में कक्षा 9 से प्रथमेश सिंह ने कांस्य पदक व 80 किग्रा भार वर्ग में कक्षा 10 से अभिनव सिंह ने भी कांस्य पदक अपने नाम कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस गौरवमयी उपलब्धि पर स्कूल चेयरमैन, सीईओ एनयूपीपीएल, सीएस संतोष और एनयूपीपीएल सीएफओ अशोक माली एवं डीजीएम एचआर एनयूपीपीएल, कौशिक ने प्रधानाचार्य और बॉक्सिंग टीम को इस शानदार सफलता के लिए बधाई दी।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1517/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 19.10.2024

**सूचना प्रकाशन**
**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सितारा बेगम पत्नी मो0 सगीर खाँ | श्री मोहना पुत्र बालाप्रसाद | सिकन्दरपुरा–3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

### कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 1435/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 10.10.2024

**सूचना प्रकाशन**
**(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण /नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पूजा देवी पत्नी सतीश कुमार | श्रीमती गायत्री चंचौदिया पत्नी जगदीश चंचौदिया | सिकन्दरपुरा–3 | 05 | 579 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

## एक नजर

### 21,300 बोरी एनपीके खाद का जल्द ही होगा वितरण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार को इफको, एनपीके खाद की कानपुर में रैक लग रही है। जिसमें जनपद को 1065 मैट्रिक टन (21300 बैग) प्राप्त होगी। जिसे जिले की सहकारी समितियों के माध्यम से कृषकों में वितरण किया जाएगा।

### अकबरपुर में दिव्यांग बच्चों के लिए 24 को लगेगा कैंप

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. ने बताया गया कि 24 अक्टूबर को अकबरपुर विकास खण्ड कार्यालय परिसर में दिव्यांग बच्चों के कल्याण एवं इनको समृद्ध बनाए जाने के उद्देश्य से एक कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

### ट्यूबवेल की लाइन के तार चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव में अज्ञात चोरों ने बिजली लाइन के तार चोरी कर लिए। कंट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर संतोष सिंह ने बताया कि हसनापुर गांव में ट्यूबबेल की लाइन बिछाने के लिए एल्युमीनियम के तार पांच खंभों पर लगाए थे। जब वह सोमवार को काम कराने पहुंचे, तो देखा दो खंभों की लाइन गायब थी। थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच हेतु मौके पर पुलिस भेजी गई है। जांच रिपोर्ट मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# किसान की हत्या, फतेहपुर में मिला शव

## शिवली कोतवाली क्षेत्र के जुगराजपुर से पांच दिन पहले लापता हुआ था किसान, खेत के लिए निकला था

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के जुगराजपुर गांव से पांच दिन पहले खाद लेने के लिए निकले लापता किसान की हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद उसका शव राम गंगा नहर में फेंक दिया गया, जो रविवार की शाम फतेहपुर जिले के बकेवर क्षेत्र में बरामद हुआ है। किसान के लापता होने के दूसरे दिन ही गांव के बाहर खेत में उसके खून से सने कपड़े मिले थे। पत्नी ने गांव के दो लोगों पर गायब करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस उसका सुराग नहीं लगा सकी।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के जुगराजपुर बिठूर गांव निवासी ओमप्रकाश दिवाकर उर्फ गुड्डू (42) बुधवार की सुबह खाद और बीज लेकर खेत पर बोने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन जब शाम तक वह वापस घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई। परिवार वालों ने पुलिस को जानकारी देने के साथ ही खोजबीन शुरू की। कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की देर रात लापता किसान की पत्नी मालती की तहरीर पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी।



जुगराजपुर में किसान के घर पर मातम पसरा है। अमृत विचार

- परिवार वालों ने पोस्टमार्टम हाउस में शव की शिनाख्त की
- पत्नी ने गांव के दो लोगों पर दर्ज कराई थी एफआईआर

शुक्रवार की शाम गांव के श्याम किशोर पाठक के खेत में उसके काही रंग के पैंट, गेहुंआ रंग की टीशर्ट के टुकड़े खून के धब्बे लगे मिलने से सनसनी फैल गई थी। सूचना पर फोरेसिंक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए थे। कपड़ों में मानव रक्त होने की पुष्टि हुई थी। इसके बाद पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर गांव के ट्रैक्टर चालक नन्हा यादव और ट्रैक्टर मालिक कन्हैया के विरुद्ध ओमप्रकाश को गायब कर देने की रिपोर्ट दर्ज की थी। तब से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

उधर, रविवार की शाम फतेहपुर जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के देवमई गांव के पास रामगंगा नहर में एक शव उतराता मिला। बकेवर पुलिस की सूचना पर शिवली से एसआई गुरेन्द्र प्रताप सिंह किसान ओमप्रकाश के भाई राजेश को लेकर सोमवार को फतेहपुर के पोस्टमार्टम हाउस लेकर पहुंचे, जहां राजेश ने शव की शिनाख्त अपने भाई ओमप्राकश के रूप में की। यह सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। इंस्पेक्टर अपराध संजीव कुमार ने कहा कि फतेहपुर में शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शव गांव लाया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।



जुगराजपुर गांव में तैनात पुलिस। अमृत विचार

### सुरक्षा की दृष्टि से गांव में फोर्स तैनात

लापता किसान ओमप्रकाश दिवाकर का फतेहपुर जनपद में शव मिलने के बाद पुलिस चौकन्ना हो गई है। आरोपी गांव के ही रहने वाले हैं, जिससे गांव में तनाव को देखते हुए जुगराजपुर में सुरक्षा के द्रष्टिकोण से क्यूआरटी सहित कई थानों का फोर्स तैनात किया गया है। फोर्स को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। शव मिलने के बाद ओमप्रकाश की पत्नी मालती और दो बेटियों रसिक और रागिनी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आरोपियों की तलाश में जुटी शिवली पुलिस

किसान ओमप्रकाश दिवाकर के खून से सने कपड़े बरामद होने और तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज होने के बाद दोनों आरोपी फरार हैं। पुलिस लगातार ट्रैक्टर चालक नन्हा यादव और ट्रैक्टर मालिक कन्हैया की खोजबीन कर रही है, लेकिन अभी तक दोनों हाथ नहीं लगे हैं। इंस्पेक्टर अपराध संजीव कुमार का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# हमले की रात बिकरू का मंजर बहुत ही भयावह था

**कोर्ट में सुनवाई**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अभियोजन गवाह बोला, जेल में आरोपियों की शिनाख्त कराई गई या नहीं? मुझे याद नहीं

**अमृत विचार।** बिकरू कांड के मुख्य मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। सोमवार को अभियोजन गवाह ने बचाव पक्ष की जिरह में कहा कि विवेचक ने जेल में मुझसे आरोपियों की शिनाख्त कराई थी कि नहीं? मुझे याद नहीं है। उसने घटना के मंजर को बहुत भयावह बताया। अदालत ने बचाव पक्ष की शेष जिरह के लिए 23 अक्टूबर की तिथि नियत की है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिकरू गांव में 2 जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर कुख्यात विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी, जिसमें 8 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने 45-50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। गोलीबारी में घायल हुए अभियोजन गवाह कांस्टेबल शिवमूरत निषाद के अदालत में बयान दर्ज होने के बाद बचाव पक्ष की ओर से जिरह चल रही है।

सोमवार को आरोपियों राजेन्द्र मिश्रा, जहान सिंह यादव, गोपाल सैनी, शिवम् दलाल, राहुल पाल और प्रशांत शुक्ला उर्फ डब्बू की ओर से बचाव पक्ष ने जिरह की। आरोपी केके शर्मा, सुशील तिवारी उर्फ सोनू, उमाशंकर उर्फ तनके और उमाशंकर उर्फ गुड्डन का गवाह की ओर से अपने बयानों में नाम नहीं लेने के कारण उनकी ओर से बचाव पक्ष ने जिरह नहीं की। जिरह के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष कुमार बाजपेई के शिनाख्त संबंधी सवाल पर गवाह ने कहा कि विवेचक ने उससे जिला कारागार में मुलजिमों की शिनाख्त कराई थी कि नहीं? याद नहीं है।एक सवाल के जवाब में गवाह ने घटना के मंजर को बहुत भयावह बताया। आरोपी राहुल पाल की ओर से बचाव पक्ष की जिरह में गवाह ने राहुल पाल को जानने की बात कही, लेकिन अदालत में हाजिर आरोपियों को देखकर कहा कि राहुल पाल इनमें कौन है? मैं नहीं बता सकता।



पुलिस स्मृति दिवस पर पुष्पचक्र अर्पित करते एसपी। अमृत विचार

# पुलिसकर्मियों का बलिदान याद दिलाता स्मृति दिवस

**कानपुर देहात।** पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस के शहीद जवानों को श्रद्धा-सुमन व पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुलिस गार्द की ओर से सलामी दी गई। श्रद्धांजलि व शोक सलामी के बाद कर्तव्य पालन में आत्म बलिदान करने वाले वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में सभी पुलिसकर्मियों द्वारा दो मिनट का मौन भी धारण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आत्म बलिदान करने वाले पुलिस कर्मियों की शौर्य गाथा सुनाते हुए कहा कि कर्तव्य पालन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के पराक्रम से प्रदेश का सम्पूर्ण पुलिस बल गौरवान्वित है।

## नए कोतवाल के सामने चुनौतियां

**शिवली।** किशोरी की हत्या के बाद कोतवाली शिवली के नए कोतवाल बनाए गए हरमीत सिंह के लिए भी चुनौतियां कम नहीं होंगी। किशोरी की हत्या में शामिल चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार भले ही कर लिया है, मगर गांव में शांति बनाए रखना भी बड़ी चुनौती है।

जुगराजपुर बिठूर गांव से छह दिन पहले गायब किसान ओमप्रकाश का शव फतेहपुर जनपद में मिलने की खबर ने पुलिस के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। इस मामले का पूर्ण खुलासा करना उनके लिए उनके लिए आगे को राह प्रशस्त करेगा। किसान ओमप्रकाश दिवाकर हत्याकांड के सभी आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए अहम है। उल्लेखनीय है कि एक गांव की किशोरी की हत्या में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्कालीन कोतवाल कृष्णानंद राय व बाघपुर चैकी प्रभारी दयानंद झा को पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने निलंबित कर दिया था।

# हत्या में दो भाइयों समेत 3 को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- डेरापुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में छह साल पहले हुई थी हत्या

**अमृत विचार।** डेरापुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में करीब छह साल पहले एक व्यक्ति की हत्या के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए जिला जज ने दो भाइयों सहित तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

डेरापुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के रहने वाले जगदीश व उसके भाई श्याम सुंदर पर 10 अप्रैल 2017 को गांव के ही सतनाम और उसके पुत्र हिमांशु, अनिल व उसके भाई शिवम ने लाठी-डंडे, चाकू और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था। शोरगुल पर बचाने आई श्यामसुंदर की पत्नी रानी, पुत्री ज्योती और जगदीश की पत्नी सुशीला, पुत्री गुड़िया पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया था, जिससे वह भी हमले में घायल हो गई थी। उपचार के दौरान हैलट अस्पताल कानपुर में 20 अप्रैल 2017 को श्यामसुंदर की मौत हो गई थी।इस मामले में जगदीश की तहरीर पर आरोपियों पर हत्या सहित अन्य धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। जिला जज जयप्रकाश तिवारी ने सोमवार को फैसला सुनाया। जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल व सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज सिंह ने बताया कि हिमांशु के नाबालिग होने के कारण उसकी पत्रावली प्रथक कर किशोर न्याय बोर्ड में भेज दी गई थी। सोमवार को अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सतनाम, अनिल और उसके भाई शिवम को उम्रकैद की सजा सुनाई। प्रत्येक दोषी पर साढे.15-15 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।



मूसानगर में सोमवार की सुबह तक चला परशुराम-लक्ष्मण का संवाद। अमृत विचार

# परशुराम-लक्ष्मण संवाद में गूंजे जयकारे

संवाददाता, मूसानगर

- सिकंदरा क्षेत्र के कई गांवों में अन्ना मवेशी मुसीबत बने

**अमृत विचार।** कस्बे में करवा चैथ पर पौराणिक देवयानी सरोवर में रात्रिकालीन एक दिवसीय मेले में रात भर चहल पहल के साथ परम्परागत रामलीला व सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। करवा चौथ पर पौराणिक देवयानी सरोवर में रविवार को दीपदान के बाद रात में सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम में रामलीला का मंचन हुआ।

देवयानी सरोवर रामलीला समिति की ओर से आयोजित रात्रिकालीन रामलीला में धनुष भंग के साथ लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन हुआ। समिति के सदस्यों ने गणेश पूजन के साथ लीला प्रारम्भ कराई। हमीरपुर के परशुराम अभिनेता सर्वेश द्विवेदी और राम के रूप में अवनीश पाण्डेय व हमीरपुर के ही लक्ष्मण अभिनेता प्रदीप पाण्डेय का अभिनय देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए।

इस दौरान रात्रिकालीन मेला में सजी दुकानों से महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। कार्यक्रम देखने उमड़ी भीड़ ने काली देवी मंदिर में सजी सुन्दर झांकी देखी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिहारी लाल ओमर, राकेश कुमार पूर्व प्रधान, सुरेन्द्र, बऊवा ठाकुर, मुकेश सैनी, गुडड्न अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता की तैयारियां तेज

संवाददाता, संदलपुर

**अमृत विचार।** विकास खंड के ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 23 अक्टूबर को ब्लॉक परिसर में होगी। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए अनुशासन समिति, निर्णायक समिति, आय-व्यय समिति, चिकित्सा समिति, लेखा आदि समितियों का गठन कर शिक्षकों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। खेलकूद प्रतियोगिता में साफ-सफाई व्यवस्था के लिए एडीओ पंचायत अश्वनी कुमार की ओर से सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिसमें संदलपुर व हाथूमा न्याय पंचायत के सफाई कर्मी लगाए गए थे।



मैदान की साफ सफाई करते सफाई कर्मी। अमृत विचार

इनमें मात्र अखिलेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार, नीरज कुमार, उग्रसेन, अमीरुल सफाई कर्मी ही उपस्थित रहे। एडीओ पंचायत अश्वनी कुमार ने बताया कि नदारद सफाई कर्मचारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। खंड शिक्षा अधिकारी संदलपुर अशोक कुमार ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन कर शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# जवानों की शहादत कभी भुलाई नहीं जा सकती

**राजपुर।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राजपुर थाने पहुंची एक उम्मीद जनकल्याण सेवा समिति की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव ने अपनी टीम के साथ थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम को पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति की फोटो फ्रेम भेंटकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि देश के पुलिस जवानों की बदौलत हम और आप सुरक्षित हैं, पुलिस जवानों पर गर्व है। अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देते हैं। हमें उन पुलिस जवानों की शहादत को हमेशा याद रखना चाहिए।

- ह जन कल्याण सेवा समिति की सचिव दीक्षा यादव ने थानाध्यक्ष को भेंट किया फोटो फ्रेम



थानेदार को फोटो फ्रेम भेंट करतीं राष्ट्रीय अध्यक्ष दीक्षा यादव। अमृत विचार

## युवक ने खाया जहर सीएचसी से रेफर

**मंगलपुर।** झींझक में संदिग्ध हालात में एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लाए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।

झींझक के वार्ड नंबर एक गांधी नगर निवासी शिवम् कुमार (20) पुत्र चन्द्र प्रकाश ने सोमवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झींझक पहुंचे जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक धीरेन्द्र कुमार ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सार-संक्षेप



शिवली नगर पंचायत की बैठक में मौजूद प्रतिनिधि। अमृत विचार

### शिवली में यात्री प्रतिक्षालय बनवाने का प्रस्ताव पास

**शिवली।** नगर पंचायत शिवली के निकाय बोर्ड की बैठक अध्यक्ष अवधेश कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। चैराहे पर यात्री प्रतिक्षालय बनवाये जाने हेतु प्रस्ताव रखा गया। जिसमें आम सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया। इसी तरह पथ प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था पर चर्चा की गई। साथ ही नगर की टूटी सड़कों को दुरुस्त कराने के लिए शासन से बजट की मांग की गई। निकाय की भूमि का चिन्हांकन कराकर बाउंड्री निर्माण कराया जाने का प्रस्ताव भी रखा गया। इस मौके पर ईओ मनीष कुमार सहित सभासद मौजूद रहे।

### डेरापुर में मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन

**डेरापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक लोगों की जांच की गई। मेले में आए लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और विभिन्न सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा अधीक्षक अशोक कुमार ने किया। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य को नजर अंदाज करना एक गंभीर समस्या बन गई है।मेले में विभिन्न स्तर के स्टॉल लगाए गए थे जहां मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी परामर्श सेवाएं और उपचार दिया गया। मेले में विभिन्न कार्यशालाओं में लोगों को तनाव प्रबंधन चिंता और साथ से निपटने की तकनीके सिखाई गई।इस दौरान डॉ मनोज गुप्ता, डॉ .निष्ठा द्विवेदी, डॉतरुण गोयल, डॉ तौसीफ अली, डॉ हेमा अग्निहोत्री और डॉ श्वेता पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### हार्वेस्टर में एसएमएस यंत्र लगाकर ही करें कटाई

**संदलपुर।** संदलपुर में बिना एसएमएस यंत्र लगाकर फसल कटाई कर रही एक हार्वेस्टर मशीन कीसूचना मिलने पर सिकंदरा एसडीएम श्याम नारायण शुक्ला ने हार्वेस्टर मशीन चालक के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिएहैं। तहसील प्रशासन की ओर से पराली प्रबंधन के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पिछले दिनों गोष्ठी के जरिए किसानों को पराली न जलाने एवं उसके प्रबंधन के बारे जागरूक किया गया था। धान की कटाई कर रही हार्वेस्टर मशीनों में एसएमएस यंत्र लगाने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि हार्वेस्टर मशीनों में एसएमएस यंत्र लगाकर ही फसल कटाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अब बिना एसएमएस यंत्र लगी हार्वेस्टर मशीनों को फसल काटते पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 गानाहाँ विकास खण्ड अमरौधा थाना देवराहट न्याय पंचायत देवराहट तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात की एक आवश्यक बैठक दिनांक 22/10/2024 को ग्राम गानाहाँ के सरकारी स्कूल परिसर में दोपहर 12 बजे प्रस्तावित की गयी है। जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनायें।

निवेदक
दिनेश कुमार पुत्र पंचम सिंह
मुख्य प्रवर्तक प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 गानाहाँ
विकासखण्ड अमरौधा तहसील भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात

**बैठक** जिलाधिकारी बोले, व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करें अधिकारी

# रनियां सर्विस रोड के बिजली खंभे शीघ्र हटेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग व व्यापार बन्धु की मासिक बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट सोमवार को किया गया। बैठक में रनियां औद्योगिक क्षेत्र के सर्विस रोड से विद्युत पोल हटाए जाने के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि करीब 30 पोल हटाये जाने बाकी है. जिन्हें शीघ्र हटा लिया जाएगा।

जिलाधिकारी की ओर से विद्युत विभाग व एनएचएआई को समन्वय कर सर्विस रोड से पोल शीघ्र हटाने को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र में अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संयुक्त टीम भेजकर औद्योगिक क्षेत्र से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण कराया जाए। औद्योगिक क्षेत्र जीसी जैनपुर में सीईटीपी के संचालन के संबंध में यूपी सीडा को कार्य पूर्ण करा कर संचालन कराने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी आलोक सिंह ने सोमवार को बैठक में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। अमृत विचार

उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र के सड़कों व नालियों का अभियान चलाकर गड्ढा भराने व नालियों की सफाई कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में जल भराव न होने पाए। औद्योगिक क्षेत्र की सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर करने के लिए जीएम डीआईसी को निर्देशित किया। कि बैठक में कुम्भी औद्योगिक क्षेत्र स्वीकृति हेतु उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी को धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद, उद्यमी, व्यापारी आदि रहे।

# स्कूलों में विशेष टीएलएम से पढ़ेंगे दिव्यांग नौनिहाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- हर दिव्यांग छात्र के लिए 1000 की धनराशि मुहैया कराई गई

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के दृष्टिबाधित छात्रों को विशेष टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मैटीरियल) के जरिये पढ़ाया जाएगा। हर दिव्यांग छात्र के लिए एक हजार की धनराशि मुहैया कराई गई है। शासन स्तर से बजट आवंटित होने के बाद विशेष शिक्षण सामग्री खरीदने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

समेकित शिक्षा के तहत स्कूलों में पंजीकृत बच्चों को पढ़ाने के लिए विशेष शिक्षकों को नियुक्त किया गया है। वह बच्चों को रुचि के अनुसार सरल, सुगम और अच्छे पाठ्यक्रम की पढ़ाई कराएंगे। नोडल शिक्षक इसका प्रयोग दिव्यांग बच्चों में उपयुक्त संप्रेषण के तरीके को बढ़ाने और विषय वस्तु को सिखाने में करेंगे। इसके लिए जिले में पंजीकृत दृष्टिबाधित व अल्प दृष्टि बाधित बच्चों को टीचिंग लर्निंग मैटीरियल की खरीद होगी। टीचिंग लर्निंग मैटीरियल में विभिन्न प्रकार के चार्ट और मॉडल शामिल रहेंगे।

इसके अलावा स्पर्शीय नक्शा, नंबर कार्ड (ब्रेल के साथ), स्पर्शीय वर्णमाला कार्ड, मैग्नेटिक बोर्ड, फ्लैश बोर्ड हिंदी वर्णमाला, शब्द कार्ड, गिनती कार्ड, शब्द-वाक्य चित्र, स्केच पेन, वैक्स रंग भी शामिल रहेंगे। साथ ही फल-सब्जी, परिवहन के साधन, पशु-पक्षी मॉडल, घर, स्कूल, मंदिर, मस्जिद, चर्च व मैचिंग गेम शामिल रहेंगे।

# अप्रशिक्षितों के हाथ ड्रोन की कमान, खतरे में लोगों की जान

अमृत विचार विशेष

बृजेंद्र प्रताप सिंह, सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** शादी-विवाह से लेकर शासकीय आयोजनों के दौरान भी ड्रोन कैमरों का उपयोग इन दिनों बढ़ा हुआ है। लेकिन ड्रोन उड़ाने वाले अधिकांश लोगों को यह तक पता नहीं है कि इसके उपयोग से पहले उन्हें पुलिस और प्रशासन की स्वीकृति लेना अनिवार्य है। वे सिर्फ आयोजनों में ड्रोन उड़ाने की फीस लेकर अपना काम शुरू कर देते हैं। जबकि लोगों के सिर पर मड़राते ड्रोन के अनियंत्रित होने से उनकी जान तक जा सकती है।



ड्रोन कैमरा। अमृत विचार

● सफीपुर क्षेत्र में बिना लाइसेंस व प्रशिक्षण के अप्रशिक्षित उड़ा रहे ड्रोन

बता दें कि आधुनिकीरण के युग में ड्रोन का प्रयोग लगातार बढ़ रहा है। शादी बारात में व अन्य मांगलिक कार्यक्रमों में भी चार पंखों से उड़ते हुए ड्रोन कैमरे देखकर हर कोई आकर्षित होता है। कभी ऊपर से तो कभी सामने से चलती हुई तस्वीरें कार्यक्रमों में आकर्षण का केंद्र होती हैं। परंतु मानकविहीन ड्रोन व इन्हें उड़ाने वाले अप्रशिक्षित लोग आमजन के लिए जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। इन अप्रशिक्षितों के पास ड्रोन उड़ाने का लाइसेंस तक नहीं होता है। परंतु ड्रोन चलाकर वह अपनी और लोगों की जान खतरे में डालते हैं। वहीं, गैर पंजीकृत ड्रोन व उन्हें चलाने वाले आंतरिक सुरक्षा को भी खतरा साबित हो सकते हैं।

**प्रशिक्षण लिए बिना उड़ा रहे ड्रोन :** ड्रोन उड़ाने के लिए बनी नियमावली के मुताबिक किसी व्यक्ति या संपत्ति को खतरा होने पर ड्रोन उसके ऊपर से नहीं उड़ाया जा सकता है। ड्रोन उड़ाने के लिए प्रशिक्षण अति आवश्यक है। लेकिन, सैकड़ों लोग बिना प्रशिक्षण के ड्रोन कैमरा उड़ा रहे हैं।

### ड्रोन उड़ाते समय सावधानी जरूरी है

- ड्रोन उड़ाने के दौरान न सिर्फ उसे उड़ाने वाले को सावधानी रखनी होती है बल्कि ड्रोन के आसपास रहने वालों को भी सतर्क रहना जरूरी है। ड्रोन का उपयोग करने वाले जानकारों का कहना है कि ड्रोन उड़ाते वक्त इससे उचित दूरी जरूरी है। संभव हो तो ड्रोन के नीचे न आएं। ड्रोन उड़ाने वाले से बातचीत न करें। इससे उसका ध्यान भटक सकता है। ड्रोन उड़ाने वाले से उसका प्रशिक्षण प्रमाणपत्र देखने के साथ पुलिस व प्रशासन से ली गई स्वीकृति पत्र भी जरूर देखें।

### क्या बोले लोग

- समाजसेवी हरिपाल सिंह ने कहा कि ड्रोन से फायदे कम और नुकसान अधिक है। वर्तमान समय में चोर भी इसका सहारा लेकर ऊपर से ही घरों की स्थिति देखकर वहां चोरी की घटना को अंजाम दे सकते हैं। वहीं, सफीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामखेलावन ने कहा कि आजकल ड्रोन कैमरों का प्रचलन विवाह आदि आयोजनों में बढ़ा है। यह समाज के लिए खतरा हो सकता है।

### ड्रोन उड़ाने के नियम

केंद्र सरकार ने 25 अगस्त 2021 को ड्रोन से संबंधित नियमावली जारी की थी। जिसमें न सिर्फ ड्रोन उड़ाने व खरीदने के नियम बताए गए बल्कि इसकी ऊंचाई, रफ्तार और वजन की भी जानकारी दी गई है। इसमें स्पष्ट है कि ड्रोन से हुई दुर्घटना के 48 घंटे में ड्रोन पायलट डिजिटल स्काई प्लेटफार्म के जरिए महानिदेशक को जानकारी देगा। नियमावली के अनुसार तय मापदंड पूरा करने के बाद ही ड्रोन उड़ाने की अनुमति दी जाएगी।

## एक नजर

### गलत नंबर प्लेट के मिलीं 36 बाइकें हुईं सीज

**पुरवा।** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर चल रहे अपराध व अपराधों पर लगाम लगाने के तहत कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र मिर्री चौराहा, बस स्टेशन, राजाबाजार, खिन्नी मोड़, बिछिया, मंगतखेड़ा, बाजीखेड़ा आदि स्थानों में सर्राफा दुकानों, पेट्रोल पंप व एटीएम आदि स्थानों पर दोपहिया वाहनों की चेंकिग की। इसमें ज्यादातर के अभिलेख सही नहीं मिले। इस पर 36 वाहनों को कोतवाली लाकर सीज कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी राकेश गुप्ता ने बताया कि अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए अभियान चलाया गया। बिना नंबर व नंबर प्लेट में गड़बड़ी मिलने कार्रवाई की गई है। बताया कि इसके पीछे मंशा है कि बिना नंबर की गाड़ियों से अपराध करने वालों पर नियंत्रण किया जा सके।

### ट्रक की टक्कर से खंती में गिरी डीसीएम, दो घायल

**गंजमुरादाबाद।** इटावा के जसवंतनगर थानांतर्गत पड़रपुरा गांव निवासी राजेश पुत्र दयाराम आगरा से डीसीएम में प्लास्टिक की बोतलें लादकर लखनऊ जा रहा था। तभी बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सिरधरपुर गांव के पास उसने डीसीएम सड़क किनारे खड़ी कर दी। तभी पीछे से आए ट्रक ने डीसीएम में टक्कर मार दी। इससे साइड की सुरक्षा बेरीकेडिंग तोड़ती हुई डीसीएम गहरी खंती में जाकर पलट गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और डीसीएम व ट्रक चालक शेर सिंह पुत्र बल्ला निवासी गांव कादर नगर थाना कतारपुर जिला अलवर राजस्थान घायल हो गए। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां डॉक्टरों के मुताबिक अभी उनकी हालत गंभीर है।

### गंगा में छलांग लगाने वाली महिला को बचाया गया

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर के यशोदानगर निवासी एक महिला ने सोमवार शाम शुक्लागंज नवीनपुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। राहगीरों की सूचना पर एक नाविक ने उसे बचा लिया। जानकारी के अनुसार, संतोष तिवारी की पत्नी रेखा तिवारी सोमवार शाम करीब चार बजे नवीनपुल पहुंची और अचानक गंगा में कूद गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नाविक नसीमुद्दीन ने महिला का पीछा कर सतीचौरा घाट के पास उसे पानी से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने महिला को समझा-बुझाकर उसके परिजनों के पास भेज दिया। बताया जा रहा है कि महिला अपने बेटे की बीमारी को लेकर काफी परेशान थी और इसी कारण उसने यह कदम उठाया था।

# सड़क हादसों में शिक्षक समेत तीन की गई जान

## विद्यालय जाते समय उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अकरमपुर बाजार के सामने वैन की टक्कर से बाइक सवार निजी विद्यालय के शिक्षक की मौत हो गई। वहीं बांगरमऊ के मदार नगर गांव के सामने सड़क पार करते समय ट्रक ने युवक को कुचल दिया। उधर, हसनगंज कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर पलटने से चालक की जान चली गई। संबंधित क्षेत्र की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के सुपुर्द किया है।

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गंगा नगर मोहल्ला निवासी देवेंद्र चौधरी (45) पुत्र बुद्धिसागर शिक्षक थे। इस समय वह सदर कोतवाली अंतर्गत कालेज रोड स्थित ब्रिलियंट अकादमी विद्यालय में पढ़ाते थे। सोमवार सुबह रोज की तरह वह बाइक से विद्यालय जा रहे थे। तभी



देवेंद्र चौधरी।



चेतराम।



प्रमोद।

मगरवारा चौकी क्षेत्र के अकरमपुर बाजार के सामने तेज रफ्तार वैन की टक्कर से वह उछलकर सड़क पर गिर गये।

इस दौरान उनके सिर से हेलमेट निकल गया। वैन का पहिया सिर के ऊपर से निकलने से वह गंभीर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने उनकी सांसे चलती देख एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं विद्यालय में सहकर्मियों व विद्यार्थियों में शोक की लहर दौड़ गई। पति की मौत से पत्नी किसला रो-रोकर बेहाल है। वह तीन भाइयों चंदन व दिनेश में दूसरे नंबर पर था। घटना से दो बच्चों आयुष (8) व आरोही (3) के सिर से पिता का साया उठ गया। एसएचओ प्रमोद मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन को पकड़कर चौकी में खड़ा कराया है।



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

# देवेंद्र का शव पहुंचते ही मोहल्ले वाले भी रो पड़े

**शुक्लागंज।** शिक्षक देवेंद्र चौधरी की हादसे में मौत होने के बाद उसका शव पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया। जहां परिजनों व मोहल्ले वालों में मातम छा गया। शव देखते ही पत्नी किशला वती, मां शकुंतला व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। शिक्षक की अचानक मौत से मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। लोगों ने उनके व्यक्तित्व व शिक्षण कार्य की सराहना की। लोगों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

**पैदल सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने रौंदा हुई मौत:** बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के जिरिकपुर गांव निवासी चेतराम (25) पुत्र स्व. तुलसीराम मां तुलसा के साथ पड़ोसी गांव मदार नगर में रहता था। वह मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। रविवार देररात वह अपने घर से जिरिकपुर जाने को पैदल बांगरमऊ-बिल्हौर रोड पार कर रहा था। तभी तेज रफ़्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। ग्रामीणों की मदद से चचेरे भाई राजू उसे सीएचसी ले गया। जहां पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। मृतक के बड़े भाई उमेश की करीब तीन साल पहले ट्रेन से कट कर मौत हो चुकी है।

### टैक्टर पलटने से चालक की हुई मौत

- **हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के मोहनी खेड़ा गांव निवासी प्रमोद सिंह (30) पुत्र स्व. महादेव खेती करता था। सोमवार को वह ट्रैक्टर से खेत जोतने गया था। जहां से लौटते समय नहर पटरी के गड्ढे में पहिया जाने से ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें प्रमोद उसके नीचे दब गया। खेत में काम रहे ग्रामीण दौड़े और उसे बाहर निकाला। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे लेकिन, रास्ते में उसकी मौत हो गई। एसएचओ चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# तालाब में डूबने से किसान की मौत

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** तालाब में बोई सिंघाड़ा की फसल तोड़ते समय नाव पलटने से किसान की डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



विष्णु प्रकाश।

दही थानाक्षेत्र के टीकर गांव निवासी विष्णु प्रकाश (47) पुत्र स्व. मूलचंद ने अपने घर के पास तालाब में सिंघाड़े की फसल बो रखी थी। सोमवार सुबह वह डोंगी (छोटी नाव) से तालाब में सिंघाड़े तोड़ रहा था। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई और वह सिंघाड़े की बेल में फंसकर डूबने लगा। तालाब किनारे खड़े भाई घनश्याम की नजर जब उस पड़ी तो उसने छलांग लगाकर ग्रामीणों की मदद से भाई को बाहर निकाला। विष्णु प्रकाश को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दही पुलिस ने जांच की। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# शव को देखते ही परिजनों में छाया मातम

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर करन गांव के पास उन्नाव-लालगंज हाईवे की अंडर पास किनारे पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे जा रहे गड्ढे में रविवार देरशाम काम करते समय मिट्टी धंसने से हुई दो मजदूरों की मौत जानकारी मिलने पर देररात उनके परिजन मोर्चरी पहुंचे। शव देख बेहाल परिजन मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित रहे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव उनके सुपुर्द किये। पीएम रिपोर्ट में दोनों की सीना दबने व फेफड़े फटने से मौत होने की पुष्टि हुई है।

बता दें कि उन्नाव-लालगंज हाईवे संख्या-31 पर सिकंदरपुर करन के अंडर पास और सर्विस रोड किनारे जल निकासी के लिए भूमिगत पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। इसके लिए



अवधराम वर्मा।



शिवकुमार।

● रविवार देर शाम मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की दब कर हो गई थी मौत

रविवार देरशाम जेसीबी से करीब 12 फीट खोदकर निकाली गई मिट्टी का बड़ा ढेर अचानक कगार फटने से नाले में भरभराकर गिर गई। जिससे नाले में उतरकर बिना सेफ्टी उपकरणों के काम कर रहे सब कांट्रेक्टर के अधीन मजदूर बाराबंकी जिला के बदोसरांय थाना के केंतूर गांव निवासी अवधराम वर्मा (40) व उसी जिले के रामनगर कटियारा गांव निवासी शिवकुमार (50) के साथ रायबरेली जिले के थाना गदागंज के तुलई लोध का पुरवा निवासी गणेश (35) उसमें दब गए थे। जिन्हें घंटों की मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर बीघापुर के 100 बेड अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां डॉक्टर ने अवधराम व शिवकुमार को मृत घोषित कर दिया था। जबकि गणेश को जिला अस्पताल रेफर किया था। सोमवार को शवों का पोस्टमार्टम हुआ। मृतक अवधराम के भतीजे हीरा सिंह ने बताया कि पति की मौत से पत्नी सुषमा देवी के साथ बच्चों में अंकित, शिव वासिनी, राजीव, शिव रोजनी व शिवनंदनी बेहाल हैं। वहीं शिवकुमार के साले बाराबंकी निवासी दीपू ने बताया कि वह परिवार के अकेले थे। मजदूरी कर सभी का पेट पालते थे। उनकी मौत से पत्नी राधारानी, बेटा पवन, बेटी नीता, रीता व सीता आदि परिजन बेहाल हैं। पीएनसी के प्रोजेक्ट हेड एनके सिंह ने बताया कि मृतकों के परिजनों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता के रूप में दिए गए हैं। वहीं, बीमा राशि भी जल्द दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

## सार-संक्षेप

### शिकायतों का समय से निस्तारण, महिला आरक्षी सम्मानित

**गंजमुरादाबाद।** एसपी दीपक भूकर ने शिकायती पत्रों का समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने पर बेहटा मुजावर थाना में तैनात महिला आरक्षी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया है। एसपी ने प्रशस्ति पत्र में कहा है कि महिला आरक्षी गायत्री कुमारी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल से संबंधित राजकीय कार्यों का संपादन समयबद्ध, पूर्ण निष्ठा व लगन के साथ किया है। इससे पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए उन्नाव को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। एसपी ने विश्वास जताया है कि भविष्य में भी महिला आरक्षी इसी ऊर्जा, लगन, निष्ठा व तत्परता से दायित्वों का निर्वहन करती रहेगी।



गायत्री कुमारी को एसपी द्वारा भेजा गया प्रशस्ति पत्र सौंपते एसओ फूल सिंह।

### कार चढ़ाकर तोड़ा नलकूप का पाइप, विरोध पर पीटा

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव खैरहन निवासी एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर घर में घुसकर हमला करने, जान से मारने की नीयत से फायर करने और घर की एक महिला से अभद्रता करने का भी आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर पुलिस घटना की जांच कर रही है। बता दें कि खैरहन गांव निवासी नवीन कुमार पुत्र भगौती प्रसाद ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि गांव के आरिफ ने उसके नलकूप के पाइप पर कार चढ़ाकर उसे तोड़ दिया था। कारण पूछने पर रविवार देर शाम आरिफ व उसके परिवार के साजिद, सलीम, कमरुद्दीन व शहनूर सहित एक दर्जन लोग असलहा व धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस गए और उसकी व उसके भतीजे सुजीत को पीटने लगे। आरोप है कि उन लोगों ने उन्हें बचाने आई भाभी मालती से अभद्रता भी की। पुलिस तहरीर के आधार पर घटना की जांच करने गांव गई है।

### भटककर पहुंचे किशोर को पुलिस ने मां को बुलाकर सौंपा

**पुरवा।** असोहा क्षेत्र के गांव कंदरपुर में रविवार दोपहर एक 12 वर्षीय किशोर घूमते दिखा। इस पर गांव के आकाश विश्वकर्मा ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस की पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम नूर आलम पुत्र जमील निवासी नई बस्ती डी गेट थाना गोविंद नगर जिला मथुरा बताने के साथ अपने मामा साहिद का फोन नंबर भी बताया। इस पर पुलिस उस नंबर पर बात कर उन्हें थाने बुलाया। सोमवार को साहिद व नूर आलम की मां अख्तर थाने पहुंचे। साहिद ने बताया कि नूर आलम बीते दिनों अचानक लापता हो गया था। जिसकी जगदीशपुरा थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने जगदीशपुरा थाना पुलिस से इसकी जानकारी की तो वहां की पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज होने की बात बताई। एसओ विमल कांत गोयल ने बताया कि बच्चे को उसकी मां और मामा के साथ भेज दिया गया है।



पुलिस स्मृति दिवस पर श्रृद्धांजलि देते एसपी दीपक भूकर। अमृत विचार

### स्मृति दिवस पर याद किए गए बलिदानी पुलिसकर्मी

**उन्नाव।** पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन मैदान में कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए वीरगति को प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों को भावभीनी श्रृद्धांजलि दी गई। इसमें एसपी दीपक भूकर ने स्मृति परेड की सलामी लेने के साथ प्राणों की आहुति देकर अपना फर्ज निभाने वाले कर्मियों को श्रृद्धांजलि दी। मौजूद पुलिस कर्मियों को बलिदानियों की गाथा सुनाते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कहा कि अदम्य साहस और शौर्य पराक्रम दिखा कर वीरगति को प्राप्त हुए कर्मी आज भी उन लोगों के हृदय में जीवित हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस बलिदानी परिवारों की मदद के तैयार है। इस दौरान एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह, दक्षिणी प्रेमचंद सहित सभी सर्किल के सीओ व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन श्रोता हुए भावविभोर

**संवाददाता (उन्नाव)।** विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण के गांव आटा के मजरे नयाखेड़ा स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचिका नीतू शास्त्री ने श्रीकृष्ण और सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि जिस तरह श्रीकृष्ण ने अपने मित्र सुदामा की संकट के समय खुले दिल से मदद की। उसी प्रकार समाज के लोगों को इस उद्धरण से सीख लेकर संकट के समय हर प्राणि की सहायता करनी चाहिए। मुख्य अतिथि नवयुग जन चेतना सेवा संस्थान के अध्यक्ष पुत्तन लाल पाल ने व्यासपीठ का पूजन किया। उन्होंने मौजूद श्रद्धालुओं से कहा कि इन कथाओं का उद्देश्य मनुष्य में मनुष्यता का जागरण करना होता है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि रहीश अहमद, धीरेंद्र पाल, धीरज राजपूत, दिनेश, रज्जन, पिंटू, खुशबू, कांति, प्रिया, शंकर लाल, तारावती लोधी, राजेश्वरी, अनीता, गुड्डू, अनिल, सुधीर व रामनरेश आदि मौजूद रहे।



कथावाचक नीतू शास्त्री।

### करंट की चपेट में आई महिला, रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ निवासी अहमद शेर की पत्नी खुशनुमा (30) सोमवार सुबह विद्युत बोर्ड में तार लगा रही थी। तभी अचानक वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन आनन-फानन उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

अच्छा प्रयास | उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट धन्ना पुरवा सकरौली कान्वेंट स्कूलों को मात दे रहा

# बच्चों की बेहतर शिक्षा और प्रतियोगिता से विख्यात हुआ विद्यालय

रामसेवक यादव, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** शिक्षकों के परिश्रम और लगन से क्षेत्र का उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट धन्ना पुरवा सकरौली कान्वेंट स्कूलों को मात दे रहा है। इस विद्यालय में बच्चों का भविष्य संवारने के साथ ही भौतिक परिवेश भी संवारा जा रहा है। विद्यालय की पेंटिंग ट्रेन लुक में कराई गई है। विद्यालय परिसर व कक्षों की साज-सज्जा इतनी आकर्षक है कि अन्य सरकारी व निजी विद्यालयों के शिक्षक ही नहीं बल्कि अभिभावक भी हतप्रभ रह जाते हैं। विद्यालय परिसर में पौधों की श्रंखला व बाउंड्री की सुंदरता देख लोग चकाचौंध होते हैं।

**खेल व मनोरंजक साधन:** खासकर प्रधान शिक्षिका गीता यादव और सहायक शिक्षक देवेन्द्र प्रताप सिंह के अथक प्रयास से बच्चों के खेलने हेतु झूला, फिसलन पट्टी, गोल चकरी, बैलेंस झूला, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल व कैरम बोर्ड आदि उपकरणों की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है।



विद्यालय में कराई गई ट्रेन लुक की पेंटिंग। अमृत विचार

**कायाकल्प योजना :** योजना के तहत ग्राम पंचायत द्वारा विद्यालय में कक्षों तथा बरामदे की फर्श पर आकर्षक टायल लगाए गए हैं। सामान्य और दिव्यांग बच्चों के लिए अलग-अलग शौचालय भी निर्मित है।

**गणित, विज्ञान शिक्षकों की कमी:** प्रधान शिक्षिका गीता यादव ने बताया कि विद्यालय में 10 अध्यापक, शिक्षामित्र व अनुदेशक नियुक्त हैं। किंतु विभाग द्वारा दो अध्यापकों को एआरपी पद पर तैनात कर देने से बच्चों को गणित व विज्ञान दोनों विषय पढ़ाने में दिक्कतें आ रही हैं।



विद्यालय प्रांगण में झूला झूलते बच्चे। अमृत विचार

**उपलब्धि:** बीते अगस्त माह में इसी विद्यालय के छात्र रहे पड़ोसी ग्राम अंगने खेड़ा निवासी सुधीर कुमार ने केबीसी प्रतियोगिता में महानायक अमिताभ बच्चन से 25 लाख रुपए इनाम हासिल किया था।

बीते वर्ष जिला स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र श्याम वर्मा तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर चुका है। ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार प्रतियोगिता क्विज में विद्यालय की छात्रा पारुल गौतम ने पांचवा स्थान प्राप्त किया था।

### आवश्यकता

- यदि ग्राम पंचायत या ब्लॉक स्तर से विद्यालय परिसर में इंटरलॉकिंग की व्यवस्था करा दी जाए तो विद्यालय का भौतिक परिवेश और भी आकर्षक हो जाएगा। जिसकी मांग शिक्षकों व छात्रों ने की है।

### शिक्षण कार्य

- व्यायाम अनुदेशक अभिषेक तिवारी नियमित रूप से पीटी, योगासन व व्यायाम बच्चों को कराते हैं। कला अनुदेशिका रजिया खातून बच्चों को चित्रकला में पारंगत करती हैं। शिक्षक संकुल देवेंद्र सिंह बच्चों को अंग्रेजी विषय, प्रभारी गीता यादव सामाजिक विषय, कौशलेंद्र पाल गणित, विज्ञान व संतोष सिंह, ठाकुर प्रसाद व शिखा सिंह कक्षा एक, दो व तीन के बच्चों को निपुण कर रहे हैं।

# तीन डॉक्टर तैनात, दो चले गए अवकाश पर

हाल-ए-पीएचसी मोहान

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कस्बा मोहान स्थित पीएचसी में हजारों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलता है। लेकिन, यहां तैनात डॉक्टरों का रवैया सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार देर से आना और जल्दी जाना उनकी आदत में शुमार हो गया है। उच्चाधिकारियों के लगातार कहने के बाद भी उनका रवैया सुधर नहीं रहा है।

सोमवार सुबह 10 बजकर 48 मिनट पर पीएचसी आए मरीज अस्पताल की सीढ़ियों में बैठकर डॉक्टर का इंतजार करते रहे। लेकिन, किसी भी डॉक्टर का अता-पता नहीं था। जानकारी करने पर पता चला कि पीएचसी में दो महिला व एक पुरुष डॉक्टर तैनात हैं। जिसमें डॉ. शोएब निसार के अलावा यामिनी व मंजू गौतम भी हैं। फिर भी समय से कोई डॉक्टर नहीं पहुंचता है। इसके पूर्व में भी अमृत विचार की पड़ताल में अस्पताल में ताला लटका मिला था। इसे लेकर हसनगंज सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि डॉ. शोयब निसार की ड्यूटी इस समय जिले में लगी हुई है। डॉ. मंजू मेडिकल लीव पर हैं और डा. यामिनी गौतम छुट्टी पर हैं। ऐसें में लोगों का कहना है कि यह कैसा नियम है कि पीसचसी में तैनात 3 डाक्टरों में एक को जिले पर तैनात करने और दो को अवकाश दे दिया गया है। इससे आमजन को परेशानी उठानी पड़ रही है।



डॉक्टर के आने का इंतजार करते मरीज।

## एक नजर

### सुरक्षा जवान भर्ती में 14 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

उन्नाव। डिप्टी कमांडेंट जीडीएक्स सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड नोएडा रामकिशन सिंह ने बताया कि सोमवार को बीघापुर ब्लॉक मुख्यालय में जिला रोजगार कार्यालय के निर्देश में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जीडीएक्स इंडिया लिमिटेड नोएडा के सहयोग से सुरक्षा जवान की भर्ती के तहत 22 अभ्यर्थी बीघापुर ब्लॉक में पहुंचे थे। जिसमें 14 को चयनित किया गया है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट में एक घायल, 17 पर रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के झब्बू पुरवा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे जिला अस्पताल के कानपुर रेफर किया गया है। वहीं पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने 10 नामजद समेत 17 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे गांव निवासी अरविंद के घर पर शिवकुमार निषाद, कैलाश बाबू, राम सिंह, शुभम, मनोज, विनोद, सुनील, राकेश, छोटू, राजकुमार और कुछ अन्य लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। पुरानी रंजिश के चलते इन लोगों ने अरविंद और उसके परिवार पर हमला किया। हमले में अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गया और बेहोश हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमले में अरविंद की पत्नी और अन्य परिवार के सदस्यों को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अरविंद की पत्नी गुड्डन की तहरीर पर 10 नामजद व 7 अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है।

### ब्रह्मनगर में एक घर में घुसे चोर, लोगों की उड़ी नींद

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्म नगर में रविवार देर रात एक घर में चोर घुस गए, जिससे मोहल्ले में दहशत फैल गई। चोरों ने बाहर से कुंडी लगा दी थी, लेकिन घर के एक सदस्य की जागरूकता से बड़ा हादसा टल गया। रात करीब एक बजे अशोक के घर में घुसे चोरों की आहट पर उनका बेटा नीतेश लघुशंका के लिए उठा। उसे दरवाजे पर आहट सुनाई दी, नीतेश ने पड़ोसी सचिन को आवाज लगाई, जिन्होंने दरवाजा खोला। इसी दौरान चोर भाग निकले। नीतेश ने बताया कि चोरों की संख्या 4-5 थी। इस घटना के बाद मोहल्ले के लोग पूरी रात लाठी डंडा लेकर जागते रहे। निवासियों का कहना है कि पुलिस की गश्त न होने से वे रात में ठीक से सो नहीं पा रहे हैं और चोरी की घटनाओं से भयभीत हैं। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है, लेकिन लोगों ने सुरक्षा के लिए खुद जागने का फैसला किया है। क्षेत्र में चोरों की बढ़ती सक्रियता ने लोगों के मन में घरों में चोरी होने की अशंका व्यक्त कर रहे हैं।

---

नकदी पार करने के बाद चोर अपने साथ सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी ले गए

# हार्डवेयर की दुकान में सेंध लगा 3 लाख रुपये उड़ाए

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



मौके पर जांच-पड़ताल करती गंगाघाट पुलिस। अमृत विचार



चोरों ने इस तरह दीवार में लगाई सेंध।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पश्चिमी चौकी अंतर्गत फोरलेन पर स्थित आनंदेश्वर हार्डवेयर की दुकान में रविवार रात अज्ञात चोरों ने दीवार में सेंध लगाकर 3 लाख रुपये चुरा लिए। चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया और काउंटर में रखी नकदी के साथ-साथ दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए।

नगर के गोपीनाथपुरम निवासी भरत साहू की राजधानी मार्ग पर आनंदेश्वर हार्डवेयर के नाम से दुकान है। उन्होंने बताया कि रविवार शाम आठ बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। सोमवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि दुकान के शटर पर सीढ़ी लगी हुई है। शटर खोलते ही उनकी आंखों के सामने दुकान के अंदर दीवार कटी हुई थी, यह देख उनके होश उड़ गये। उन्होंने तुरंत गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने का काम प्रारंभ किया। प्राथमिक जांच में यह पता चला कि चोरों ने पास के खाली प्लॉट की दीवार पर चढ़कर दुकान के अंदर प्रवेश किया था। भरत ने बताया कि काउंटर से तीन लाख रुपये की नकदी रखी थी, जिसे चोरों ने आसानी से चुरा लिया। पुलिस ने दावा किया है कि चोरों का सुराग लगाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। अब देखना यह है कि पुलिस इस मामले को कैसे सुलझाती है क्योंकि पूर्व में कई बड़ी चोरियों का पुलिस ने खुलासा तक नहीं किया, यहां तक की उन चोरियों की रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की। पीड़ित ने तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज न करके जांच का हवाला देकर टरका दिया।

### सुबह हुई चेन लूट, रात में लाखों की चोरी

इस घटना के कुछ घंटे पहले, श्री नगर निवासी सुनीता मौर्य की बाइक सवार बदमाशों ने चेन तोड़कर भाग जाने की शिकायत की थी। वहीं रात में बड़ी चोरी सामने आई। इस प्रकार की घटनाओं से स्थानीय निवासियों में भय और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

### यह पता नहीं था कि उनकी हरकतें रिकॉर्ड हो रही

दुकान के अंदर घुसने के बाद चोरों ने अपनी गतिविधियों को कैमरे में कैद किया, लेकिन उन्हें यह पता नहीं था कि उनकी हरकतें रिकॉर्ड हो रही हैं। चोरों ने दुकान में लगे डीवीआर को भी उखाड़कर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### रात्रि गश्त पर उठे सवाल

मुख्य मार्ग पर स्थित दुकान के पीछे चोरों ने दीवार काटने के लिए घंटों समय लिया होगा, लेकिन इस दौरान किसी ने भी उनकी गतिविधियों पर ध्यान नहीं दिया। यह घटना एक बार फिर पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

## चेन लूट मामले में दूसरे दिन भी पुलिस के हाथ खाली

**शुक्लागंज उन्नाव।** रविवार सुबह गांधी नगर में आयकर विभाग के कार्यालय अधीक्षक की बहू के साथ हुई चेन लूट की घटना का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। पुलिस की सभी टीमें 36 घंटे से अधिक समय से मामले की जांच में जुटी हुई हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल पाया है।

श्री नगर निवासी संतोष मौर्य की पत्नी सुनीता मौर्य के साथ हुई इस घटना में दो बाइक सवार बदमाशों ने उनकी आधी सोने की चेन और लॉकेट तोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने उन्नाव से लेकर कानपुर तक कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वहीं एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर एएसपी अखिलेश सिंह के नेतृत्व में कई टीमें इस मामले की जांच में जुटी हुई हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। लुटेरे बेहद शातिर लगते हैं और उन्होंने मुख्य मार्ग से बचकर गलियों से भागने की कोशिश की है। पीड़ित संतोष मौर्य ने बताया कि अगर पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा नहीं करती है तो वह उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे। इस बावत बिंदा नगर चौकी इंचार्ज आर एस पांडे ने बताया कि टीमें लगी हैं, जल्द खुलासा होगा।



बालूघाट मोड़ पर चौड़ीकरण को लेकर चर्चा करते एई और चेयरमैन प्रतिनिधि।

# बालूघाट मोड़ का जल्द किया जाएगा चौड़ीकरण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नवीन पुल से लेकर बालूघाट मोड़ पर प्रतिदिन सुबह शाम पीक ऑवर में जाम लग रहा है। जाम की समस्या के समाधान के लिए गंगाघाट पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने पहल की है। सोमवार को पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बालूघाट मोड़ का मुआयना किया और चौड़ीकरण की योजना पर विचार किया। अधिकारियों ने कहा कि इस परियोजना की रिपोर्ट जल्द ही जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी, जिसके बाद कार्य प्रारंभ होगा।

बालूघाट मोड़ के पास द्वारिका मोहिनी कम्पाउंड के बीच नए टैक्सी स्टैंड का निर्माण भी शुरू हो चुका है। इसके अलावा, पालिकाध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी को पत्र लिखकर जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए अनुरोध किया था। इस पत्र के आधार पर अधिशाषी अभियंता के निर्देश पर सहायक अभियंता शहानुर्र रहमान ने मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि मोड़ पर स्थित ट्रांसफार्मर को हटाकर रास्ते को चौड़ा किया जाएगा। इसके साथ ही, मोड़ पर एक राउंड अबाउट बनाया जाएगा। इससे न केवल जाम की समस्या का समाधान होगा, बल्कि सड़क पर यातायात का प्रवाह भी बेहतर होगा। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने कहा कि पालिका लोगों को राहत पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# बाल श्रम कराने वालों के खिलाफ चला अभियान

संवाददाता सफीपुर

- 9 दुकानों में 3 बाल श्रमिकों को काम करते पाया गया

**अमृत विचार।** जिला बाल संरक्षण यूनिट की टीम ने बाल मजदूरी पर अंकुश लगाने की मंशा से सोमवार को नगर के उन्नाव-हरदोई रोड स्थित विभिन्न ढाबों, होटलों, दुकानों, रेस्टोरेंट व फैक्ट्रियों में छापेमारी की।

इस दौरान 9 दुकानों में 3 बाल श्रमिकों को काम करते पाया गया। जैसे ही दुकानदारों को इसकी भनक लगी तो उन्होंने अपनी दुकानों से बाल श्रमिकों को भगा दिया। इस पर दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वह वे बाल श्रमिक को टीम के समक्ष पेश करेगा। जबकि शेष पकड़े गए तीनों बाल श्रमिकों को उनके परिजनों को सौंपते हुए चेतावनी दी गई कि भविष्य में वे बाल उनसे श्रम नहीं कराएंगे। वहीं, जिला समन्वयक बिन्दालाल चौहान की टीम ने क्षेत्र में 9 दुकानों पर छापा मारा। जिसमें अलग-अलग पांच दुकानों पर बाल मजदूर मिले। टीम ने बाल मजदूरों से उनकी पहचान व शिक्षण स्थिति जानने के बाद कहा कि उनसे काम करवाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। लेबर इंस्पेक्टर ने बताया कि दुकानदारों पर जुर्माना होने के अलावा बाल मजदूर व उसके माता-पिता के बयानों के आधार पर अन्य आर्थिक दंड का भी प्रावधान है। अभियान के बाद टीम में मौजूद रोसा संस्था के डीसी बिन्दा लाल चौहान ने विकासखंड कार्यालय सभागार में शिविर के माध्यम से जानकारी दी कि बाल मजदूरों को उनकी स्थिति के अनुसार शिक्षण कार्य से जोड़ने के अलावा शासन की अन्य योजनाओं से भी जोड़ा जा सकता है।

# 20 हजार घरों की बंद रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सरैयां आरओबी निर्माण के चलते बिजली विभाग ने मरहला चौराहा के पास ऊपर में गुजरी एचटी लाइनों को भूमिगत डालने का कार्य सोमवार को किया। इस वजह से नगर के तीन फीडर सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहे, जिससे 20 हजार से अधिक घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और लगभग एक लाख की जनसंख्या प्रभावित हुई।

राज्यसेतु निगम को सरैयां क्रासिंग आरओबी का निर्माण कार्य मरहला चौराहा पर कराना है, जिसके लिए बिजली विभाग ने तीन दिन पहले से लाइन शिफ्टिंग का काम शुरू कर दिया था। सोमवार को एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर फीडर 3, 4 और 5 को बंद करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने भूमिगत एचटी लाइन डालने का कार्य शुरू किया। आजाद नगर, अली नगर, विष्णुपुरी, नेहरू नगर, साकेतपुरी, गोपीनाथपुरम, ऋषीनगर, सुभाष नगर, करीमुल्ला कॉलोनी, आनंद नगर, मदनी नगर, कप्तान साहब हाता, तिवारी बगीचा और सीताराम कॉलोनी आदि क्षेत्रों की बिजली की सप्लाई ठप रही। कार्यदायी संस्था ने बताया कि जल्द आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।



मरहला चौराहे पर लाइन शिफ्टिंग का कार्य करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

### आज भी बंद रहेंगे 4 फीडर, बिजली आपूर्ति प्रभावित

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार को मरहला चौराहा पर लाइन शिफ्टिंग का कार्य जारी रहेगा। उपखंड अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि मंगलवार को भी फीडर 3, 4, 5 और शक्तिनगर फीडर, दिन में 11 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेंगे। इस दौरान शक्तिनगर, मनोहर नगर, रविदास नगर, प्रेम नगर समेत अन्य मोहल्लों में बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। पिछले दिन के काम के चलते कई मोहल्लों में बिजली नहीं थी।

### 57 बकायेदारों की काटी बिजली 8.75 लाख राजस्व वसूला

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद के निर्देश पर गंगाघाट टाउन सबस्टेशन और शुक्लागंज पॉवर हाउस की बिजली टीम ने बकाया बिल वसूलने के लिए एक विशेष अभियान चलाया। अवर अभियंता अक्षय तिवारी और आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में टीजी 2 के वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अनुराग पाल, महेन्द्र सिंह और चंदन कुशवाहा ने पश्चिमी क्षेत्रों में कार्रवाई की। एसडीओ ने बताया कि अभियान में 57 बकायेदार उपभोक्ताओं की बिजली काटने के साथ ही 8 लाख 75 हजार रुपये की वकाया राशि वसूली गई है।

## सार-संक्षेप



छात्रों को जागरूक करती महिला पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### मिशन शक्ति के तहत अंबिका की छात्राओं को किया जागरूक

**शुक्लागंज उन्नाव।** सोमवार को मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत गंगाघाट पुलिस ने राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में जाकर छात्राओं और शिक्षिकाओं को जागरूक किया। इस दौरान शासन के ओर से जारी किये गये हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी। गंगाघाट कोतवाली की महिला कांस्टेबल प्रिया सिंह और मधु यादव ने मिशन शक्ति फेज 5 के तहत महिला सशक्तिकरण के तहत जागरूक अभियान चलाया। जहां स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को जागरूक किया। इसके साथ ही हेल्पलाइन 1090, 181, 112, 1098 आदि टोलफ्री नम्बरों की जानकारी दी। इस दौरान प्रबंधक अजय त्रिवेदी और प्रधानाचार्य डेफनी लेम्यूर मौजूद रहीं।

### शासन से दीपावली के पूर्व वेतन जारी करने के मिले निर्देश

**उन्नाव।** जिले के सरकारी कर्मचारी की खुशियों भरी दीपावली का इंतजाम शासन ने कर दिया है। इस बार शासन से सरकारी कर्मचारियों के त्योहार की जरूरतों का पूरा ध्यान करते हुए दीपावली से पहले वेतन जारी करने का निर्देश दिया है। इसे लेकर शासन ने जिलाधिकारी व कोषाधिकारी को पत्र भी भेज दिया है। जिले में सेवानिवृत्त व सरकारी कर्मचारियों की संख्या करीब 30 हजार है। जिन्हें काफी दिनों से दीपावली से पहले वेतन जारी होने के लिए शासनादेश का इंतजार था। सोमवार को पत्र जारी कर शासन ने सभी का इंतजार खत्म कर दिया है। 31 अक्तूबर को दीपावली, दो नवंबर को गोवर्धन पूजा और तीन नवंबर को भाई दूज व चित्र गुप्त जयंती पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण सभी राज्य कर्मचारी, सहायता प्राप्त शिक्षण व प्राविधिक संस्थाओं, शहरी स्थानीय निकाय, कार्य प्रभारित कर्मचारियों को वेतन के साथ कोषागार से पेंशन प्राप्त पाने वालों, पारिवारिक पेंशनरों को माह अक्तूबर वेतन का भुगतान 30 तारीख को किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शासन के निर्देश जारी होने के बाद सभी कर्मचारियों में खुशी का माहौल है।

### जिलाधिकारी ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**उन्नाव।** दीपावली पर्व पर यात्रियों को होने वाली परेशानी को देखने के लिए जिलाधिकारी गौरांग राठी सोमवार सुबह साढ़े 11 बजे अचानक रेलवे स्टेशन पहुंच गए। सबसे पहले वह वेटिंग हॉल पहुंचे। जहां उन्होंने यात्रियों की बैठने की व्यवस्था देखी और समुचित सफाई रखने की बात कही। इसके बाद जिलाधिकारी ने टिकट काउंटर देखने के साथ प्लेटफार्म-एक, दो व तीन पर यात्रियों के लिए पेयजल, बैठने व सुरक्षा आदि का इंतजाम परखा। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हो रहे निर्माण कार्य की जानकारी भी ली और इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। जीआरपी व आरपीएफ से स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने दीपावली पर व्यवस्था दुरुस्त रखने और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इस पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इस दौरान जीआरपी एसओ अरविंद पांडेय, तहसीलदार अविनाश चौधरी सहित अन्य रेलवे अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### एनकोष कंपनी ने शिविर लगाकर किसानों को दी जानकारी

**सफीपुर उन्नाव।** किसानों को धान खरीद, विक्रय करने व गेहूं की फसल की बुआई के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां पर एनकोष कंपनी के कर्मचारियों ने गांव में शिविर लगाकर किसानों को जागरूक किया। विकासखंड क्षेत्र के रामपुर गांव में एनकोष कंपनी ने किसान गोष्ठी का आयोजन किया। सोमवार को शिविर में कंपनी के सीनियर एसोसिएट अजयदीप सिंह व सफीपुर नेचर फार्मिंग प्रोड्यूसर कम्पनी के निदेशक विजय बहादुर सिंह ने किसानों बताया कि छोटे मझोले किसानो की आय दोगुनी करने के लिए मिट्टी का परीक्षण कराना अनिवार्य है। जिससे मिट्टी में होने वाली कमी के विषय में जानकारी मिलती है। उसी अनुपात में खाद व अन्य रशायन का प्रयोग कर उपजाऊ मिट्टी बनाकर अधिक फसल पैदा की जा सकती है। कंपनी के सीनियर एसोसिएट व कृषि सलाहकार अजय दीप सिंह द्वारा मृदा में हुए पोषक तत्व की कमी को किसानों के बीच में उजागर किया गया तथा प्राप्त परिणामों के अनुसार किसानों को उचित फसल बोने की सलाह दी गई आईआईटी कानपुर की इस तकनीक को एनकोष कंपनी द्वारा प्रसारित करने का कार्य किया जा रहा है। रामपुर गांव से किसान अकबाल बहादुर सिंह, सचिन सिंह, रामकिशन, राहुल सिंह, कौशल, उमेश प्रताप, विश्वनाथ, अर्जुन, रामकिशोर व सोमनाथ आदि किसान रहे।

### शिव पुराण कथा में सुनाया गणेश जन्म का प्रसंग

**उन्नाव।** श्री शिव महापुराण कथा के छठे दिन शहर के पीडी नगर के प्रियदर्शिनी गेस्ट हाउस में कथा वाचक विज्ञाननानंद सरस्वती जी महाराज ने गणेश जी के जन्म की कथा सुनाई। इसमें उन्होंने बताया कि शिव पुराण के अनुसार माता पार्वती ने अपने शरीर के मैल से एक पिंड बनाकर उसमें आत्मा का प्रवेश करवाया। जिसके बाद वह पिंड सजीव हो उठा और यह पिंड सजीव बालक के रूप में सामने आया। माता पार्वती स्नान करने के लिए जब गुफा के अंदर जा रही थी तो उन्होंने इस नन्हे बालक को आदेश दिया कि गुफा के अंदर किसी को भी प्रवेश ना दिया जाए। माता पार्वती के गुफा के भीतर जाते ही भगवान शिव वहां पहुंच जाते हैं। मां की आज्ञा का पालन करते हुए उन्होंने भगवान शिव को भी गुफा के अंदर प्रवेश करने से रोक दिया जिस पर भगवान शिव क्रोधित हो उठे और उन्होंने अपने त्रिशूल से भगवान श्री गणेश का सिर धड़ से अलग कर दिया। सिर कटते ही माता पार्वती के विलाप से पूरी सृष्टि कांप उठी। हर तरफ त्राहि-त्राहि मच गई जिसके बाद प्रभु शिव ने माता पार्वती को प्रसन्न करने के लिए एक नन्हे हाथी का सिर भगवान गणेश के धड़ से जोड़ दिया। तभी से श्री गणेश का सिर हाथी और धड़ बालक का बना है और इसी स्वरूप में उनकी पूजा करते हैं।

# एसआरजी, शिक्षकों व बच्चों ने किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** जिले में ग्रीन एंड क्लीन उन्नाव के साथ जुड़े हजारों शिक्षकों व बच्चों ने विद्यालय, गांवों और शहरों की सूरत बदलने का संकल्प लिया है। वहीं अन्य जिलों में भी शिक्षक मुहिम से जुड़कर पौधरोपण को अपना रहे हैं।

सोमवार को विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी, मियागंज, सिकंदरपुर कर्ण, फतेहपुर चौरासी, पुरवा व हसनगंज में जिले के एसआरजी, डाइट प्रवक्ता व शिक्षकों ने बच्चों द्वारा बनाए गए ग्रीन एंड क्लीन के पोस्टर संग बड़ी संख्या में पौधे लगाए और उनकी जियो टैगिंग भी की। एसआरजी अखिलेश शुक्ल ने प्रवक्ता उमा प्रसाद पटेल के साथ पौधे लगाए। सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के सघन खेड़ा प्राथमिक विद्यालय में प्रधान शिक्षिका प्रीति सैनी व प्राथमिक विद्यालय लोहार खेड़ा प्रथम में अनुभा सचान, राधा बाजपेयी, नीलम, रेखा, सीमा व अभिभावक मतोले, फतेहपुर चौरासी के शकूराबाद में प्रधान शिक्षक विवेक व परवेज आलम का पूर्ण सहयोग एसआरजी को मिला।

# मंदिर का जीर्णोद्धार रोकने पर हिंदू संगठनों में रोष

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



सीओ से बात करते विमल द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के रानीपुर गांव में दशकों पुराने शिव मंदिर की छत ढालने का दूसरे समुदाय ने विरोध किया था। इसे लेकर दोनों समुदाय में काफी समय से तनातनी का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया से जानकारी होने पर हिंदू संगठन के नेता गांव पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। मामला तनावपूर्ण देख सीओ व एसओ फोर्स के साथ पहुंचे।

रानीपुर गांव में एक समुदाय के कुछ लोग पुराने शिव मंदिर में छत डालने का विरोध कर रहे हैं। गांव की शिव देवी ने छत डलवाने के लिए निर्माण सामग्री मंगवाई थी। लेकिन गांव के निहाल, अनीश व शिब्बू आदि ने विरोध शुरू कर दिया था। उनका कहना था कि मंदिर में पूजन-अर्चन होने से कोई आपत्ति नहीं है लेकिन छत नहीं पड़ने देंगे। वहीं शिव देवी, शिव बहादुर व जनक दुलारी ने बताया कि गांव में दूसरा समुदाय बहुसंख्यक है इसलिए वह उत्पीड़न करता है। गांव की विद्यावती व विनोद ने बताया कि गांव में कोई भी सांस्कृतिक कार्यक्रम होने पर यह लोग विरोध करते हैं। सोशल मीडिया पर विवाद वायरल होने के बाद नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी, हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अजय त्रिवेदी, महामंत्री धर्मेंद्र शुक्ला, शिवम शुक्ला, विक्की चौधरी व राम नारायण ने रानीपुर पहुंचे और मामला समझा। विमल द्विवेदी ने कहा कि हिंदू अल्पसंख्यकों को दबाया जा रहा है। मंदिर गांव की आबादी जमीन में बना है। निर्माण के लिए उन्होंने जिलाधिकारी को भी ज्ञापन दिया है। हिंदू संगठन के नेताओं के पहुंचने की सूचना पर सीओ बीघापुर ऋषिकांत शुक्ला फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

---

रामलीला | सीता स्वयंवर में आए कई राजाओं ने शिवधनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई उसे हिला तक नहीं सका

# शिव धनुष के दो खंड होते ही पंडाल में लगे जय श्रीराम के जयकारे

संवाददाता सफीपुर उन्नाव



रामलीला में धनुष भंग का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रही रासलीला एवं रामलीला के चौथे दिवस सुबह पाली में रावण-बाणासुर संवाद व धनुष यज्ञ का मंचन हुआ। वहीं रात्रि पाली में तुलसी शालिगराम विवाह का मंचन किया गया।

सुबह पाली के रामलीला मंचन में दिखाया गया कि गुरु विश्वामित्र प्रभु श्री राम व लक्ष्मण के साथ जनकपुरी में राजा दशरथ द्वारा आयोजित धनुष यज्ञ में भाग लेते हैं। वहां रावण व बाणासुर भी पहुंचते हैं। रावण व बाणासुर के बीच घोर वाकयुद्ध होता है और दोनों एक दूसरे पर खूब तंज करते हैं। इसके बाद के मंचन में राजा जनक द्वारा सीता का विवाह उस वीर से कराने का संकल्प दिखाया गया। जो भगवान शिव के पिनाक नामक धनुष को तोड़ सके। विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण भी स्वयंवर में पहुंचे हैं। जहां विभिन्न राजाओं ने धनुष उठाने का प्रयास किया लेकिन कोई उसे हिला तक नहीं सका।

धनुष न टूटने पर जनक चिंतित होकर कहते हैं कि 'तजहुं आस निज निज गृह जाहू, लिखा नहीं वैदेही विवाहू' इस पर लक्ष्मण क्रोधित होकर जनक के शब्दों का विरोध करते हुए संवाद करते हैं कि 'कहि जनक जसि अनुचित बानी, विद्यमान रघुकुल मुनि जानी' गुरु विश्वामित्र राम की ओर देखकर कहते हैं 'उठहुं राम भंजहु भवचापा, मेटहुं तात जनक परितापा' गुरु की आज्ञा पर भगवान राम धनुष की प्रत्यंचा खींचते हैं और धनुष टूट जाता है। पूरा पंडाल जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठता है। संयोजक संजीव गुप्ता, कमलेश गुप्ता, राजेश तिवारी, राजू चौहान, अवधेश सिंह फ़ौजी, प्रेमनारायण तिवारी, गिरीश शुक्ला व नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रभु राम ने ताड़का का वध किया तो खुश हुए ऋषि-मुनि

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** नगर में आयोजित रामलीला के तीसरे दिन मुनि याचना से लेकर ताड़का वध अहिल्या उद्धार, नगर दर्शन, फुलवारी लीला का मंचन किया गया। लीला के शुभारंभ में मुनि विश्वामित्र अयोध्या के राजा दशरथ से अपने यज्ञ को सफल बनाने के लिए मदद की गुहार लगाने पहुंचे और उनके पुत्रों को मांगा तो राजा अधीर हो उठे। मुनि की समस्या सुन राजा ने राम-लक्ष्मण को उनके साथ भेज दिया। ताड़का व उनके सेवक चिरपोटन की चुटीली बातों ने सबका मनोरंजन किया। प्रभु राम ने ताड़का का वध किया तो ऋषि-मुनि खुश हो उठे। आगे चलकर वन में एक शिला को देख राम के पूछेने पर ऋषि विश्वामित्र उन्हें अहिल्या की पूरी कहानी सुनाते हैं। प्रभु श्रीराम अपनी चरण रज से अहिल्या को सद्गति प्रदान करते हैं। इस प्रकार विश्वामित्र के साथ राम आगे चलकर जनकपुरी पहुंचते हैं। जहां पुष्प वाटिका में भगवान श्री राम को गौरी पूजन के लिए आई सीता जी का प्रथम दर्शन होता है।

### मेघनाद और कुंभकरण वध लीला का किया मंचन

**शुक्लागंज उन्नाव।** अशोक वाटिका श्री राम लीला पंचायती समिति की ओर से शंकरपुर गांव में लक्ष्मण शक्ति व मेघनाद व कुम्भकर्ण वध का मंचन किया गया। इस दौरान मौजूद तमाम दर्शकों ने लीला का लुप्त उठाया और कालाकारों की कला को सराहा। रामलीला के दौरान सोमवार को शंकरपुर गांव में युद्ध के दौरान मेघनाद ने शक्तिबाण मारकर लक्ष्मण को अचेत कर दिया। जैसे ही वह जमीन पर गिर वैसे ही राम दल में खलबली मच गई गई। राम दल ने हनुमान को हिमालय भेजकर संजीवनी बूटी मंगाई। जिस पर हनुमान जी बूटी लेने के लिये हिमालय पर्वत की ओर चल दिये जब वह हिमालय पर्वत पर पहुंचे तो सजीवनी बूटी को पहचान नहीं पाये। जिसके कारण वह पूरा हिमालय पर्वत लेकर ही चल दिये। यह नजारा देख दर्शक भाव विभोर हो गये।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं कि वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण प्रगति

भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त को लेकर बनी सहमति के बाद दोनों देशों के सैनिक पीछे हट गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने सोमवार को बताया कि भारत-चीन की सेना देपसांग और डेमचोक से पीछे हटने के लिए सहमत हो गई हैं। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम से आमने- सामने के टकराव की स्थिति दूर होगी। अहम बात है कि इस सफलता की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी शहर कजान की यात्रा से एक दिन पहले हुई है। भारतीय और चीनी वार्ताकार मुद्दों को सुलझाने के लिए पिछले कुछ हफ्तों से संपर्क में थे। यह सहमति प्रधानमंत्री को स्पष्ट शब्दों में और उच्चतम स्तर पर भारत के रुख को मजबूती से रेखांकित करने का अवसर देगी कि संबंध शांति पर आधारित हैं और संबंधों का भविष्य चीन द्वारा यथास्थिति बहाल करने पर निर्भर करता है। गौरतलब है कि जून 2020 में दोनों देशों के बीच गलवान में विवाद हुआ, इसमें 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और चीन को भी अच्छा खासा नुकसान हुआ था। गश्त की व्यवस्था पर सहमति बनने से वर्ष 2020 में बने गतिरोध के पूर्ण समाधान का रास्ता खुल गया है।

अगर अप्रैल 2020 से पहले वाली यथास्थिति की बहाली होती है तो ये मोदी सरकार के लिए एक व्यापक कूटनीतिक जीत होगी। मूल रूप से, इसका मतलब ये होगा कि पूर्वी लद्दाख में विवाद के जिन पांच बिंदुओं पर चीन जबरदस्ती करना चाह रहा था, उसके खिलाफ भारत का जवाबी दबाव काम आया। विवाद के ये पांच बिंदु हैं देपसांग बुलगे, गोगरा-हॉट स्प्रिंग्स, गलवान, और पैंगोंग त्सो और डेमचोक के दोनों दक्षिणी क्षेत्र और उत्तरी तट। अगर यहां अप्रैल 2020 से पूर्व की स्थिति बहाल होती है तो ये परिदृश्य या परिणाम भारत के लिए बहुत बड़ी बात होगा। भारत ने शुरुआत से ही जोर दिया कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना भारत-चीन संबंधों के सामान्यीकरण के लिए आवश्यक है। पिछले दिनों विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में कहा था कि भारत-चीन सीमा विवाद में 75 प्रतिशत प्रगति हुई है, जो पूर्वी लद्दाख में सैनिकों की वापसी से संबंधित है। भारत-चीन संबंध एशिया और दुनिया के भविष्य को प्रभावित करेंगे। कुल मिलाकर भारत और चीन ने एलएसी पर अलग-अलग मुद्दों पर महत्वपूर्ण प्रगति की है। इसके तहत उन सभी मुद्दों के समाधान तलाशना भी शामिल है, जो अप्रैल 2020 से पहले से दोनों पक्षों के बीच टकराव का कारण बने हैं।

# ऋग्वेद को समझे बिना राम कथा को नहीं समझा जा सकता



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

आज भी विश्व शांति की बात भारत ही क्यों करता है? यह सच है कि ऋग्वेद में 'विश्व' का अर्थ सर्व या समस्त है परंतु जहां दूसरे दूसरों को लूट कर मालामाल होने की चिंता में लग रहे हैं वहां भारत अकेला ही सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुखभाक् भवेत्' का राग क्यों अलापता रहा है।

रामकथा के विविध पक्षों पर पहले के विद्वानों ने इतने लंबे समय तक विचार किया और इतने अधिकार से लिखा है कि उसके बाद मैं, जिसने अपना अधिकतर समय ऋग्वेद पर लगाया है, इस पर जो कुछ 1975 में कह आया था, उससे अलग कुछ लिखने की सोच ही नहीं सकता था। पर ऋग्वेद की गुत्थियां सुलझाते हुए एकाएक इस आश्चर्यजनक निष्कर्ष पर पहुंचा कि जिसने ऋग्वेद को नहीं समझा वह रामकथा को नहीं समझ सकता। दोनों की आत्मा एक और काया अलग है। इससे अवगत कराने के लिए एक लेखमाला लिखनी पड़ी थी। पर दूसरा झटका इसकी प्रस्तावना लिखते समय लगा, जब पता चला यह कथा तो ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना हमारे समय से ऋग्वेद। आदिकवि वैदिक कवियों के लिए भी विस्मृतप्राय थे और इस बात की पर्याप्त संभावना है मूल गाथा के रचनाकार का नाम वाल्मीकि रहा भी न हो, यह नाम प्रस्तुत रामायण के मूल रचनाकार द्वारा रखा गया हो और उनके पापाचार, उद्धार और तप की कहानियां अंगुलिमाल की प्रतिस्पर्धा में कुछ बाद में गढ़ी गई हों।

रामकथा मानव सभ्यता के उत्स की कथा है इसलिए चरित्र से अधिक महत्व अर्थतंत्र, भाषा, संस्कृति, प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञताओं के विकास और निखार का है। यह हमारे इतिहास बोध से जुड़ी कथा भी है। विश्व की प्राचीनतम सभ्यताओं में कहीं भी आधुनिक अर्थ में इतिहास नहीं मिलता। इसलिए यदि प्राचीन भारत में भी नहीं मिलता तो हैरानी की बात नहीं है। संतोष की बात यह है कि मानवता का वैज्ञानिक इतिहास लिखने के लिए जितनी विपुल सामग्री भारत में उपलब्ध है, वह अन्य किसी देश में नहीं पाई जाती और जिस तरह का गहन इतिहास बोध भारत में बना रहा है, वैसा इतिहास बोध भी अन्यत्र नहीं पाया जाता। यदि भारत के निकट कोई देश पहुंच सका तो वह चीन था और यही कारण है कि अपने अतीत पर नजर डालने पर हीनता से ग्रस्त पाश्चात्य इतिहासकार सबसे अधिक भारत और चीन की अवज्ञा और निषेध करते रहे हैं। अपनी इस सीमा के कारण वे विश्व सभ्यता के निर्माण में भारत के योगदान को समझ ही नहीं सकते हैं। एएल. बैशम जैसे विद्वान भी जो मुग्ध भाव से 'द वंडर दैट वाज इंडिया' लिख कर भारतीयों को अपना मुरीद बना चुके हैं, इसके अपवाद नहीं है। जो व्यक्ति किसी देश के विकास को आश्चर्य के रूप में देखता है वह विकास के कार्य-कारण संबंध को नहीं जानता और इसलिए उसकी उपलब्धियों को अभ्र पतित मान कर चकित होता है।

> बैशम के निर्देशन में अपना शोध कार्य करने वाले विद्वान, औपनिवेशिक मानसिकता की अतिजीविता के कारण, ऊंचे पायदान पर बहुत आसानी से भले पहुंच गए हों, परंतु वे भारत को, भारत के प्राचीन साहित्य और उसकी भाषा को समझने के प्रति उदासीन रहे हैं, जिसके कारण उन्हें भारतीय समाज और इतिहास की समझ हो ही नहीं सकती थी।

बैशम के निर्देशन में अपना शोध कार्य करने वाले विद्वान, औपनिवेशिक मानसिकता की अतिजीविता के कारण, ऊंचे पायदान पर बहुत आसानी से भले पहुंच गए हों, परंतु वे भारत को, भारत के प्राचीन साहित्य और उसकी भाषा को समझने के प्रति उदासीन रहे हैं, जिसके कारण उन्हें भारतीय समाज और इतिहास की समझ हो ही नहीं सकती थी। वे अंग्रेजी व्याख्याकारों, अनुवादकों और इतिहासकारों को, अपने मुहावरों में, कुछ और विरूपण करके, दुहराते रहे हैं, इसलिए भारतीय इतिहास लेखन में उनका योगदान ऋणात्मक रहा है। अपने को भारत-अनुरागी कहने वाले पाश्चात्य विद्वान भी भारत को समझ नहीं सकते, क्योंकि वे किसी भी कीमत पर यह नहीं मान सकते कि ग्रीक सभ्यता एक भिन्न देश-काल में उस सभ्यता का विशाखन है जिसका आरंभ भारत में हुआ था। वे यह भी समझ नहीं पाते कि सभ्यता की प्रकृति वैश्विक है। यह एक तरह की झंडाबदल दौड़ (रिले रेस) है। एक जब थक जाता है, उससे अपना रिक्थ तक संभाला नहीं जाता, और तभी दूसरा उस दाय को सहेज और संभाल कर अपने अनुरूप ढालता और उसे समृद्ध करता हुआ आगे की दौड़ अधिक तेज गति से लगाने लगता है। भारत ने एक छोटे पैमाने पर इसे हजारों साल पहले समझ लिया था। यह बोध हमारी जातीय चेतना में उतर गया (चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः; चंचला हि लक्ष्मी; पुरुष बली नहिं होत है, समय होत बलवान; सब दिन होत न एक समान)। पश्चिमी इतिहासविद और दार्शनिक भी सभ्यता के विस्तार और नवोदय की प्रकृति को नहीं समझ पाते, या समझते हुए स्वीकार नहीं कर पाते, सामान्य लेखकों की तो बात ही अलग है। उनके लिए भले हो पर हमारे लिए ग्रीक सभ्यता प्रतिस्पर्धी सभ्यता नहीं है, स्थान और कालभेद से उसी सभ्यता का अगला प्रस्फुटन है जिसकी जड़ें भारत में हैं और उससे भी हमारा लगाव होना चाहिए। आधुनिक पश्चिमी सभ्यता भी हमारे लिए पराई नहीं है। उनका वैज्ञानिक और प्रौद्योगिक विकास अरबों के माध्यम से हस्तांतरित भारतीय ज्ञान-विज्ञान और बिसरे हुए ग्रीस के पुनरुद्धार से पैदा हुआ है। खेद की बात यह कि अपनी ख़ानाबदोश उजड्डता के अवशेषों के कारण उससे ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी का गौरव संभाला न गया और यह विकास के साथ साथ उससे भी अधिक विनाश का जनक बनता चला गया। याद रहे कि स्पेंग्लर ने विश्वयुद्ध के आतंक में ही दि डिक्लाइन ऑफ दि वेस्ट (1918-22) लिखा था, परंतु वह भी यह नहीं समझ पाया कि सभ्यता सर्वोदय की दिशा में बढ़ने वाली महायात्रा है जिसमें प्रकृति और मनुष्यता की अल्पातम क्षति से अधिकतम कल्याण संभव हो सके। यह सपना केवल भारत में देखा गया, यद्यपि मूर्त नहीं किया जा सका था, परंतु यह व्यर्थ भी नहीं गया था। इसी के कारण यहां की विकृतियां भी या तो आरोपित थीं या अपने समकालीन विश्व की विकृतियों की तुलना में इतनी सह्य थीं कि विदेशी आगंतुकों को दिखाई तक नहीं पड़ती थीं। यह उसी कृषि क्रांति के क्रम में विकसित मूल्य प्रणाली के दाय के कारण से पूरी तरह लुप्त नहीं हुई। भारत अपने ज्ञान का हस्तांतरण कर सका परंतु अपने मूल्यों का हस्तांतरण नहीं कर पाया, या वह दूसरों से ग्रहण नहीं हो पाया। विश्व की त्रासदी का सबसे बड़ा कारण यही है, जिससे उस धरती का अस्तित्व तक संकटग्रस्त है जिसके समान कोई लोक पूरे ब्रह्मांड में आज तक तलाशा नहीं जा सका। क्या व्यंग्य है कि आप चांद पर बसने के सपने देखते हैं, परंतु स्वर्गोपम धरती का विनाश करने पर तुले हैं, बचाने की इच्छा शक्ति नहीं दिखाई देती। वसुधैव कुटुंबकम भारत का हजारों साल पुराना भारतीय सपना अपनी उजड्डता पर गर्व करने वाले देख ही नहीं सकते थे। दूसरों की बात तो दूर, हमारे बुद्धिजीवियों के दिमाग की जिस तरह की धुलाई की गई है उसमें उन्हें भी यह चंडूखाने की गप जैसा लगता है। वे भूल जाते हैं कि विश्वामित्र, विश्वबंधु, सुबंधु, विश्वमना, विश्ववेदा, विश्दर्शी, जैसे नाम और विशेषण भारत में वैदिक काल से ही क्यों मिलने लगते हैं?

आज भी विश्व शांति की बात भारत ही क्यों करता है? यह सच है कि ऋग्वेद में 'विश्व' का अर्थ सर्व या समस्त है परंतु जहां दूसरे दूसरों को लूट कर मालामाल होने की चिंता में लग रहे हैं वहां भारत अकेला ही सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुखभाक् भवेत्' का राग क्यों अलापता रहा है और दूसरे देश प्रणरक्षक दवाओं का मूल्य असंख्यगुना बढ़ा कर वसूल करते हैं, वहां अकेले भारत ही उसे उन्हें अल्पतम ओर विपन्न देशों को मुफ्त वितरित करने की चेष्टा क्यों करता है। जिन देशों में भारतीय व्यापारियों ने अपने उपनिवेश कायम किए उन सभी में उनके प्रति गहन आत्मीयता का भाव क्यों पाया जाता है कि भारत से दूर रह कर भी वे अपनी भूभौतिक सीमाओं के विपरीत भारतमय क्यों हो जाना चाहते थे? कल्पना करें कि स्पार्टन महिलाएं साड़ी पहनने की कोशिश कर रही हैं, यूनानी दार्शनिक खुले अधोवस्त्र और उत्तरीय में मूर्त और चित्रित दिखाई दे रहे हैं, स्लाविक जन नदियों और जल धाराओं की पवित्रता और वृक्षों की पूजा कर रहे हैं और उनकी जातीय परंपरा में यह स्मृति बनी रह गई है कि गंगा तट (कांगदीज) से आए वेद विदों ने उन्हें सभ्य बनाया और सारा ज्ञान विज्ञान प्रदान किया था। उनकी वृद्धाएं दायना (ध्यान मंत्र) दुहरा रही हैं और आज के पश्चिमी विद्वान इस पर परदा डालने और नकारने के तरीके ईजाद कर रहे हैं। दूसरी ओर वैदिक जननायक प्रतिज्ञा कर रहे हैं,'हम पूरे संसार को सभ्य बना कर दम लेंगे - कृणवन्तः विश्वमार्यम। हम ज्ञान, पशुपालन, खेती-बारी (बागबानी), जलाशयों और कूपों का निर्माण औ, खनिजों के दोहन का कौशल सिखाते हुए, आलोक से समस्त धरती को सभ्य बना देंगे।

## प्रसंगवश

# चांद की हौसला अफजाई का दिन

चांद तो करोड़ों अरबों साल से आसमान में टंगा है पर अब तक कुछेक रीतिकालीन कवियों के अलावा और किसी को कुछ देखने लायक लगा नहीं उसमे। इतना ज़रूर था कि जब भी उसे ग्रहण लगता था हमारे बढ़े-बूढ़े नदियों मे डुबकी लगा लेते थे। हर हिंदुस्तानी महिला उसे अपने बच्चों का मामा करार देती थी। कुल मिलाकर ज़िंदगी पटरी पर थी चांद की और संतोषी चांद इतने भर सम्मान से राजी भी था।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

फिर चांद की कुंडली मे शनि जैसे ससुर जा बैठे। दक्ष की सारी सत्ताईस कन्याओं के इस इकलौते पति ने उनमें से सबसे सुंदर रोहिणी से ज्यादा प्रेम करने की गलती की। अपनी शेष दो दर्जन से भी अधिक बेटियों की उपेक्षा से दक्ष नाराज़ हुए। नतीजतन चांद ने अपने ससुर से टीबी का मरीज़ हो जाने का श्राप हासिल किया।

दक्ष को समझना चाहिए था कि उनकी गलतियों के बोझ तले दबा दामाद उनकी सारी ना सही एक बेटी से प्रेम कर तो रहा ही था। इससे यह बात एक बार फिर प्रमाणित होती है कि पत्नी को सदैव प्रसन्न रखना देवताओं के लिये भी असंभव काम है। एक ही पत्नी रखने का चलन भी इसी के बाद से शुरू हुआ। सत्ताईस के चक्कर मे जब देवताओं को टीबी हो सकती है तो हम सभी तो साधारण इंसान ही हैं।

बात यही ख़त्म हो जाती तो चांद समझा भी लेते मन को। पर एक दिन चांद की मिट्टी फिर कुटी। नासा वालों ने अफ़वाह फैलाई कि उनका नील स्ट्रांग नाम का बंदा चांद पर जा पहुंचा है। और फिर उसने जो फ़र्ज़ी फोटो जारी की चांद की वो यक़ीनन हमारे कवियों, प्रेमियों और पंडे पुजारियों का दिल तोड़ने वाली थी। बताया गया कि वहां गड्ढों और धूल के अलावा कुछ है नहीं। बेपानी है चांद और सांस लेने के लिए ज़रूरी ऑक्सीजन भी लापता है। इस बुरी खबर की वजह से इश्क़ के बाज़ार मे चांद के भाव ओधें मुंह गिरे। कविताओं से उसे बाहर धकेल दिया गया। चांद का मुंह उतर गया। बकौल मुक्तिबोध चांद का मुंह टेढ़ा हुआ। उसकी चमक मद्धिम पड़ गई। माशूकाओं ने चांद से अपनी शक्ल की तुलना करने वाले आशिक़ों के मुंह तोड़ दिए। और चांद तोड़ कर ले आने जैसी लंबी लंबी छोड़ने वाले खदेड़ दिए गए। ऐसे बुरे हालात मे चांद को डिप्रेशन मे चले ही जाना था।

स्वर्गलोक में रिवाज है जब भी कोई देवता संकट मेंआता है वो काकभुशुंडजी से सलाह लेता है। भगवानों के मनोचिकित्सक हैं वो। चांद से मोटी फ़ीस लेने के बाद काकभुशुंडजी ने उसे हिंदी फ़िल्म बनाने वालो की मदद लेने की सलाह दी। चांद ने जोड़तोड़ की इसके लिए। गुलज़ार मदद करने के लिये राज़ी हुए भी। धन्नो की आंखों मे चांद का चुम्मा और चांद चुरा कर लाया हूं, टाईप के गाने भी लिखे उन्होंने। पर विदेशियों की बात पर आंख मूंद कर भरोसा करने की हमारी फ़ितरत के कारण चांद की बात बनी नहीं। वो अनदेखा ही बना रहा और अपनी क़िस्मत पर रोता रहा।

पर जैसा कि हमेशा होता है। सबके दिन कभी ना कभी फिर ही जाते है। चांद के दिन भी फिरे। भारतवर्ष में करण जौहर ने हिंदुस्तानी महिलाओं को चांद की इज्जत करने के फ़ायदे समझाए। उसने बताया कि करवा चौथ के पूरे दिन भूखा प्यासा रहने के बाद शाम को भारी मेकअप ,बहुत सारी महंगी ज्वैलरी और शादी की सुर्ख़ साड़ी पहनकर अपने पति को छलनी से ताकने पर वो उम्रदराज़ होता है।

भारतीय महिलाएं अपने पति को चाहे जितना तलें पर वो उसे ज़िंदा रखने को लेकर कुछ भी करने के लिए कभी पीछे नहीं हटती। ऐसे में करण जौहर का यह तुक्का चला और खूब चला। चांद को इज़्ज़त दिलाने के एवज़ में करण जौहर की तिजोरी नोटों से लबालब हो गई। इससे उत्साहित करण जौहर ने आगे जितनी भी फ़िल्मे बनाईं उनमें हीरोईन को करवा चौथ का व्रत रखना ही पड़ा। हालांकि आजकल करण जौहर को ग्रहण लगा हुआ है पर पर जिस निमित्त जन्म हुआ था उनका वो कार्य पूर्ण हो चुका। करण जौहर की फ़िल्में चले ना चलें चांद चल पड़ा है।

करवा चौथ चांद की हौसला अफजाई के लिए तय किया गया दिन है।अपनी भूखी प्यासी पत्नियों से प्रेम जताने की शपथ लेने का अवसर होता है ये। पत्नियों से प्रेम जताने वाले पति अपने ससुर की नाराज़गी से बचे रहते हैं। वे अपनी सास और सालों की प्रसन्नता के पात्र होते हैं। उन्हें कभी टीबी नहीं होती और जीवन पर्यंत ससुर की बेटी के बनाए तर माल उड़ाने का मौक़ा भी हासिल होता है।

# आस्था पर कुठाराघात या प्रदूषण नियंत्रण



आलोक तिवारी
लखनऊ

> सुप्रीम कोर्ट का उद्देश्य पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा करना था साथ ही कोर्ट ने कहा " लोग दिवाली मनाना चाहते हैं तो उन्हें आत्मसंयम रखना होगा।

भारतीय संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार है, दीपावली। जिसे पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। परंतु हाल के वर्षों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दीपावली के अवसर पर पटाखे छुड़ाने को लेकर लगाए गए प्रतिबंध ने गंभीर बहस छेड़ दी है।

पटाखों पर प्रतिबंध की शुरुआत 2015 में हुई, अर्जुन गोपाल और अन्य बच्चों की ओर से उनके अभिभावकों सुप्रीम द्वारा कोर्ट में एक याचिका दायर की गई। याचिका का मुख्य उद्देश्य था दिल्ली जैसे प्रदूषित क्षेत्रों में पटाखों के कारण उत्पन्न वायु प्रदूषण को कम करना।

इस याचिका के बाद, 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने से इनकार किया, लेकिन ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति दी, जो कम प्रदूषण फैलाते हैं।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पटाखे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खरीदे जा सकते हैं और ई-कॉमर्स वेबसाइटों को इसकी बिक्री करने से रोकते हुए पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। कोर्ट ने पटाखे फोड़ने की अवधि भी तय की थी और आदेश दिया था कि पटाखे केवल निर्धारित क्षेत्रों में ही फोड़े जा सकेंगे।

2019 में सुप्रीम कोर्ट ने बेरियम जैसे हानिकारक रसायनों के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगा दिया, और 2021 में इस आदेश को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद 2023 में एक और अहम निर्णय में, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस एमएम. सुंदरेश की खंडपीठ ने कहा कि पटाखों पर प्रतिबंध केवल दिल्ली तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत में लागू होगा। इस फैसले ने देश भर में एक नई बहस को जन्म दियाः क्या पटाखों पर प्रतिबंध आस्था और परंपराओं के विरुद्ध है, या यह एक आवश्यक कदम है प्रदूषण नियंत्रण के लिए?

सुप्रीम कोर्ट का उद्देश्य स्पष्ट रूप से पर्यावरण और जनस्वास्थ्य की रक्षा करना था साथ ही कोर्ट ने कहा " लोग दिवाली मनाना चाहते हैं तो उन्हें आत्मसंयम रखना होगा। प्रत्येक नागरिक को यह देखना होगा कि वे कम संख्या में पटाखों के साथ दिवाली मनाएं।" जस्टिस सुंदरेश ने यह भी कहा, कि "जब पर्यावरण संरक्षण की बात आती है तो यह गलत धारणा है कि यह केवल अदालत का कर्तव्य है।"

परंतु, समाज के एक वर्ग का मानना है कि पटाखों पर प्रतिबंध धार्मिक आस्थाओं पर सीधा प्रहार है। सुप्रीम कोर्ट के वकील एससाई दीपक कहते हैं कि दीपावली के अवसर पर कोर्ट द्वारा पटाखों पर प्रतिबंध और कहीं कहीं पटाखे जलाने की समय सीमा भी निर्धारित करना हमारी अस्थाओं पर ठेस एवं सीधा सीधा कुठराघात है। दीपक के अनुसार, कोर्ट का यह निर्णय केवल पर्यावरण संरक्षण के नाम पर नहीं लिया जाना चाहिए, बल्कि इसे हमारे त्योहारों और आस्थाओं के साथ सामंजस्य बिठाकर लागू किया जाना चाहिए।

दीपावली पर पटाखों के प्रतिबंध का प्रमुख कारण प्रदूषण और पटाखों से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याएं मानी गई हैं। हालांकि, इस मुद्दे पर विचार करते समय प्रदूषण के अन्य स्रोतों और उनके प्रभावों को जानना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उद्देश्य वायु गुणवत्ता में सुधार लाना है, लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य है कि प्रदूषण के अन्य बड़े कारक भी वायुमंडल को अधिक गंभीर हानि पहुंचाते हैं। टेरी एवं आईएसटी की रिपोर्ट प्रदूषण के कारणो का विस्तार से वर्णन करती है।

पटाखों से होने वाला प्रदूषण कुल प्रदूषण का केवल 5 प्रदूषण होता है, और यह विशेष रूप से दिवाली जैसे उत्सवों के दौरान अधिक देखा जाता है। पटाखों से उत्सर्जित कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, और सूक्ष्म कण वायु को प्रदूषित करते हैं, जिससे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पटाखों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण भी इंसानों और जानवरों पर नकारात्मक असर डालता है

परंतु जब हम वायु प्रदूषण के अन्य स्रोतों जैसे वाहनों, उद्योगों, पराली जलाने, और कृषि गतिविधियों से होने वाले प्रदूषण की तुलना दीपावली के पटाखो के प्रदूषण से करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि पटाखों का योगदान अपेक्षाकृत बहुत कम है। धार्मिक और सांस्कृतिक आस्थाओं का सम्मान जागरूकता और नियंत्रित पटाखे चलाने की व्यवस्था के साथ किया जाना चाहिए।

## सोशल फोरम

# कलाई घड़ी

कभी रिस्ट वाच यानी कलाई घड़ी स्टेटस सिंबल हुआ करता था। महंगी रिस्टवॉच वाला मुर्गे की तरह गर्दन तान कर चलता था। दहेज़ में भी नसीब वालों को कलाई घड़ी मिलती थी। हमें याद है पचास के सालों में हमारे एक रिश्तेदार को शादी में घड़ी मिली तो उसने पुरानी घड़ी उतार कर सहबाले को गिफ़्ट कर दी। कई लोग तो आस लगाए होते थे जल्दी बड़े भाई की शादी हो और पुरानी घड़ी हमें मिले। ये रिवाज़ सरहद पार से आए पंजाबियों में बहुत था। सत्तर सालों के आखिर में जब हमारी शादी हुई तो हमें दहेज़ में एचएमटी घड़ी मिली थी। यह वो ज़माना था जब शादी के बाद कलाई देखी जाती थी- कौन सा मेक है? इससे दुल्हन पक्ष की हैसियत का आंकलन लगाया जाता था। उस ज़माने में रीको-सीको स्टेटस सिंबल हुआ करता था। इससे पहले हमने बारहवीं कक्षा में पहली बार घड़ी पहनी थी। ये हमने पांच रूपए महीने की 'कमेटी' डाल कर खरीदी थी। इसे हमने शादी तक पहनी।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

एक वक्त ऐसा भी था कि एक समय में हमारे पास तीन घड़ियां हुआ करती थीं। रोज़ाना बदल-बदल कर पहनते थे। तब टाइम पूछने वाले भी बहुत हुआ करते थे। कई बार गुस्सा भी आता था। ट्रैफिक सिग्नल पर साईकिल खड़ी की नहीं कि टाइम पूछने वाले आ गए। कालांतर में साइकिल से स्कूटी वाले हो गए। मगर टाइम पूछने वालों की तरक्की नहीं हुई। स्कूटी चला रहे थे कि पीछे से एक तेज बाईक वाला आया, भाई साहब टाइम क्या है? बहुत गुस्सा आया। अबे तुझे टाइम बताऊंगा तो एक्सीडेंट हो जाएगा।

अब हम अपनी ज़रूरत पर टाइम के लिए मोबाईल का इस्तेमाल करते हैं। भूला-भटका छोड़ दें तो कोई टाइम भी नहीं पूछता। रिक्शेवाले और खोमचे वाले तक मोबाईल लिए घूम रहे हैं। आप लाख रुपये की घड़ी पहने हों, कोई पूछने वाला नहीं। हमें याद है वो ज़माना जब हमारे मित्र नई घड़ी लाए थे। कोई पूछे न पूछे, हाथ लहरा लहरा कर सबको टाइम बताया करते थे। अभी कुछ दिन पहले की बात है। एक गुडलुकिंग सीनियर सिटिज़न ने टाइम पूछा। हमें हैरानी हुई। कैसा बंदा है यार? इस युग में मोबाईल नहीं रखता जेब में! बहरहाल, हमने जेब से अपना मोबाईल निकाला और एक्ज़ेक्ट टाइम बता दिया। बंदे ने शुक्रिया बोला।

-फेसबुक वॉल से

# स्त्री गरिमा का सवाल

बीवी से निजात हासिल करने के लिए तलाक देना पड़ता है लेकिन मुताह तो ऐसी धांसू व्यवस्था है कि तलाक़ के बिना ही वह वापस चली जाएगी। भारत में भी मुताह के मामले सुनने में आते रहते हैं लेकिन नाइश हसन ने जो राज़ खोला है उसके मुताबिक़ मुताह यहां भी ये काम चालू है,"अरबी कल्याणम", "मैसूर कल्याणम"मुताह के स्थानीय नाम हैं। हैदराबाद और केरल में बड़ी तादाद में मुताह होने का ब्यौरा पेश किया है, लखनऊ की नाइश हसन ने अपनी किताब "मुताह : एक शोधपरक अध्ययन" में। हाल ही में लखनऊ पुस्तक मेले में इस किताब को लांच किया गया। उन्होंने इस किताब में एक दो केस इलाहाबाद और लखनऊ के भी पेश किए हैं।



सुहेल वहीद अंसारी
उर्दू लेखक

यह किताब क़ुरान की आयतों को अक्षरशः अरबी लिपि में प्रस्तुत करते हुए उन्हीं के हवाले से लेकर मुस्लिम विद्वानों,मज़हबी पेशवाओं, हदीस और मुस्लिम दुनिया के किन देशों में मुताह हो रहा है या होता है, उसके उल्लेख के साथ उनके स्वयं के शोध, सर्वे, मुताह की मारी औरतों से मुलाक़ात की कहानी बयान कर रही है। किताब बता रही है कि केरल राज्य महिला आयोग के एक अध्ययन के अनुसार "मैसूर कल्याणम की नौ हज़ार से अधिक पीड़ितों में से करीब तीन सौ पीड़िताएं लापता हैं।" अरब के शेख से किया जाने वाला मुताह "अरबी कल्याणम" कहा जाने लगा, अरबी के बाद मैसूर कल्याणम का रास्ता साफ़ हुआ। सन 2003 में "पदम ओन्नू ओरू विलापम" फ़िल्म भी इस पर बन चुकी है। केरल से निकल कर जब यह कुप्रथा हैदराबाद पहुंचती है तो वहां उसे शेख़ मैरिज कहा जाने लगता है। दस अगस्त 1991 को जब ग्यारह साल की अमीना को एक 60 साल का शेख़ हैदराबाद से ब्याह कर ले जा रहा था तो एयर इंडिया की एयर होस्टेस अमृता अहलूवालिया ने उसे छुड़ा लिया था। पहली बार भारत में इस पर खूब शोर मचा था लेकिन फिर सब ठंडा पड़ गया, नाइश ने उसी घटना से उद्वेलित होकर इस पर काम किया और तैंतीस साल बाद इस किताब के ज़रिये बताया है कि अभी भी ये सब पहले की ही तरह हो रहा है। मुताह शिया मुसलमानों की असना अशरी सम्प्रदाय की रस्म है। लेकिन हैदराबाद और केरल में जिन लड़कियों से मुताह किया जा रहा है वे शायद सब शिया नहीं हैं। अरब के सुन्नी शेख़ मुताह के बजाए मिस्यार करते हैं और यहां लिव इन वाले ऐवईं गालियां खा रहे हैं। किताब बता रही है कि 1979 में ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद ब्लसिंग ऑफ टेंपरेरी मैरिज का खूब प्रचार प्रसार किया गया। यहूदी, ईसाई, हिंदू, इस्लाम धर्म ग्रंथों के हवाले से नाइश हसन ने यह साबित किया है कि स्त्री की गरिमा का ख्याल किसी भी धर्म ने शायद नहीं रखा है। नाइश हसन ने 12 ऐसे मुताह जो पुलिस के संज्ञान में हैं, जो पुलिस के संज्ञान में नहीं हैं ऐसे 16 और ऐसे 13 केस का ब्यौरा पेश किया है जो सापेक्षिक रूप से सफल रहे।

## आपका पत्र

### बढ़ता वायु प्रदूषण

वर्ष प्रतिवर्ष अक्टूबर, नवंबर के आसपास जब धीरे-धीरे ठंड का प्रकोप बढ़ने लगता है, दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण लगातार बढ़ने लगता है। कहा जाता है कि दिल्ली, हरियाणा, पंजाब एवं उत्तर प्रदेश के कुछ-कुछ शहरों में पराली जलाए जाने के कारण वायु प्रदूषण लगातार बढ़ता है। सर्दियों के आगमन के साथ-साथ ही दिल्ली एनसीआर गैस चैंबर सा बन जाता है। वर्तमान वर्ष में भी फिर यही स्थिति दोबारा आने लगी है। पराली के कारण ही वायु प्रदूषण बढ़ता है, इसके लिए ठोस समाधान किए जाने की आवश्यकता है। पराली दहन के परिणाम स्वरुप कार्बन मोनोऑक्साइड ,मिथेन, पाली साइकिल्स, एरोमेटिक, हाइड्रोकार्बन और वास्पशील कार्बनिक यौगिक जैसी खतरनाक ,जहरीली गैसों का उत्सर्जन लगातार बढ़ता जाता है। वायु प्रदूषण के कारण जहां एक और पर्यावरण की क्षति होती है, वही वायु प्रदूषण से मनुष्य के स्वस्थ शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। जरूरी है सरकार पराली दहन के लिए कुछ व्यावहारिक एवं ठोस उपाय ढूंढे ,केवल पराली जलाने वालों पर जुर्माना और प्रतिबंध लगाने से सफलता नहीं मिलेगी। सबसे अच्छा हो कि पराली को जलाने के स्थान पर इसको यदि कोलतार के साथ मिला1कर सड़कों के निर्माण में लगाया जाए तो कुछ हद तक वायु प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। पराली कंपोस्ट खाद ,ग्रामीण क्षेत्रों में झोपड़ी के निर्माण, पशु चारा ,थैली आदि बनाने में भी उपयोग किया जा सकता है। इससे जहां एक और किसानों को उचित मूल्य मिलेगा वहीं दूसरी ओर वायु प्रदूषण को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। प्रशासनिक और सरकारी स्तर पर ईमानदारी के साथ काम करना होगा।

**-डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी,**101 बड़ा बाजार नैनीताल

### तांत्रिक बाबाओं का मायाजाल

दिनांक 21 अक्टूबर के,'अमृत विचार' ध्रुव गुप्त का,'तांत्रिक बाबा और मधुबाला की रूह' लेख पढ़ा। लेख गंभीर मारक शक्ति वाला है। इस तथ्य को वे लोग ही जानते होंगे,जो इस हकीकत से बावस्ता हो चुके हैं। आज कोई भी ऐसा आदमी नहीं है,जो किसी न किसी समस्या से ग्रस्त न हो। ये ठग आदमी की इसी मजबूरी का लाभ उठाते हैं। विभिन्नों क्षेत्रों में चलने वाली प्राइवेट बसों में इस प्रकार के तांत्रिक बाबाओं के फोन नंबर किसी भी समस्या को दूर करने की गारंटी के साथ लिखे मिल जाएंगे। इस नुस्खे को मैंने भी आजमा कर भी देखा है और साथ ही लुत्फ भी लिया है। हर बार ही बाबा ने मुझसे मीठी वाणी में,'बेटा' कहकर बात की थी,(जबकि आवाज से वह मुझसे काफी छोटा मालूम हो रहा था।) और,हां वह 25 हजार से चल कर 5 हजार पर उतर आया था। ऐसे तांत्रिक बाबाओं का मायाजाल लगभग सभी स्थानों पर बिछा है। हालांकि लोग इन ठगों के बारे में भली भांति जानते हैं। मैंने अपने परिचित को जब फोन पर यह वाक्या बताया ,तो वे सुनते ही बोले,'ये बड़े ठग हैं। इनके चक्कर में न पड़ना'।

-**ओमप्रकाश मंजुल**, पूरनपुर, पीलीभीत।

# फतेहपुर में महिला-बच्ची की हत्या, नाले में फेंके गए शव

## मलवां थाना क्षेत्र के बाजापुर के पास मिले शव, दोनों की शिनाख्त नहीं

संवाददाता, फतेहपुर

- निशान देख गला रेतकर हत्या किए जाने का अनुमान
- एएसपी पहुंचे, फोरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** मलवां थाना क्षेत्र में कानपुर-प्रयागराज हाईवे से करीब एक किलोमीटर दूर बाजापुर गांव के पास नाले में एक महिला और एक बच्ची के हत्यायुक्त शव बरामद हुए हैं। प्रारंभिक छानबीन में कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों की गला रेतकर हत्या की गई है। दोनों की शिनाख्त नहीं हो सकी। धान काटने पहुंचे किसानों को दुर्गंध आने पर घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास शुरू कर दिया है।

कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर मलवां थाना क्षेत्र के बाजापुर गांव के बाहर स्थित एक नाले में सोमवार की शाम करीब 30 वर्षीय एक महिला और करीब दो साल की बच्ची के हत्यायुक्त शव बरामद हुए। इसकी जानकारी तब हुई, जब ग्रामीण नाले के पास धान काटने के लिए अपने खेत पर पहुंचे थे। खेत पहुंचने के बाद लोगों को दुर्गंध का एहसास हुआ तो उन्होंने नाले के पास जाकर देखा। किसान उस समय दंग रह गए, जब नाले में महिला और बच्ची के शव पड़े दिखे। इससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया।

ग्रामीणों ने फौरन मामले की सूचना मलवां थाने की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मलवां थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने अधिकारियों को घटना के बारे में जानकारी दी। दो लाशें मिलने की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंते। उन्होंने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कराए। पुलिस ने दोनों शवों की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन देर रात तक दोनों शवों की पहचान नहीं हो सकी।

### दो-तीन दिन पुराने लग रहे दोनों शवः एएसपी

हत्या की सूचना घटनास्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि दोनों शव दो से तीन दिन पुराने लग रहे हैं। दोनों के गले में कटे का निशान हैं, जिससे शुरुआती तौर पर गला रेतकर हत्या किए जाने और फिर दोनों शवों को यहां लाकर फेंके जाने का आशंका है। फिलहाल पुलिस दोनों शवों की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

## पड़ोसी से परेशान युवती ने दी जान

**बकेवर।** लवेदी क्षेत्र के चकोरपुरा में पड़ोसी युवक की हरकतों से परेशान एक युवती ने सोमवार की सुबह घर से थोड़ी दूर कटहल के पेड़ पर फांसी लगाकर जान दे दी।

लवेदी थाना क्षेत्र के चकोरपुरा निवासी जितेन्द्र कुमार की 20 वर्षीया पुत्री आयुषी को पड़ोस का एक युवक आए दिन परेशान करता था, जिस कारण वह काफी परेशान रहती थी। सोमवार की सुबह करीब 5 बजे उसने घर से कुछ मीटर की दूरी पर कटहल के पेड़ पर दुपट्टा का फंदा बनाकर जान दे दी। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। एसआई धर्मेन्द्र शर्मा मौके पर पहुंचे और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ कपिल चौधरी ने बताया कि पड़ोसी युवक लालू आए दिन उसे परेशान करता था। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। भाई दीपांकर की तहरीर पर लालू के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## सिपाही पहनेंगे इंस्पेक्टर और दरोगा से महंगी वर्दी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


महिला पुलिस कर्मी (प्रतीकात्मक फोटो)।

- शासन ने नई भत्ता की दरें घोषित कीं, सिपाही को वर्दी के लिये मिलेंगे 5000 तो इंस्पेक्टर को मिलेंगे 3000 रुपये

**अमृत विचार।** इंस्पेक्टर, दरोगा से महंगी वर्दी सिपाही व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पहन रहे हैं। शासन ने वर्दी भत्ता की नई दरें घोषित कर दी हैं। इसमें सिपाही की वर्दी 5000 रुपये तो इंसपेक्टर, दरोगा की वर्दी 3000 हजार रुपये में बनेगी। यही नहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी 3000 रुपये की वर्दी पहनेंगे।

पुलिस को प्रति वर्ष वर्दी भत्ता दिया जाता है। समय समय पर भत्ते में वृद्धि की जाता है। दरोगा व इंसपेक्टर की वर्दी भत्ते में 2016 में वृद्धि की गई थी। इसके बाद अब की गई है। इसी तरह हेड सिपाही व सिपाही के वर्दी भत्ते में 2019 को वृद्धि की गई थी और पांच साल बाद अब फिर से वृद्धि की गई है। इस के अलावा पुलिस विभाग के सभी चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की वर्दी भत्ते में भी 2019 के बाद अब शासन ने वृद्धि की है।

अब दरोगा व इंसपेक्टर को वर्दी भत्ता 3000 रुपये मिलेगा। हेड कांसटेबल व कांसटेबलों को वर्दी भत्ता 5000 रुपये दिया जायेगा। इंसपेक्टर व दरोगा के बराबर ही वर्दी भत्ता पुलिस विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को दिया जायेगा। अभी तक इंसपेक्टर व दरोगा को 1500 ये, हेड कांसटेबल व सिपाही को 3000 व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 2000 शासन से दिया जा रहा था। इस वर्ष भत्ता पुनरीक्षित किया गया है। इस में 100, 66 व 50 फीसदी की वृद्धि शासन से की गई है। पुलिस की मानें तो जो भत्ता उनको दिया जा रहा है उतने में उनकी वर्दी तैयार नहीं होती है।

## सार-संक्षेप

### मधु मेघवानी ने नेट परीक्षा 97.44 अंको से की उत्तीर्ण


मधु मेघवानी।

**औरैया।** दिबियापुर कस्बे के कलेक्ट्री रोड निवासिनी मधु मेघवानी पुत्री स्व कल्याण दास मेघवानी अंग्रेजी विषय से एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण की है। उनका परसेंटाइल स्कोर 97.44% रहा है। मधु ने अपनी सफ़लता का श्रेय ईश्वर, गुरुजनों एवं परिवार को दिया है। मधु ने अंग्रेजी विषय से परास्नातक की अपनी पढ़ाई दिबियापुर कस्बे में स्थित वीजीएम से की है। मधु मेडिकल कॉलेज औरैया में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ एमके मेघवानी की बहन है। उनकी इस उपलब्धि पर गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।

### बाइक फिसलने से मां की गोद से गिरी बच्ची की मौत

**औरैया।** ससुराल से बाइक से लौट रहे दंपति सड़क पर पड़ी गिट्टी में फिसलकर गिर गए। मां की गोद से डेढ़ माह की बच्ची छिटककर दूर गिरने से उसकी मौत हो गई। कानपुर देहात जनपद के रूरा कस्बा निवासी सुशील कुमार अपनी पत्नी कामिनी देवी व डेढ़ माह की बच्ची को लेकर देर रात आठ बजे ससुराल के लिए बाइक से निकल रहे थे। निचली गंग नहर की रोड दिबियापुर से कानपुर देहात की ओर जाते समय नंदपुर गांव समीप सड़क पर पड़ी गिट्टी में बाइक फिसल गई। कामिनी की गोद से बच्ची दूर सड़क पर जा गिरी। लोगों ने दंपति व बच्ची को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचवाया।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बरुआ गांव में खेत में पानी लगाते समय किसान करंट की चपेट में आ गया। गंभीर हालत में पड़ोसियों ने इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। बरुआ गांव निवासी विष्णु कुमार निषाद (54) के पास करीब 28 बीघा खेतिहर जमीन है। 12 बीघे खेत गांव से लगे हैं और उसके घर के पिछवाड़े है। इन्ही खेतों में वह रबी फसल की बुवाई के लिए मथुरा निषाद के नलकूप से पानी खरीद कर पलेवा कर रहा था। तभी सोमवार को तड़के करीब 4:30 बजे घरेलू कनेक्शन की केबिल टूट कर खेत में गिर गई और खेत के पानी में करंट दौड़ गया। जिससे वह करंट की चपेट में आकर वहीं गिरकर बेहोश हो गया और खेत से पानी ओवरफ्लो होकर रास्ते में भरने लगा। तभी पड़ोसी कल्लू, रामप्रकाश, रामकुमार, विनोद व दीपक ने देखा कि किसान बेहोश पड़ा है और घरेलू केबिल पड़ी हुई है। इस पर दीपक ने बांस से केबिल को हटाया और बेहोश पड़े किसान को आनन फानन में इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाएं। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक का बड़ा पुत्र सुधीर जालौन जनपद में मेहनत मजदूरी करता है। जबकि छोटा पुत्र कुलदीप मुंबई में काम करता है।

### दुराचार के दोषी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**चित्रकूट।** दुराचार के दोषी युवक को न्यायालय ने 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसपर 14 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि 30 अप्रैल 2018 को एक व्यक्ति ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी को गांव निवासी जगदीश अपने साथ ले गया और दुराचार किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सोमवार को विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध जगदीश को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 14,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

### दुष्कर्म के आरोपी का लिया गया डीएनए सैंपल

**कन्नौज।** युवती से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर युवक का डीएनए जांच कराने के लिये सैंपल लिया। युवती से दुष्कर्म के मामले में जेल में बंद आरोपी का डीएनए जांच कराने के आदेश न्यायालय ने दिया है। इस का पालन करते हुए गुरसहायगंज कोतवाली के विवेचक आशीष सिंह सोमवार को जिला जेल पहुंचे। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जिला अस्पताल लाये जहां सीएमओ के आदेश पर जिला अस्पताल के इमरजेंसी के डॉक्टर रवि शर्मा ने आरोपी का ब्लड संकलित कर डीएनए जांच कराने के लिये शील बंद कर पुलिस को सौपा।

### संदिग्ध अवस्था में युवक की मौत, खाईं में पड़ा मिला शव

**राजापुर/रामनगर (चित्रकूट)।** भदेहदू पुल के पास रविवार रात एक युवक की मौत हो गई। उसका शव और बाइक सड़क किनारे खाई में पड़ी मिली। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस वारदात की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। कौशांबी जिले के जाठी गांव निवासी राहुल मिश्रा (28) पुत्र सत्य प्रकाश मिश्रा रविवार को बाइक से भदेहदू निवासी दोस्त कुलदीप सिंह के यहां पार्टी में आया था। बताया जाता है कि कुलदीप के घर में कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वह रात को घर जा रहा था। सोमवार सुबह कनकोटा के पास वह बाइक सहित गहरी खाई में पड़ा मिला। सुबह गांव के लोगों ने देखा तो ग्राम प्रधान जगदीश शुक्ला को सूचना दी। प्रधान की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह, उप निरीक्षक कृष्ण देव मिश्रा, इमरान खान ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस राहुल के दोस्त कुलदीप से थाने में पूछताछ कर रही थी। घटना से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। उधर, प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि जांच की जा रही है। परिजनों का कहना है कि भाई रोहित के भोपाल से आने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाए। फिलहाल किसी ने तहरीर नहीं दी है।

### सदर कोतवाली में दबंग ने विपक्षी को जड़ा तमाचा

**कन्नौज।** किसी बात के चलते दो पक्ष सदर कोतवाली शिकायत लेकर पहुंच गये। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष से कोतवाली गेट से गालीगलौज की। इसके बाद अंदर पहुंच कर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे तमाचा भी जड़ दिया। कोतवाली परिसर में मारपीट होते देखकर वहां पर मौजूद लोगों व पुलिस कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। पुलिस कर्मी जबतक उसे पकड़ते तबतक आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। मारपीट करने व तमाचा मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। सदर कोतवाली में किसी मामले को लेकर दो पक्षों के लोग पहुंचे थे। इनमें कुछ महिलायें भी थी। कोतवाली सदर के गेट के बाहर खड़ा एक युवक दूसरे पक्ष के युवक को गालियां दे रहा था। जबकि दूसरे पक्ष का युवक कोतवाली परिसर के अंदर खड़ा था। गालीगलौज करते हुए युवक आवेश में आकर पुलिस से बेखौफ होकर कोतवाली के अंदर घुस गया और उसने पुलिस के सामने ही विपक्षी युवक पर हमला बोलते हुए मारपीट कर तमाचा जड़ दिया। शोरशराबा सुन कर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और मामले को जबतक समझती तब तक आरोपी युवक कोतवाली के गेट से बाहर निकल कर फरार हो गया। उसके परिवार की महिलाएं उसे मारने के लिये दौड़ी पर वह नहीं मिला। कोतवाली के अंदर तमाचा मारने व गाली गलौज करने का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसमें साफ दिख रहा है कि बेखौफ युवक किस तरह से सदर कोतवाली के अंदर जाकर दुस्साहस दिखा रहा है और जब तक कांस्टेबल आता है तब तक वह फरार हो गया। वहीं जिम्मेदारों ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

## करवा चौथ की रात नदी में कूद महिला ने दी जान

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- पति से किसी बात को लेकर विवाद के बाद उठाया कदम

**अमृत विचार।** तीर्थक्षेत्र के मप्र अंतर्गत इलाके में करवा चौथ की रात एक विवाहिता ने मंदाकिनी में कूदकर जान दे दी। बताया जाता है कि उसका किसी बात को लेकर पति से झगड़ा हुआ था और आवेश में आकर उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। पुलिस ने शव को नदी से निकलवा कर परिजनों को मामले की जानकारी दी।

सोमवार सुबह नयागांव (मप्र) पुलिस को सूचना मिली कि एक विवाहिता का शव मंदाकिनी में उतरा रहा है। थाना प्रभारी डीआर शर्मा मौके पर पहुंचे और शव को नदी से बाहर निकाला गया। विवाहिता की पहचान मालती आरख (25) पत्नी रोहित निवासी नयागांव वार्ड छह के रूप में हुई। नायब तहसीलदार हिमांशु शुक्ला और परिजनों की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए मझगवां भेजा गया है। बताया गया कि चित्रकूट (मप्र) में महिला चिकित्सक न होने की वजह से पोस्टमार्टम मझगवां में होगा।

कौशांबी जिले के महेवा निवासी मायकेवालों ने पति पर मारपीट करने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। मृतका के एक ढाई साल का बच्चा है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला ने पुल से कूदकर जान दी है। परिजनों की तहरीर के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## करवाचौथ का पूजन कर की आत्महत्या

**सरीला (हमीरपुर)।** जलालपुर गांव में 24 वर्षीय महिला ने करवा चौथ का पूजन करने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के पीछे पति के गुटखा खाने को लेकर विवाद बताया जा रहा है।

जलालपुर निवासी सुलभ नामदेव ने बताया कि 2021 में सगे मामा की बेटी सारिका (24) से लव मैरिज की थी। रविवार को करवा चौथ का व्रत रखा था। दोपहर में पत्नी ने पति को गुटखा खाने से मना किया तो दोनों में कहासुनी हो गई। रात में करवा चौथ का पूजन कर बिना खाना खाये कमरे में अलग लेट गई। सोमवार सुबह पति जागा तो वह पंखे से लटकी थी। घटना की खबर लगते ही भीड़ जमा हो गई। ससुर राजकुमार ने पुलिस को सूचना दी। सीओ घनश्याम सिंह, नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा ने परिजनों से जानकारी ली है।

## करवा चौथ पर मायके से नहीं आई पत्नी, पति ने खाया जहर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद


लोहिया अस्पताल में भर्ती युवक।

**अमृत विचार।** करवा चौथ पर पत्नी के घर वापस नहीं आने पर गुस्साए पति ने जहर खा लिया, जिससे युवक की हालत बिगड़ गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के ईएमटी ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

मैनपुरी निवासी विमलेश राजपूत परिवार के साथ मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के नगला खैरबंद में परिवार के साथ रहता है। दो साल पहले उसने शाहजहांपुर के अल्लाहगंज क्षेत्र के साहबगंज निवासी वंदना से प्रेम विवाह किया था। पिछले दो महीने से पत्नी वंदना तीन माह की बेटी के साथ अपने मायके में रह रही है। करवा चौथ पर पति विमलेश ने पत्नी वंदना को फोन कर घर आने के लिए कहा। इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद फोन पर कहासुनी हो गई। पत्नी वंदना की मां ने विमलेश के साथ गालीगलौज कर दी। इससे आहत होकर विमलेश ने घर में रखी चूहामार दवा खा ली। हालत गंभीर होने पर देर रात सूचना पर पहुंचे 108 एंबुलेंस के चालक ने विमलेश को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया है।

### पति साथ नहीं गया बाजार तो पत्नी ने लगाई फांसी

**कमालगंज (फर्रुखाबाद)।** रजीपुर निवासी संतोष की पत्नी ने अपने मायके उगारपुर गोंडा में रविवार रात्रि दुपट्टे से कड़े में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मुरारी लाल जाटव ने अपनी 25 वर्षीय पुत्री सीता का विवाह कमालगंज क्षेत्र के रजीपुर निवासी संतोष से तीन वर्ष पूर्व किया था। संतोष कोई भी काम नहीं करता था, जिसके कारण आए दिन झगड़ा होता था। डेढ़ माह से संतोष अपनी पत्नी सीता के साथ ससुराल में रह रहा था और साले देवानंद के साथ राजमिस्त्री का काम सीख रहा था। परिजनों ने बताया कि सीता अपने पति के साथ बाजार जाने को कह रही थी। किसी कारण पति बाजार नहीं जा सका। रात में पति-पत्नी खाना खाकर सो गए। रात्रि लगभग एक बजे पति की आंख खुली तो सीता दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटक रही थी। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले गए, जहां डॉक्टर सन्नी मिश्रा ने सीता को मृत घोषित कर दिया। मौके पर फॉरेंसिक टीम ने पहुंच कर जांच-पड़ताल की। मौके पर नायब तहसीलदार हर्षित सिंह भी पहुंचे और परिजनों बात की।

## अनियंत्रित होकर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली, 24 घायल

संवाददाता, उरई


दुर्घटनास्थल पर पलटा पड़ा ट्रैक्टर।


अस्पताल में भर्ती घायल। अमृत विचार

- ट्रॉली पर सवार होकर मूंगफली खोदने जा रहे थे मजदूर
- मेडिकल कॉलेज में एएसपी व सीओ ने का हाल जाना

**अमृत विचार।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधौली गांव के समीप दो दर्जन से अधिक मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। जिसमें महिलाओं समेत सभी मजदूर घायल हो गए।

डकोर कोतवाली क्षेत्र के बंधौली गांव निवासी मजदूर शिवकुमारी, मालिनी देवी, मुन्नी देवी, श्यामा पत्नी रामकुमार, पूजा, राम वाली, बंदी, अर्चना, जयकुमारी, रजनी, परवीन, बरिया, हरवी, फूलरानी, कृष्ण, शुगर सिंह, धनवती, गुलशन, कुसुम रानी, सरोज, देवी बाली, नर्सिंग, चंद्रशेखर, तेजराम, धर्मेंद्र सिंह सोमवार को ट्रेक्टर ट्राली पर सवार होकर गांव के ही एक किसान के खेत पर मूंगफली उखाड़ने के लिए जा रहे थे। बताया गया कि जैसे ही उनका ट्रैक्टर बंधौली गांव के आगे पहुंचा। तभी पीछे से आ रहे अल्टीनेटर लगे ट्रैक्टर ने मजदूरों से भरे ट्रैक्टर ट्राली को क्रॉस किया।

क्रास करते समय अचानक सड़क पर गए आ गई और गाय को बचाने के प्रयास में ट्रैक्टर ट्राली अल्टरनेटिव लगे ट्रैक्टर में भिड़ गई और अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिससे ट्राली पर सवार सभी मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और चीख पुकार सुनकर मच गई।

आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मौजूद ग्रामीणों ने आनन-फानन में सभी घायलों को एंबुलेंस व अपने-अपने साधन से तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। जानकारी मिलते ही एएसपी प्रदीप कुमार, सीओ उमेश कुमार पांडे मौके पर पहुंचे और घायलों की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने ग्राम मंडोरा के पास आगे चल रही बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक चालक की मौत हो गई। कैलिया क्षेत्र के ग्राम मनसुखपुर निवासी सुरेंद्र पाल (26) सोमवार को उरई स्थित सीएमओ कार्यालय से दिव्यांग प्रमाण पत्र लेकर घर वापस जा रहा था। जैसे ही वह मड़ोरा मंदिर के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक सहित सड़क पर दूर जा गिरा, और हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग निकला। घायल को सड़क पर पड़ा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने खबर पुलिस को दी और घायल को इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की गई जान

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर क्षेत्र में ममना-पुरैनी मार्ग पर करवा चौथ का सामान लेने जा रहे बाइक सवार युवकों को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया, जहां एक युवक की मौत हो गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया।

पुरैनी के धर्मदास प्रजापति ने बताया कि बड़ा पुत्र जगदीश (30) पत्नी सुखिया के लिए रविवार शाम सरीला बाजार से करवा चौथ का सामान लेने निकला था। उसके साथ गांव के श्रीचंद व बिवांर का नितीश भी थे। लौटे समय ममना-पुरैनी मार्ग पर सामने से ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। सीएचसी में जगदीश की मौत हो गई। श्रीचंद और नीतिश को उरई के राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया गया।

**क्रिकेट टूर्नामेंट** | स्व. जाहिर खान प्रीमियर लीग के दूसरे दिन हुए रोमांचक मुकाबले

## भदोही, खागा और जौनपुर टीमों ने जीते मैच

संवाददाता, खागा


कैनवास बाल क्रिकेट टूनामेंट में प्रदर्शन दिखाते खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के स्व. इस्लाम अहमद ग्राउंड में स्व. जाहिद खान प्रीमियर लीग रात्रिकालीन राज्य स्तरीय कैनवास बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन भदोही, खागा व जौनपुर की टीमों ने अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। संपन्न हुए मैचों में दर्शकों ने बेहद रोमांचक मुकाबलों का लुत्फ उठाया। टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजमोहन राय व डिप्टी आरएमओ ने किया था।

दूसरे दिन हुए मैचों में पहला मैच डीपी भदोही व न्यू इंडिया फतेहपुर की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें भदोही ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए। जवाब में फतेहपुर की टीम 31 रन बनाकर आउट हो गई। इस मैच को भदोही ने 34 रन से जीत लिया। मैच में भदोही के आसू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच सिमनानी खागा व साउथ अफ्रीका फतेहपुर के मध्य खेला गया। जिसमें फतेहपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 49 रन बनाए।

जवाब में सिमनानी खागा ने 50 रन के लक्ष्य को सिर्फ एक विकेट के नुकसान पर हासिल करते हुए 8 विकेट से आसान जीत दर्ज कर ली। हबीबुल्लाह इस मैच में मैन ऑफ द मैच घोषित हुए। तीसरा मैच यथार्थ जौनपुर और कानपुर के बीच खेला गया। टॉस जीत कर जौनपुर ने पहले गेंदाबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर की टीम 48 रन बनाकर अलाउट हो गई।

जौनपर ने इस मैच में 8 विकेट से बेहद आसान जीत दर्ज की। जौनपुर के कफील को इस मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। दर्शकों ने बेहद रोमांचक मुकाबालों का खूब आनंद लिया। अंपायरिंग का दायित्व संभाल रहे शकील अहमद एडवोकेट और मुदस्सर खान के निष्पक्ष निर्णयों को सभी टीमों और दर्शकों ने खूब सराहा। मोहम्मद अरमान की स्कोरिंग बेहतरीन रही। दुनिया को अलविदा कह चुके खागा के क्रिकेटरों को आयोजकों ने श्रद्धांजलि दी। मैच के दौरान जमील अहमद सिद्दीकी, कलीम उल्ला, रामचंद्र श्रीवास्तव एड, इंदल सिंह, परवेज आलम, सलीम अहमद, शिवचंद्र शुक्ला, अमित पांडेय, रितेश पांडेय, इसराइल फारुकी, राजू दुबे, अनूप, महबूब राकेश सिंह, साग़र सिंह, आदिल, हमीद, मून भी रहे। टूर्नामेंट आयोजक शिब्बू, टोनी, जोनी व नदीम सिद्दीकी ने कहा कि टूर्नामेंट में टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जा रहा है।

## महिला की मौत तीन घंटे हंगामा

**इटावा।** इकदिल की विकास कालोनी में 20 दिन से बीमार एक महिला की मौत गई। मायके वालों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। दोनों पक्षों में काफी देर तक नोक-झोंक होती रही। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

रविवार शाम विकास कॉलोनी के रहने वाले पंकज राठौर की 35 वर्षीया पत्नी मधु की बीमारी के चलते मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 10 बजे महिला के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा रहा था, तभी इकदिल थाना क्षेत्र के ही पिलखर गांव से मधु के मायके वाले और रिश्तेदार वहां पहुंच गए। मायके वालों ने शव का अंतिम संस्कार करने से रोक दिया। मायके वालों का आरोप था कि मधु के इलाज में लापरवाही बरती गई है।

## ठगी पीड़ितों का फूटा गुस्सा, जाम

संवाददाता, फतेहपुर


ठगी पीड़ितों ने पटेल नगर चौराहे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बड्स एक्ट 2019 लागू करने व निवेशकों का भुगतान कराने की मांग को लेकर 50 दिनों से धरना दे रहे ठगी पीड़ितों का सोमवार को धैर्य जवाब दे गया। जमाकर्ता परिवार के बैनर तले लोगों ने पटेल मगर चौराहा पहुंचकर जाम लगा दिया, जिससे सड़कों पर जाम के भीषण हालात पैदा हो गए। जाम खुलवाने के लिए पुलिस को खासी जद्दोजहद करनी पड़ी।

पटेल नगर चौराहे पर जाम लगाने से आईटीआई रोड, कचहरी रोड, पत्थरकटा चौराहा रोड, शादीपुर रेलवे स्टेशन रोड और सप्लाई ऑफिस वाली सड़क पर आने-जाने वाले वाहन जहां के तहां ठहर गये। जाम की सूचना पर कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय, कचेहरी चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह समेत भारी पुलिस बल व महिला थाना की फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने का प्रयास किया। लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस को बैकफुट पर आना पड़ा। सीओ सिटी सुशील कुमार दुबे के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। काफी देर तक नोकझोंक के बाद आखिरकार कोतवाल तारकेश्वर राय व जिला महासचिव सतीश कुमार के बीच वार्ता सफल हुई और आंदोलनकारियों को डीएम के माध्यम से शासन को ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट लाने को राजी किया गया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने चौराहे से जाम हटाया। चौराहे पर जाम लगाए जाने के दौरान एम्बुलेंस, स्कूली बस, सैकड़ों निजी चार पहिया वाहन, मोटर साइकिल समेत ई-रिक्शा जाम में आधे घण्टे से अधिक समय तक फंसे रहे। ठगी पीड़ितों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपकर समाधान कराए जाने की मांग की। इस मौके अवधेश कुमार विश्वकर्मा, राकेश कुमार साहू, संजय कुमार, चंद्रशेखर प्रजापति, रामशरन दास, मातादीन पाल, राम प्रकाश, विजय पाल, धर्मेंद्र सिंह आदि रहे।

# जन मुद्दों को लेकर कांग्रेस की रैली में दिखा आक्रोश

## कांग्रेसियों की पुलिस कर्मियों के साथ तीखी झड़प भी हुई, पुलिस ने बमुश्किल काबू पाया

- प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा व नेता प्रतिपक्ष यशपाल के नेतृत्व में गरजे कांग्रेसी
- नैनीताल,हल्द्वानी, बेतालघाट ऊधमसिंह नगर व कुमाऊं के कार्यकर्ता हुए शामिल

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल मालरोड पर बैरीकेड्स पर चढ़कर प्रदर्शन करते कांग्रेसी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा सरकार की नीतियों, महंगाई, महिलाओं के साथ हिंसा समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को कांग्रेस ने नैनीताल में जन आक्रोश रैली का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता पंत पार्क में एकत्रित हुए। जहां से मालरोड होते हुए फांसी गधेरा पहुंचे। इस दौरान पुलिस ने रैली को बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया। इससे कार्यकर्ता भड़क उठे। उनकी पुलिस कर्मियों के साथ तीखी झड़प भी हुई। इस बीच नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व विधायक संजीव आर्य, सचिन नेगी समेत कई कार्यकर्ता बैरिकेडिंग को पार कर कमिश्नरी जाने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस कर्मियों ने बमुश्किल काबू किया।

जन आक्रोश रैली में नैनीताल के अलावा हल्द्वानी, बेतालघाट, ऊधमसिंह नगर सहित कुमाऊं के सभी जिलों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इससे पूर्व पंत पार्क में हुई जनसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और पलायन तेजी से बढ़ रहा है। विकास की दौड़ में उत्तराखंड लगातार पीछे खिसक रहा है। भाजपा सरकार ने उत्तराखंड की प्राकृतिक सम्पदा नदियों और जंगलों को बाहरी राज्य के लोगों को बेचकर राज्य के लोगों के अधिकारों से खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। निकाय चुनाव कराने की सरकार की कोई मंशा नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों के घरों को तोड़ रही है। राज्य के विभिन्न विभागों में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, भू-माफियाओं की गिरफ्त से उत्तराखंड को मुक्त कराने, राज्य के निवासियों को जल, जंगल, जमीन पर हक दिलाने तथा सरकार की शह पर सरकारी जमीनों की बंदरबांट बंद करने, भाजपा शासन में महिला उत्पीड़न, बलात्कार की घटनाओं को रोकने, महिला उत्पीड़न में भाजपा नेताओं की संलिप्तता की जांच कर कार्रवाई करने, राज्य की नदियों को निजी हाथों में देने के निर्णय को वापस लेने के लिए कांग्रेस जन आक्रोश रैली निकाली रही है।

कांग्रेस के सह प्रभारी परगट सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के चलते जनता में आक्रोश है। कृषि सुधार और नए उद्योग परियोजनाओं की पहाड़ में स्थापना नहीं होने के कारण लोगों का शहरों की ओर पलायन जारी है। आपदा से प्रभावित मोटर मार्गों एवं सिंचाई नहरों का पुनर्निर्माण होना चाहिए। पूर्व विधायक संजीव आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार की वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुना करने की घोषणा कोरी साबित हुई है। आज किसान महंगे बीज, दवा, लागत के कारण खेती करना छोड़ रहे है। राज्य के किसानों को शीघ्र एमएसपी दी जाये। अंत में कांग्रेस नेताओं ने मांगों से संबंधित ज्ञापन मंडलायुक्त दीपक रावत को सौंपा।

### रैली में ये भी रहे शामिल

नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, हरियाणा के विधायक व उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी हरेंद्र सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, गोपाल बिष्ट, सतीश नैनवाल, मुकेश जोशी, खष्टी बिष्ट, हिमांशु पांडे, डॉ. महेंद्र पाल, डॉ. नैन सिंह पाल, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, जसपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक खटीमा गोपाल सिंह राणा, पूर्व विधायक रणजीत रावत, राजेंद्र सिंह कनवाल, डॉ. सुरेश डालाकोटी, हरेंद्र सिंह, हरीश शंकर कंसल, मनमोहन सिंह मनराल, पूर्व विधायक जीत राम, पूर्व काबीना मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल, हरीश पनेरू, डॉ. सरस्वती खेतवाल, जया कर्नाटक, उषा जोशी, मनोज तिवारी, त्रिभुवन फर्त्याल, किशन नेगी, डीएस मेहता, कमलेश, गणेश उपाध्याय, भावना बिष्ट, मुकेश जोशी, सैयद नईम, गोपाल बिष्ट, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, पीके शर्मा, कुंदन सिंह, गिरीश पपनै, अवतार सिंह, राजेंद्र व्यास, हेमंत बगड़वाल, मुन्नी तिवारी, सपना बिष्ट, रईस अहमद सिद्दीकी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बिना नक्शा पास कराए चल रहे उद्योगों पर होगी कार्रवाई

- यूपीसीडा के विकास कार्यों की हुई समीक्षा, लैंड बैंक बढ़ाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने सोमवार को पिकप भवन में उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। चेतावनी दी कि दिया कि बिना लीज डीड और नक्शा पास कराए चल रहे उद्योगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

नंदी ने बैठक में उद्योगों के लिए लैंड बैंक बढ़ाने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी वाला राज्य बनाने के लिए उद्योगों के विकास के लिए उद्यमियों को भूमि का आवंटन करें। कहा कि इस वर्ष 50 हजार एकड़ भूमि अधिग्रहित करने और 25 हजार एकड़ भूमि उद्योगों को स्थापित करने के लिए आवंटित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूरा करना सभी की जिम्मेदारी है। जिसके लिए अभी से लग जाएं। साथ ही पुरानी जमीन के अलाटमेंट का प्रयास करें।

मंत्री ने बैठक में आगरा, कानपुर, बरेली, लखनऊ, वाराणसी, झांसी के साथ ही सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बिना लीज डीड के और मानचित्र पास कराए बगैर संचालित उद्योगों के बारे में जब पूछा, तो कोई भी क्षेत्रीय प्रबंधक जवाब नहीं दे सका। जिस पर मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को निर्देश दिया कि इस तरह की लापरवाही कत्तई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सख्ती के साथ कार्य करें और मानचित्र पास कराए बगैर संचालित उद्योगों के खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को लम्बित जांचों को दो माह में पूरी करने के निर्देश दिए। कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। साथ ही इसकी मॉनिटरिंग भी की जाए। आईजीआरएस पर आ रही शिकायतों का भी त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मंत्री नंदी ने प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अभी भी बड़ी संख्या में फैक्ट्रियों के बंद होने और उनकी जमीनें खाली पड़े होने पर नाराजगी जताई। साथ ही क्षेत्रीय प्रबंधकों को चेतावनी दी कि इस कार्य में लापरवाही न करें।

# 2027 से पहले गठबंधन की राजनीति का बदलेगा स्वरूप

- उत्तर प्रदेश उप चुनाव में सत्तापक्ष और विपक्ष की होगी अग्निपरीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में होने जा रहे विधानसभा उपचुनाव को लेकर जिस तरह राजनीतिक दल कमर कस रहे हैं उससे तो यही लगता है कि मिशन 2027 (विधानसभा चुनाव) की तैयारी शुरु हो गई है। भारतीय जनता पार्टी हो या समाजवादी पार्टी दोनों के सहयोगी दल दबाव की राजनीति पर उतर आए हैं। खासकर उप्र. में भविष्य की राजनीति की दिशा भांपकर सत्तासीन दल भाजपा के सहयोगी दलों ने महत्व दिखाने को चालें तेज कर दीं हैं।

कुलमिलाकर ऐसा लगता है कि, विधानसभा चुनाव 2027 से पहले गठबंधन की राजनीति का स्वरूप कहीं बदल न जाए। दरअसल, लोकसभा चुनाव में भाजपा के मिशन 80 को जिस तरह विपक्ष ने झटका दिया उसपर सत्तारूढ दल के सहयोगी अपने भविष्य को लेकर मंथन में जुटे हैं। सच्चाई यह है कि सभी प्रमुख दल और इनके सहयोगी उपचुनाव को मिशन 27 का सेमी फाइनल समझकर दांव अजमा रहे हैं। ऐसे में इस उप चुनाव में जीत-हार के अलावा सत्तापक्ष और विपक्ष के साथ कौन होगा और नहीं, इसकी भी अग्निपरीक्षा होनी है। यहां तक कि भाजपा, सपा और कांग्रेस की नजरें बसपा प्रमुख मायावती की भी अगली राजनीतिक चाल पर है।

2027 के विधानसभा चुनाव में भले ही दो साल से ज्यादा का समय बाकी है, लेकिन राजनीतिक चालें चली जाने लगीं हैं। भाजपा अपने खिसके जनाधार को दोबारा से हासिल करने के लिए ओबीसी और दलित समुदाय पर जोर दे रही है। वहीं, सपा ने पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) को साधकर अपना आधार मजबूत रखने की रणनीति बनायी है। साथ ही इसको विस्तार देते हुए ब्राह्मणों को भी साधने की कोशिशें हो रहीं हैं।

# हिंसा मामले में दर्ज हुआ एक और केस संख्या पहुंची 14

**बहराइच।** जिले के महराजगंज बाजार में बीते रविवार को हुए हिंसा में जनसेवा केंद्र संचालक ने भी केस दर्ज कराया है। जिस पर हिंसा में कुल केस की संख्या 14 पहुंच गई है। हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज जोतचांदपारा निवासी सूरज कुमार त्रिपाठी का आरोप है कि 13 अक्तूबर की शाम हिंसा के दौरान 15 अज्ञात लोगों ने उनकी दुकान त्रिपाठी जनसेवा केंद्र में आकर तोडफ़ोड़ की। गल्ले में रखे 90 हजार लूट लिए, बाइक छीनने लगे, विरोध जताने पर मारपीट कर बाइक में आग लगा दी। अस्पातल से इलाज के बाद सोमवार को तहरीर दी। हरदी पुलिस ने अज्ञात लोगों पर संबंधित धारा में केस दर्ज किया। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि जनसेवा केंद्र संचालक की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मालूम हो कि 14 केस में एक केस कोतवाली नानपारा में पुलिस ने मुख्य अभियुक्तों पर फायरिंग का केस भी जुड़ा है।

# बहराइच: 9 दिन बाद भी पटरी पर नहीं लौटा जनजीवन

संवाददाता, भगवानपुर, बहराइच



महराजगंज में तैनात पुलिस के जवान। अमृत विचार



बहराइच में सोमवार को प्रदर्शन करते उलमा काउंसिल के सदस्य।

**अमृत विचार।** हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान हिंसा व आगजनी के नौ दिन बीतने के बाद भी जनजीवन पटरी पर नहीं लौट सका है। जगह-जगह पुलिस व पीएसी के जवान तैनात हैं। लोगों के दिलो दिमाग में दहशत घर कर गई है।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में नौ दिन पूर्व बीते रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान पथराव और फायरिंग हो गई थी। इसमें एक युवक की मौत के बाद जमकर हिंसा हुई थी। हालात बेकाबू देख लखनऊ से एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश हेलीकॉप्टर से जिले में आए थे। इसके बाद हालात पर काबू पाया जा सका था। घटना को नौ दिन बीत गए हैं, लेकिन अभी पहले जैसी चहल पहल सड़क पर नहीं दिख रही है।

इक्का दुक्का लोग ही सड़क पर दिख रहे हैं। इलाके में तनाव को देखते हुए महराजगंज व आसपास के गांवों में पुलिस और पीएससी के साथ लखनऊ एसटीएफ के जवान भी तैनात हैं। इसके बाद भी लोगों में दहशत का माहौल है। प्रशासन की बार-बार अपील के बावजूद लोगों में सुरक्षा के प्रति भरोसा नहीं हो पा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। पूरी तरह से स्थिति सामान्य होने में एक दो दिन लग सकते हैं। उन्होंने कहा कि लोग बिना भय के घरों से निकलें और काम करें।

### राम गोपाल के आश्रितों को मिले 1 करोड़ मुआवजा

बहराइच। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ने सोमवार को मुख्यमंत्री को संबोधित सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित दीपक त्रिवेदी ने बताया कि 8 सूत्रीय ज्ञापन में हिंसा में मृतक राम गोपाल मिश्रा के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि देने और पीड़ित ब्राह्मण परिवार को उचित सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई है। साथ ही सरकार से पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व मामले में हिंदू समाज के किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी बिना किसी तथ्य और प्रमाण के न किए जाने की मांग भी उठाई गई है। कहा कि महाराजगंज में हुई हिंसा में प्रशासन का रवैया ठीक नहीं रहा। प्रशासन ने अब समाज के लोगों को भी रात्रि में दबिश देकर परेशान करना शुरू कर दिया है। यह उचित नहीं है। इस दौरान दिलीप त्रिपाठी, किशन मिश्र, संदीप अवस्थी, छोटू त्रिवेदी, सूरज त्रिपाठी, अम्बरीष तिवारी, जनप्रिय सूरज त्रिवेदी, दिलीप त्रिपाठी, गोपी पंडित, नितिन मिश्र, राहुल अवस्थी, शिव कुमार मिश्र, नीरज मिश्र आदि मौजूद रहे।

## दुर्गा प्रसाद बनाए गए एएसपी ग्रामीण बहराइच

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** बहराइच के महसी तहसील स्थित महाराजगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई का दौर जारी है। कुछ दिन पहले डिप्टी एसपी को निलंबित गया था। सोमवार को डीजीपी मुख्यालय से जारी आदेश में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (एएसपी) पवित्र मोहन त्रिपाठी को हटा दिया गया। उनको डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं, डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध दुर्गा प्रसाद तिवारी को बहराइच का एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। उनको बलिया वसूली कांड में हटाया गया था। बहराइच में 13 अक्तूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई हिंसा में एक युवक की मौत हो गई थी, जिसके बाद जिले के कई इलाकों में जमकर हिंसा हुई थी।

## वाराणसी में स्टेडियम से बाबू सम्पूर्णानंद का नाम हटाना आपत्तिजनक

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि वाराणसी में पुराने प्रतिष्ठित स्टेडियम के आधुनिक निर्माण के उद्घाटन के साथ स्टेडियम से जुड़ा बाबू सम्पूर्णानंद का नाम हटा देना आपत्तिजनक व शर्मनाक है।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्णानंद जैसे लोकप्रिय राजनेता का नाम किसी प्रतिष्ठान से हटा दिया जाना महज उनका व काशीवासियों की भावनाओं का ही नहीं बल्कि प्रदेशवासियों की भावनाओं का अपमान है।

# धामी ने लालकुआं-बांद्रा ट्रेन को दिखाई झंडी

- जल्द ही राज्य से वंदे भारत जैसी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी संचालन किया जाना है

संवाददाता, लालकुआं




लालकुआं रेलवे स्टेशन पर लालकुआं-बांद्रा सुपरफास्ट रेलगाड़ी का वर्चुअल उद्घाटन करते सीएम धामी अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लालकुआं-बांद्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस रेलगाड़ी का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए लालकुआं रेलवे स्टेशन को गेटवे ऑफ कुमाऊं का नाम दिया। इस अवसर पर लालकुआं रेलवे स्टेशन पर क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट और विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने भी हरी झंडी दिखाकर रेलगाड़ी को मुंबई के लिए रवाना किया।

अपने वर्चुअल संबोधन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नेतृत्व में उत्तराखंड में रेल कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिला है। इसी के तहत राज्य से वंदे भारत जैसी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी संचालन किया जाना है। उन्होंने कहा कि गेटवे ऑफ कुमाऊं के नाम से विख्यात लालकुआं स्टेशन से मुंबई वालों को बड़ा फायदा होगा, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे पहले लालकुआं सीधी ट्रेन सेवा से बरेली, लखनऊ, कानपुर, मुरादाबाद, आगरा, हरिद्वार, देहरादून, जम्मू, अमृतसर, दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता आदि नगरों से जुड़ा है। धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 5.131 करोड़ का रिकार्ड आवंटन हुआ है। इससे पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि उत्तराखण्ड में लालकुआं, काठगोदाम से कोटद्वार सहित 11 रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है और अकेले लालकुआं जंक्शन को 30 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। कहा कि स्टेशन पोर्टिको व सड़क के बीच प्रवेश एवं निकास द्वार बनाए जाएंगे। यात्रियों की सुविधा हेतु 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज बनाया जायेगा। यहां पर 3 लिफ्ट और 5 एस्केलेटर सहित अन्य विकास कार्य किये जाने हैं।

इस दौरान पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री तथा उधमसिंह नगर नैनीताल लोकसभा के सांसद अजय भट्ट, क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट ने लालकुआं में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर इस रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव आदि रहीं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व

डब्ल्यू डब्ल्यू एफ के सहयोग से कराई जाएगी बाघों की गिनती, गणना कर्मियों का प्रशिक्षण हुआ पूरा

# 25 से होगी बाघों की गिनती, लगाये जाएंगे 402 कैमरे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में घूमते बाघ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में फेज-4 की बाघ गणना 25 अक्टूबर से होगी। इसको लेकर पीटीआर प्रशासन तेजी से तैयारियों में जुटा है। बाघ गणना को लेकर वनकर्मियों को भी प्रशिक्षित किया जा चुका है। सभी पांच रेंजों में बाघ गणना का कार्य दो चरणों में विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) के सहयोग से किया जाएगा।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वर्तमान में 71 से अधिक बाघ है। एनटीसीए (नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी) के निर्देश पर देश के सभी टाइगर रिजर्वों में हर चार साल बाद बाघ गणना कराई जाती है। वहीं स्थानीय स्तर पर टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा हर साल फेज-4 के तहत बाघ गणना का प्रावधान है, मगर संसाधनों की कमी के चलते यह बाघ गणना प्रतिवर्ष न होकर अमूमन दो साल में कराई जा रही है। टाइगर रिजर्व प्रशासन प्रतिवर्ष बाघों की गणना कर आंकड़े एनटीसीए को भेजता है। इधर अब पीटीआर प्रशासन द्वारा फेज-4 की बाघ गणना को लेकर तेजी से तैयारियां में जुटा है। पीटीआर में बाघ गणना 25 अक्टूबर से शुरू होने जा रही रही है। बाघ गणना के दौरान लगाए जाने वाले कैमरे, टॉर्च, ताला, बैटरी, एसडी कार्ड समेत अन्य संसाधनों का परीक्षण किया जा रहा है। पीटीआर प्रशासन यह बाघ गणना सभी पांच रेंज महोफ, माला, बराही, हरीपुर और दियोरिया रेंज में विश्व प्रकृति निधि के सहयोग से करेगा। बाघ गणना को लेकर बीते 16 अक्टूबर को रेंज कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है।

### पांच रेंजों में दो चरणों में होगी बाघ गणना

पीटीआर प्रशासन के मुताबिक बाघ गणना का कार्य सभी पांच रेंजों में दो चरणों में किया गया है। पहले चरण में दियोरिया, माला एवं आधी महोफ रेंज में किया जाएगा। प्रथम चरण की गणना को लेकर 201 प्वांइटों पर 402 कैमरे लगाए जाएंगें। प्रथम चरण की बाघ गणना 30 दिन के भीतर पूरी की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण में हरीपुर, बराही और शेष बची महोफ रेंज में बाघ गणना का कार्य होगा।

### तृणभोजी वन्यजीवों की भी होगी गणना

पीटीआर में फेज-4 की बाघ गणना के साथ तृणभोजी वन्यजीवों की गणना कराई जाएगी। पीटीआर प्रशासन के मुताबिक तृणभोजी वन्यजीवों की गणना का कार्य 15 नवंबर के बाद शुरू कराया जाएगा। वन अफसरों की मानें तो इस समय जंगल क्षेत्र में बड़ी-बड़ी घास खड़ी हुई है। ऐसे में तृणभोजी वन्यजीवों की गणना प्रभावित हो सकती है। इसी वजह से इसे देरी से शुरू किया जाएगा।

### भीषण गर्मी के चलते पूर्व में नहीं हो सकी थी बाघ गणना

पीटीआर प्रशासन ने मानसून सत्र शुरू होने से पूर्व बाघ गणना की तैयारी की थी। इसको लेकर एक माह पूर्व तैयारियां शुरू करा दी गई थीं। मगर, भीषण गर्मी को देखते हुए बाघ गणना का कार्य टाल दिया गया। उस दौरान वन अफसरों का कहना था कि भीषण गर्मी में अधिकांश बाघ अपने प्राकृतिक वासस्थलों के आसपास नदी-नालों के किनारे ही पड़ाव डाले रहते हैं।

> पीटीआर में 25 अक्टूबर से शुरू होने वाली फेज-4 की बाघ गणना को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही है। गणना करने वाले वनकर्मियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। तृणभोजी वन्यजीवों के गणना 15 नवंबर के बाद शुरू कराई जाएगी। संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया जा चुका है। – **मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व**

# राजा हर्षवर्धन की प्रतिमा को मूल संगम क्षेत्र कराएंगे पुनर्स्थापित

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रयागराज में महाकुंभ क्षेत्र के चौड़ीकरण कार्य के तहत राजा हर्षवर्धन की प्रतिमा को तिकोनिया चौराहे से सीएमपी कॉलेज के पास स्थानांतरित करने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि हम भविष्य में उनकी प्रतिमा को 'मूल संगम क्षेत्र' में पुनर्स्थापित कर उनके मान-सम्मान की पुनर्स्थापना करेंगे।

सपा प्रमुख ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि 'महादानी राजा हर्षवर्धन' की प्रतिमा का विस्थापन सांस्कृतिक परंपरा का अपमान है। 'महा' पैसा बटोरने वाले भाजपाई 'महादानी' का सम्मान कभी नहीं कर सकते हैं।

### भाजपा सरकार ने सांस लेना किया दूभर



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एनसीआर( नेशनल कैपिटल रीजन) में प्रदूषण की सत्ता चलने की बात कही, उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सांस लेना दूभर कर दिया है। देश की राजधानी और आसपाल पराली जलाने से हर तरफ वायु प्रदूषण का प्रकोप है। बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग इसके सबसे बड़े शिकार हैं। यमुना नदी में भाजपा शासित उप्र. की तरफ से गंदा पानी आने से रोका नहीं जा रहा है, जहरीले झाग की समस्या पैदा हो गयी है। जल प्रदूषण की दोषी केन्द्र सरकार है। केंद्र सरकार के अवांछित हस्तक्षेप के कारण ट्रैफिक की समस्या का भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे वायु और ध्वनि प्रदूषण हो रहा है।

## एक नजर

### पूर्व मंत्री के निधन पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री किरणपाल सिंह का सोमवार को निधन हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। किरणपाल सिंह बेसिक शिक्षा मंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान में वे रालोद से जुड़े थे। उन पर राष्ट्रीय सचिव का दायित्व था। बुलंदशहर के धमेड़ा कीरत गांव के मूल निवासी किरणपाल सिंह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। सोमवार को मेरठ के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। किरणपाल सिंह बुलंदशहर की अगौता सीट से पांच बार विधायक रहे।

### आप का सदस्यता अभियान 4 नवम्बर से

**अमृत विचार, लखनऊ:** आम आदमी पार्टी (आप) का राज्य के सभी 403 विधानसभाओं में सदस्यता अभियान शुरू करेगी। सदस्यता अभियान की शुरूआत राजधानी में 4 नवंबर को सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह द्वारा किया जाएगा। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने सोमवार को बताया कि सदस्यता अभियान में 50 लाख नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान की साप्ताहिक समीक्षा प्रदेश प्रभारी द्वारा की जाएगी।

# 115 शहीदों के आश्रितों को दी 36.20 करोड़ की सहायता

## सेवानिवृत पुलिसकर्मी एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 266 दावों के निस्तारण करते हुए 30.56 लाख दिए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्मृति दिवस कार्यक्रम में बताया गया कि पुलिसकर्मियों, केंद्रीय अर्ध सैनिक बल और भारतीय सेवा में कार्यरत उत्तर प्रदेश के 115 शहीदों के आश्रितों को 36.20 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

सेवानिवृत पुलिसकर्मी एवं उनके आश्रितों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 266 दावों के निस्तारण करते हुए 30.56 लाख रुपए दिए गए। पांच लाख से अधिक चिकित्सा प्रतिपूर्ति संबंधी 3,12 प्रकरण के लिए 12.60 करोड़, 135 पुलिस कर्मियों और उनके आश्रितों की गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अग्रिम ऋण 5.05 करोड़, जीवन बीमा योजना के तहत 3,06 मृतक पुलिस कार्मिकों के आश्रितों को 9.08 करोड़ रुपए, कैशलेस उपचार के तहत 31.16 लाख रुपये, पुलिस कार्मिकों के 205 मेधावी छात्रों को शिक्षा निधि से 53.30 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी गई।



लखनऊ पुलिस लाइन्स में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों से मिलते मुख्यमंत्री।



शहीद के परिजन को सहायता राशि देते मुख्यमंत्री, साथ में डीजीपी प्रशांत कुमार।



परेड के दौरान महिला पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### छोटे पुत्र को भी बनाऊंगा सिपाही

अमृत विचार, लखनऊ: कन्नौज के छिबरामऊ थाने में तैनात सिपाही सचिन राठी 25 दिसंबर 2023 को पुलिस टीम में तस्कर अशोक कुमार उर्फ मुनुआ के घर दबिश देने गई टीम पर फायरिंग हो गई। इसमें सचिन शहीद हो गया। सचिन मूलत: मुजफ्फरनगर के शाहडब्बर गांव का रहने वाला था। उसके पिता वेदपाल राठी ने कहा कि पुत्र की शहादत पर मुझे गर्व है। वेदपाल ने कहा कि सचिन को उत्तर प्रदेश पुलिस में इसलिए भर्ती कराया था कि लोगों को न्याय दिलाने में मदद करें। उसने एक हिस्ट्रीशीटर को पकड़ते हुए अपनी जान की भी परवाह नहीं की। ऐसे बेटे पर पूरे परिवार को गर्व है। उन्होंने कहा कि अपने छोटे पुत्र जतिन को पुलिस में उसकी जगह भर्ती करा रहे हैं। ताकि वह लोगों की सेवा और न्याय दिला सके।

### स्मृति दिवस परेड में शामिल हुईं 12 टुकड़ियां

**अमृत विचार, लखनऊ:** पुलिस स्मृति दिवस परेड की कमांड सोमवार को आईपीएस पीएसी द्वितीय वाहिनी के सेनानायक संतोष कुमार मीणा ने की। द्वितीय कमांड एडीसीपी अपराध कमिश्नरेट लखनऊ आईपीएस अमित कुमावत ने किया। परेड में कुल 12 टुकड़ियां शामिल थीं। वहीं, शोक पुस्तिका मुख्यमंत्री को सुपुर्द करने की जिम्मेदारी डिप्टी एसपी आभा पांडेय को सौंपी गई थी। स्मृति दिवस परेड की कमांड पीएसी द्वितीय वाहिनी के सेनानायक संतोष कुमार मीणा और द्वितीय कमांड एडीसीपी अपराध कमिश्नरेट लखनऊ अमित कुमावत ने की। परेड में नागरिक पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस, जीआरपी, अग्निशमन सेवा, यातायात, एटीएस, आरआरएफ, एसडीआरएफ और यूपीएसएसएफ की कुल 12 टुकड़ियां शामिल थी। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री और पूर्व आईपीएस असीम अरुण, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, डीजीपी प्रशांत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्थानान्तरण के लिए संविदा कर्मियों को पोर्टल पर करना होगा आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत सेवारत संविदा कर्मियों को अगर आपसी स्थानान्तरण (पारस्परिक पुनर्नियुक्ति) लेना है तो उन्हें ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह आवेदन प्रक्रिया मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से 5 नवंबर तक की जा सकेगी।

यह जानकारी देते हुए सोमवार को मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए पारस्परिक पुनर्नियुक्ति नीति वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु लागू की गयी है। मानव संपदा पोर्टल पर आवेदन मांगे गए हैं, केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किये जाएंगे। मालूम हो कि अपने गृह जनपदों से दूर दराज कार्यरत संविदा कर्मी आपसी अदला-बदली के तहत म्यूचुअल ट्रांसफर की मांग कर रहे थे, जिस पर गत 15 अक्टूबर को मिशन निदेशक ने म्यूचुअल ट्रांसफर की सहमति प्रदान की थी।

# फॉरेंसिक वैन खरीदने को दिए 18.75 करोड़

**75** वैन खरीदी जाएंगी, प्रत्येक पर खर्च होंगे 25 लाख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने आपराधिक मामलों की मौके पर त्वरित तत्थात्मक जांच के लिए अत्याधुनिक फॉरेंसिक वैन खरीदने के लिए 18.75 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इस रकम से 75 जिलों में एक-एक वैन पुलिस विभाग के अधीन रहेगी। प्रत्येक वैन की लागत 25 लाख होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब को अत्याधुनिक स्वरूप देने में जुटी है।

संसद ने देशभर में 1 जुलाई से इंडियन पीनल कोड, 1860 की जगह भारतीय न्याय संहिता-2023 लागू किया। जबकि क्रिमिनल प्रोसीजर कोड-1898 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता- 2023 और इंडियन एवीडेंस एक्ट-1872 की जगह भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 स्थापित किया है। तीनों नए कानून के लागू होने से पहले से इनसे संबंधित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली और शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी की गई। इसी के साथ सरकार ने फैसला लिया था कि नए कानून में डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फॉरेंसिक इंस्टिट्यूट, लखनऊ के सहयोग से रेंज स्तर पर स्थापित सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता के साथ ही सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराने के निर्देश दिए थे। गृह विभाग की ओर से जारी शासनादेश में अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) को हर जिले में फॉरेंसिक लैब की राज्यपाल की ओर से स्वीकृति की जानकारी देते हुए निर्देश दिया गया है कि 75 मोबाइल फॉरेंसिक वैन के लिए 18 करोड़ 75 लाख रुपये की धनराशि पुलिस मुख्यालय को दी जा रही है। इससे 31 मार्च 2025 तक हर जिले में 25 लाख खर्च करके फॉरेंसिक वैन की खरीद हर हाल में पूरी करनी होगी।

### 15.75 करोड़ रुपये से खरीदे जाएंगे नए अस्त्र-शस्त्र

अमृत विचार। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के आवासीय स्थलों समेत कार्यालयों की सुरक्षा और पुख्ता करने की तैयारी है। सरकार ने इसके लिए 15.75 करोड़ रुपये से नए अस्त्र-शस्त्र खरीदने की स्वीकृति दी है। गृह विभाग की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार राज्यपाल और मुख्यमंत्री के आवास व कार्यालय समेत अन्य महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा और मजबूत होगा। धनराशि की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति राज्यपाल की ओर से दे दी गई है।

## दो औद्योगिक इकाइयों को मिले 91.56 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्य सरकार ने उप्र औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत बदायूं और कानपुर की दो औद्योगिक इकाइयों को 91.56 लाख रुपये प्रोत्साहन राशि दी है।

औद्योगिक विभाग के विशेष सचिव पीयूष वर्मा ने बरेली और कानपुर मंडल के संयुक्त विकास आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि उप्र औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2017 के तहत मध्यम श्रेणी की इकाई मे. रेडीयल नेचुरल एरौमैटिक्स प्रालि. ग्राम बुटला खंजना उझानी बदायूं को 91 लाख 16 हजार 519 रुपये और मे. राधे नमकीन प्रालि. कानपुर नगर को 39 हजार 505 रुपये स्वीकृति किए गए हैं।

# जल्द शुरू होगा किसान रजिस्ट्री अभियान : रामनाथ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न, कृषि के विकास पर दिया जोर

**अमृत विचार:** केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में किसान रजिस्ट्री अभियान एक सप्ताह में शुरू किया जाएगा, ताकि किसानों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

केन्द्रीय मंत्री ने यह बात सोमवार को, प्रदेश कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और अधिकारियों के साथ केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में कही। बैठक में उन्होंने मिट्टी की जांच और मृदा स्वास्थ्य के सुधार की दिशा में कार्यों की भी समीक्षा की। राज्य में बीज एवं खाद वितरण के संबन्ध में रामनाथ ठाकुर ने कहा कि यदि कहीं भी खाद और बीज की उपलब्धता में समस्या है, तो प्रभावी पर्यवेक्षण की आवश्यकता है। राज्य सरकार में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने राज्य में चल रही कृषि योजनाओं का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत किया और किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासों पर जोर दिया। प्रमुख सचिव (कृषि) ने बताया कि उत्पादकता में वृद्धि के लिए कृषि में निवेश की आवश्यकता है।

## तपोभूमि गोरखगिरि पर्वत का होगा विकास : जयवीर

**अमृत विचार, लखनऊ:** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत महोबा में गुरु गोरखनाथ की तपोभूमि गोरखगिरि पर्वत विकसित किया जाएगा। साथ ही रहिलिया सूर्य मंदिर और कीरत सागर झील के आसपास पर्यटन सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

पर्यटन मंत्री ने सोमवार ने जानकारी देते हुए बताया कि विशिष्ट ग्रेनाइट चट्टानों के लिए प्रसिद्ध गोरखगिरि पहाड़ी पर गुफाएं और झरने हैं। यहां पर्यटक रॉक क्लाइम्बिंग व प्राकृतिक परिवेश में पिकनिक का लुफ्त उठा सकते हैं।

## धर्म दर्शन

### वरुण एक नियामक देवता

वरुण एक नियामक देवता हैं, जो पाप कर्मियों को अपने पाश मे बांधते हैं। उन्हीं का आवाहन करते हुए ऋषि कहते हैं, देवताओं में बली राजा वरुण देव प्रकाशित हैं। उनकी इच्छा ही सत्य है, तथापि हम दैवी ज्ञान के बल पर पीड़ित व्यक्तियों को उनके प्रकोप से स्तुतियों द्वारा बचाते हैं। हे सर्वज्ञ वरुण देव! आप हमारे सभी दोषों को भली-भांति जानते हैं। जनमानस को बोध हो रहा है कि देवत्व की शरण में पहुंचकर, सद्गुणों को अपनाकर ही सुखी और दीर्घ जीवन प्राप्त हो सकता है। हे पीड़ित मानव! तुमने अपनी वाणी का दुरुपयोग करते हुए असत्य और पाप वचन बोलकर अपनी गरिमा का हनन किया है। सर्वसमर्थ वरुण देव के अनुग्रह से इस दुखद स्थिति से मैं तुम्हें मुक्त करता हूं।

सुगम प्रसव हेतु पूषा देवता का आवाहन करते हुए ऋषि कहते हैं, हे अखिल विश्व के पोषक पूषा देवता! हम अपनी हवि आपको समर्पित करते हैं। आप इस प्रसूता की सहायता करें। द्युलोक एवं भूमि को चारों दिशाएं घेरे हैं। दिव्य पंचभूतों ने इस गर्भ को धारण किया हुआ है। वे ही इसे आवरण से मुक्त करें। हे प्रसूता! निर्विघ्न प्रसव के लिए गर्भ मार्ग, योनि एवं नाड़ियों को विशेष प्रकार से खोलता हूं। मां व बालक को नाल से अलग करता हूं। 'जेरी' (जल मे स्थित सेवार घास जैसे जाल) से शिशु को अलग करता हूं। जेरी पूर्णरूपेण पृथ्वी पर गिर जाए। जिस प्रकार वायु वेग पूर्वक प्रवाहित होती है, पक्षी जिस वेग से आकाश में उड़ते हैं एवं मन जिस तीव्र गति से विषयों में लिप्त होता है, उसी प्रकार दसवें माह गर्भस्थ शिशु जेरी के साथ गर्भ से मुक्त होकर बाहर आए। संधि रोग नाशक सूर्यदेव की प्रार्थना करते हुए ऋषि कहते हैं, जरायु से उत्पन्न शिशु की भांति बलशाली सूर्यदेव वायु के प्रभाव से मेघों के बीच से प्रकट होकर हमारे शरीरों को हर्षित करते हैं। वे सीधे मार्ग से बढ़ते हुए अपने एक ही ओज को तीन प्रकार से प्रसारित करते हैं। (सूर्य का ओज- प्रकाश, ताप तथा चेष्टा के रूप में अथवा शरीर में त्रिधातुओं को पुष्ट करने वाले के रूप में सक्रिय होता है)।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

अपनी ऊर्जा से अंग-प्रत्यंग में व्याप्त हे सूर्यदेव! स्तुतियों एवं हवि द्वारा हम आपका और आपके समीपवर्ती देवों का अर्चन करते हैं, जिसके शरीरस्थ जोड़ों को रोगों ने ग्रसित कर रखा है, उसके निमित्त भी हम आपको पूजते हैं। हे आरोग्यदाता सूर्य देव! आप हमें सिर दर्द एवं खांसी की पीड़ा से मुक्त करें। संधियों में घुसे हुए रोगाणुओं को नष्ट करें। वर्षा, शीत एवं ग्रीष्म ऋतुओं के प्रभाव से उत्पन्न होने वाले वात, पित्त कफ जनित रोगों को दूर करें। इसके लिए हम अनुकूल वातावरण के रूप में पर्वतों एवं वनौषधियों का सहारा लेते हैं। हमारे समस्त शरीर को आरोग्य लाभ प्राप्त हो।

### ओंकार का महत्व

यजुर्वेद के मंत्र "ओम खं ब्रह्म" (सबका रक्षक ब्रह्म परमेश्वर है, जो आकाश के समान सर्वत्र व्यापक है)। में यदि 'ॐ' (ओम) को सर्वव्यापी कहा गया है तो अथर्ववेद का कथन है कि:- "प्राणाय नमो यस्य सर्वमिदं वशे ।/यो भूतःसर्वस्य ईश्वरो यस्मिन् सर्व प्रतिष्ठितम्।।"

अथर्ववेद के इस मंत्र में संसार के समस्त जीव जगत एवं पदार्थों के स्वामी के रूप में ईश्वर को नमन का उल्लेख है। मनुस्मृति में इसका समर्थन है। मांडूक्य उपनिषद् में इसकी विस्तृत व्याख्या है, जिसमें कहा गया है कि इस संसार में भूत, भविष्य और वर्तमान काल और इनसे से भी परे हर समय हर स्थान पर विद्यमान रहने वाला 'ॐ' है अर्थात यह ब्रह्मांड में सदा से रहा और भविष्य में भी आवश्य ही रहेगा। छान्दोग्य उपनिषद में यह शब्द परब्रह्म का प्रतीक है। याज्ञवल्क्य स्मृति में कहा गया है:-"यथा पर्ण पलाशस्य शंकुनैकेन धार्य्यते। तया जगदिदं सर्वमोकारेणैव धार्य्यते ।।" अर्थात जैसे पलाश का पत्ता एक तिनके से उठाया जा सकता है, उसी प्रकार यह संपूर्ण विश्व ओंकार से धारण किया जाता है।

श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 17 वें अध्याय में वर्णित है कि-"ओंकाराश्चायश्ब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा।/कण्ठं भित्वाविनिर्गातो तस्द मांगलिकावुभौ।। तस्मादोमित्युदाहृत्य यग्यदानतपः क्रियाः।/प्रवर्तन्ते विधामोक्ताः सत्यं ब्रह्मवादिनाम्।।" अर्थात ओंकार और अथ दोनों शब्द ब्रह्मा के कंठ का भेदन करके निकले, इसलिए दोनों ही मांगलिक हैं। इसलिए ओम का उच्चारण कर ब्रह्मवादी लोग विधिपूर्वक निरंतर योग्य, दान और तप करके क्रिया आरंभ करते है। गीता में अंयत्र यह भी कहा गया है कि जो व्यक्ति 'ॐ' का उच्चारण करते हुए प्राण त्याग करता है, उसको परमगति मिलती है। योगी जन ओंकार का उच्चारण बहुत देर तक घंटा ध्वनि के बीच प्रात् स्वर में देर तक ओम की ध्वनि के साथ करते हैं, इसी को "उद्गीथ" कहा जाता है। इस स्वयं उत्पन्न ओम की ध्वनि को 'अनहद नाद' अथवा ईश्वर का नाद (ध्वनि) भी कहते हैं।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

महादेवी पार्वती और भगवान शिव के प्रश्न और उत्तर के रूप में बहुत कम उपलब्ध मंत्र-संग्रह ग्रंथ "कामधेनु तंत्र" तथा 'तंत्र शास्त्र' से सुप्रसिद्ध इतिहास कार डॉ राज बली पांडेय ने 'ॐ' के धार्मिक माहात्म्य उल्लेख किया है- "ओंकार चञ्चलापाङ्गि पंचदेवमयं सदा। रक्तविद्युल्लताकार त्रिगुणात्मानमीश्वरम्।। पंचप्राणमयं वर्ण नमामि देवमातरम्। एतद् वर्ण महेशानि स्वयंकुणडली।।" स्पष्ट है स्वयं महादेव शिव ने पार्वती जी के प्रश्न के उत्तर मे ओंकार को चंचल अंगों से युक्त, पंचदेवमय, विद्युत प्रकाश के समान रक्त वर्ण वाला, पांच प्राणों से युक्त वेदमाता को प्रणम्य या माननीय बताया है।

## वर्ग पहेली-229

**बाएं से दाएं**

2.1. एक कंटीला पौधा जिसकी पत्तियां बबूल की तरह होती हैं और स्पर्श करने पर मुरझा जाती हैं, लाजवंती या छुईमुई नामक संवेदनशील पौधा, लज्जावती 2. कोमल या नाज़ुक मिज़ाज का व्यक्ति, कोई कमज़ोर वस्तु या व्यक्ति।

5.1. फ़ौजदार का कार्य या पद 2. मार-पीट की कोई घटना 3. न्यायालय जिसमें उक्त घटना की सुनवाई होती है।

7. पालित, पाला हुआ, जिसका पोषण किया गया हो।

8. कशीदे या बेलबूटे का काम, कपड़े पर कढ़े हुए बेल-बूटों का उभार।

**ऊपर से नीचे**

1.1. किसी के अनुचित व्यवहार के उपरांत दुखी होना व मनाने पर न मानना 2. अप्रसन्न अथवा नाराज़ होना।

3.1. प्रतिनिधि या कार्यकर्ता होने की अवस्था या भाव 2. मुख़तार का काम या पेशा, प्रतिनिधित्व।

4.1. ध्वजा, पताका 2. (पुराण) इंद्र की ध्वजा।

6.1. फैले हुए होने की अवस्था या भाव; विस्तार; प्रसार 2. उतनी लंबाई-चौड़ाई जिसमें कोई चीज़ फैली हुई हो।



### वर्ग पहेली -228 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ता | सी | र | ■ | ■ | 2 जं |
| प | ■ | ■ | 3 अ | ■ | भ |
| ती | | 4 अ | कृ | प | ण |
| ■ | ■ | ■ | षि | ■ | ■ |
| 5 ऐ | 6 ड | हा | क | ■ | 7 डा |
| ■ | रा | ■ | ■ | ■ | ब |
| 8 सं | वा | द | ■ | ■ | र |

## सुडोकू-142

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | 8 | | 5 | 7 | | 2 |
| | 5 | | | | 9 | 1 | | |
| 9 | | | 3 | | 4 | | 6 | |
| | | 6 | | 4 | 1 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | | 2 | 7 | | 9 | | |
| | 9 | | 5 | | 7 | | | 1 |
| | | 7 | 1 | | | | 4 | |
| 1 | | 8 | 4 | | 2 | 3 | | |

### सुडोकू - 141 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 8 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 | 4 | 5 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | 8 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 | 5 | 1 | 9 |
| 4 | 9 | 2 | 1 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 22 अक्टूबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 23 अक्टूबर 01.28 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष:** आज परिवार में शुभ कार्यों का आयोजन होगा। यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आप काफी भाग्यशाली रहने वाले हैं। दैनिक दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

**वृष:** आज कार्यक्षेत्र में आपको पुरस्कार प्राप्त हो सकते हैं। आपको बड़े काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। धर्म-कर्म में आप काफी रुचि लेंगे। जीवनसाथी की बातों पर गुस्सा न करें। खानपान में असंतुलन की वजह से मुख में छाले पड़ सकते हैं।

**मिथुन:** आज व्यवहार में सदैव पारदर्शिता बनाए रखें। गुप्त अनुसंधानों पर आपकी विशेष रुचि रहेगी। आपका कोमल स्वभाव आपके लिए परेशानी खड़ी करेगा। कार्यक्षेत्र में नए कर्मचारियों पर ज्यादा विश्वास न करें। छोटी बातों पर तनाव लेना उचित नहीं है।

**कर्क:** आज कारोबार में प्रगति होती रहेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपका मूड रोमांचक कार्यों की तरफ बार-बार प्रवृत्त होता रहेगा। स्टॉक मार्केट और म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहे लोगों को संभलकर निवेश करना चाहिए अन्यथा बड़ा आर्थिक घाटा हो सकता है।

**सिंह:** आज मानसिक तनाव में कमी आएगी। आप खुले विचारों के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। दिनचर्या काफी अनुशासित रहने वाली है। आप अपने कार्यों को बड़ी सरलता और स्पष्टता से करें, जिसके कारण आपकी परेशानियां दूर होगी।

**कन्या:** आज आप अपनी योजनाओं से दूसरों को अचंभित करने में लगे रहेंगे। भूमि संपत्ति को लेकर बड़े सौदे कर सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न लें। बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को काम ज्यादा करना पड़ेगा। आपका दिमाग अस्थिर रहेगा।

**तुला:** आज प्रेम संबंधों को लेकर परिवार का रुख सहयोगात्मक रहेगा। आत्मविश्वास और पराक्रम में वृद्धि होगी। बीमा आदि से धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति अपना भाव अच्छा रखें। वाणी में उग्रता के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज वैवाहिक संबंधों में सुधार होने की संभावना बन रही है। आप जिन भी योजनाओं पर काम करेंगे वह सफल होगी। माता-पिता का आशीर्वाद लेकर काम करेंगे तो सफलता सुनिश्चित है। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों से आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**धनु:** आज करियर उच्च शिक्षा की दृष्टि से उत्तम रहेगा। परिजनों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आप मित्रों के साथ घूमने जा सकते हैं। किसी भी तरह का आर्थिक निवेश सोच-समझकर ही करें। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट में आपका अतिरिक्त धन खर्च हो सकता है।

**मकर:** आज आपको अपने आप पर भरोसा रखना चाहिए। आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहने वाले हैं। नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए बेहतरीन समय है। किसी पुराने प्रोजेक्ट्स में परेशानी हो सकती है। सेहत थोड़ी नरम-गरम रहेगी।

**कुंभ:** आज अपने काम करने के तरीके में बदलाव न करें, जो जैसा चल रहा है चलने दें। बुद्धिजीवियों के बीच आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपनी समस्याओं को जीवनसाथी से शेयर करें समाधान अवश्य मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मीन:** आज पुरानी घटनाएं दोबारा आपके सामने यथारूप में सामने आ सकती हैं। आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। व्यवसाय में अपेक्षानुसार धन लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में आपकी सफलता से काफी लोग निराश रहेंगे। किसी विदेशी स्थान की यात्रा हो सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 23 अक्टूबर 05.58 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
विरोध — सुबह: 09.21
दिल्लगी — रात: 08.55

&pictures
एक विवाह ऐसा भी — सुबह: 11.17
क्रू — रात: 08.00

SONY PIX
टर्मिनेटर सैल्वेशन — सुबह: 10.18
द रेड 2 — रात: 09.00

ZEE CINEMA
धमाल — सुबह: 11.40
भोला — रात: 08.00

ZEE ACTION
मैं हूं दुर्गा — सुबह: 10.12
दबंग 2 — रात: 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात: 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

| बाजार | संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81,151.27 | 24,781.10 |
| गिरावट | 73.48 | 72.95 |
| प्रतिशत में | 0.09 | 0.29 |

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 7500 -8200 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14500-14600 अरहरस्पेशल 11500-11600 चनादाल 8500-8600 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7300-7350 मसूरदाल 7575-7625 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11800 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500-11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14100-14200 अलसी 12400-12500 अण्डी 13900-14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1958 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1945-1942 मयूर 1945-1942 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3700-3800 मंगलौरलड्डू 4500-4600 देशीभेली 4200-4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4230 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000 औरय्या 52300-52300

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 115000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 120000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 80300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 59850-60050 |

# त्योहार के दौरान मांग बढ़ने से निजी निवेश में तेजी के संकेत

## आरबीआई बुलेटिन के अनुसार - विकास की गति को मिल रहा घरेलू समर्थन

**मुंबई, एजेंसी**

- **लेख अनुसार- वित्तीय क्षेत्र मजबूत बही-खाते के साथ संसाधनों से लैस होकर निवेश के लिए तैयार**



कारोबार को लेकर बढ़ती उम्मीद और मौजूदा त्योहारों पर उपभोग मांग बढ़ने से निजी निवेश में उत्साहजनक संकेत देखने को मिल रहा है। देश के वृद्धि परिदृश्य को विकास को गति देने वाले घरेलू इंजन से समर्थन मिल रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के सोमवार को जारी अक्टूबर के बुलेटिन में यह कहा गया है।

बुलेटिन में प्रकाशित अर्थव्यवस्था की स्थिति पर लेख में कहा गया है कि 2024-25 की दूसरी तिमाही में जो अस्थायी नरमी दिखी है, देश में कुल मांग इससे पार पाने को तैयार है। इसका कारण त्योहारी मांग में तेजी और उपभोक्ता भरोसे में सुधार है। वहीं कृषि में सुधार के साथ ग्रामीण मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। लेख अनुसार खपत मांग में तेजी के संकेतों और कारोबार को लेकर बढ़ती उम्मीद से निजी निवेश में तेजी आनी चाहिए। मजबूत बही-खाते के साथ वित्तीय क्षेत्र संसाधनों से लैस होकर निवेश को लेकर तैयार है। इसके साथ सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर है। इससे कुल मिलाकर निवेश का दृष्टिकोण उज्ज्वल दिखाई देता है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम के लिखे लेख में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था 2024 की पहली छमाही में मजबूत रही। मुद्रास्फीति में गिरावट से घरेलू खर्च को समर्थन मिला। लेख में कहा गया है कि मौद्रिक नीति में नरमी के बीच वृद्धि की स्थिर गति ज्यादातर अर्थव्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण विषय बन रही है। वैश्विक स्तर पर जारी तनाव के बावजूद, भारत के वृद्धि परिदृश्य को मजबूत घरेलू इंजन से समर्थन मिल रहा है। कुछ महत्वपूर्ण आंकड़ों में 2024-25 की दूसरी तिमाही में नरमी देखी गयी है।

# शेयर बाजार में लिस्टिंग : नई संभावनाओं की उम्मीद

शेयर बाजार में लिस्टिंग एक कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो उसे सार्वजनिक रूप से व्यापार करने की अनुमति देती है। यह प्रक्रिया कंपनी को पूंजी जुटाने, ब्रांड प्रतिष्ठा बढ़ाने और निवेशकों के लिए तरलता प्रदान करने का अवसर देती है। सही रणनीति और नियामक अनुपालन के साथ लिस्टिंग कंपनियों को नए अवसरों और विकास की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करती है। आइए, हम जानें इस प्रक्रिया के विभिन्न पहलुओं और इसके लाभों के बारे में।



### लिस्टिंग की प्रारंभिक तैयारी

- **आंतरिक मूल्यांकन :** कंपनी अपने वित्तीय स्वास्थ्य, व्यापार मॉडल, और बाजार में स्थिति का मूल्यांकन करती है।
- **कानूनी और वित्तीय सलाह :** कंपनियां आमतौर पर कानूनी और वित्तीय सलाहकारों की मदद लेती हैं।
- **डॉक्यूमेंटेशन करना :** कंपनी को विस्तृत दस्तावेज़, जिसे प्रॉस्पेक्टस कहा जाता है, तैयार करना होता है। इसमें वित्तीय स्थिति, संचालन और योजनाएं शामिल होती हैं।
- **अनुपालन :** कंपनी को विभिन्न नियामक आवश्यकताओं का पालन करना होता है, जैसे कि सेबी के नियम।
- **मार्केटिंग- इन्वेस्टर मीटिंग्स :** कंपनी निवेशकों के साथ मीटिंग्स करती है ताकि वे अपने व्यवसाय और प्रस्तावित लिस्टिंग के बारे में जानकारी साझा कर सकें।
- **आईपीओ :** लिस्टिंग के लिए अक्सर एक प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की आवश्यकता होती है, जिसमें कंपनी अपने शेयरों को पहली बार निवेशकों के लिए पेश करती है।

**अगर सभी प्रक्रियाएं सफल होती हैं, तो कंपनी के शेयर स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होते हैं, जैसे कि एनएसई ( नेशल स्टॉक एक्सचेंज) या बीएसई (बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज)।**

### लिस्टिंग से लाभ

- **पूंजी जुटाना :** लिस्टिंग से कंपनी नए निवेशकों से धन जुटा सकती है, जिससे वे विस्तार के लिए वित्तीय संसाधन प्राप्त कर सकते हैं।
- **ब्रांड प्रतिष्ठा :** लिस्टेड कंपनियां अधिक विश्वसनीय होती हैं, जिससे उन्हें ग्राहकों में विश्वास बढ़ाने में मदद मिलती है।
- **तरलता :** लिस्टेड शेयरों को खरीदा और बेचा जा सकता है, जिससे निवेशकों के लिए निवेश को परिवर्तित करना आसान होता है।
- **प्रेरणा :** कर्मचारियों और प्रबंधन के लिए स्टॉक विकल्प प्रदान करके कंपनी उन्हें प्रेरित कर सकती है।

### लिस्टिंग के प्रकार

**प्राथमिक लिस्टिंग :** जब कंपनी पहली बार अपने शेयरों को स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट करती है।
**द्वितीयक लिस्टिंग :** जब कोई लिस्टेड कंपनी दूसरे एक्सचेंज पर शेयरों को सूचीबद्ध करती है।
**चुनौतियां-पारदर्शिता :** लिस्टेड कंपनियों को अपनी वित्तीय रिपोर्ट्स और अन्य जानकारी को नियमित रूप से साझा करना होता है, जो कभी-कभी चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

# मुइज्जू ने यूपीआई सेवा को उठाए जरूरी कदम

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने द्वीपसमूह देश में भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को पेश करने को जरूरी कदम उठाए हैं, जिससे मालदीव की अर्थव्यवस्था को लाभ मिलने की उम्मीद है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूपीआई मोबाइल फोन के जरिये अंतर-बैंक लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए भुगतान प्रणाली है। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, मुइज्जू ने यूपीआई शुरू करने को एक संघ का गठन किया है। ट्रेडनेट मालदीव कॉर्पोरेशन लिमिटेड को अग्रणी एजेंसी नियुक्त किया है।

# जीवामृत से लगाई ड्रैगन की बगिया, जल्द अन्य जिलों में पैदावार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

अमृत विचार : प्रदेश में अमेरिका के ड्रैगन फल की पैदावार किसान करेंगे। इसकी पहल लखनऊ के बालागंज के प्रगतिशील किसान ओम प्रकाश मौर्या ने अपने गृह जनपद हरदोई के भरावन ब्लॉक स्थित पहाड़पुर गांव से की है। इन्होंने 2022 में गुजरात से ड्रैगन के पौधे मंगाकर एक बीघे में पांच लाख रुपये की लागत से बगिया लगाई थी, जो जीवामृत के प्रयोग से तैयार करके फल बेचकर कमाई करते हैं। इस वर्ष ड्रैगन फल की पैदावार बढ़ाने को नर्सरी लगाकर कृषि विज्ञान केंद्र के साथ कन्नौज, हरदोई, शाहजहांपुर, सीतापुर, लखीमपुर खीरी समेत अन्य जिलों के किसानों को पौध बेची है। इसे लगाने का तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया है।



ड्रैगन फल दिखाते ओम प्रकाश मौर्या।

- **प्रगतिशील किसान ने फलों की बिक्री के साथ नर्सरी लगाकर बांटे पौधे**
- **प्रदेश में रकबा बढ़ाने की पहल किसानों को दे रहे प्रशिक्षण**

### इम्यूनिटी बढ़ाने और डेंगू से बचाने में कारगर है फल

ओम प्रकाश बताते हैं कि यह औषधीय फल है। जो इम्यूनिटी और खून बढ़ाता है। डेंगू होने पर इसके सेवन से प्लेटलेट्स कम नहीं होते हैं। इस वजह से खूब मांग है। वह फल की बिक्री बालागंज स्थित अपनी दुकान और गोमती नगर स्थित किसान बाजार से करते हैं। इस बार डेंगू की वजह से लखनऊ समेत आसपास जिलों में फल खूब बिका है। मांग के अनुसार पूर्ति नहीं कर पाए हैं। जुलाई से अगस्त तक फल और पौधों की बिक्री से एक लाख रुपये कमाए हैं। इनके अलावा बाराबंकी, शाहजहांपुर, कौशांबी में एक-दो किसान ड्रैगन की पैदावार करते हैं। इसका और रकबा बढ़ेगा।

### सीमेंट के पिलर और टायर में लगते पौधे

ड्रैगन के पौधे सात फीट सीमेंट के पिलर में लगाए जाते हैं। जो पिलर के सहारे ऊपर की तरफ बढ़ते है और टायर के अंदर से निकलर नीचे की तरफ फैलते हैं। इससे पौधे की बढ़वार होने पर फल आते हैं। यह पौधे 25-30 साल तक चलते हैं और एक साल में 45-45 दिन में सात बार फल आते हैं। इसकी कीमत 200 रुपये किलो तक रहती है।

# श्रमिकों के कल्याण के लिए ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **पोर्टल से पंजीकरण प्रक्रिया बनेगी आसान और अधिक पारदर्शी**

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को पोर्टल ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन जारी किया। इस पोर्टल से पंजीकरण प्रक्रिया आसान और अधिक पारदर्शी बनेगी। मांडविया ने पोर्टल जारी करते हुए कहा कि हर दिन 60,000 से 90,000 कर्मचारी ई-श्रम प्लेटफॉर्म से जुड़ रहे हैं। ई-श्रम-वन स्टॉप सॉल्यूशन ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों को विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक निर्बाध पहुंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इसका प्राथमिक उद्देश्य असंगठित श्रमिकों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाना और सरकारी कल्याण योजनाओं तक उनकी पहुंच को सुगम बनाना है। यह प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले कई लाभों से जोड़ेगा और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान और अधिक पारदर्शी बनाएगा।

## राष्ट्रीय

# हरियाणा चुनाव ने स्थिरता की अभिव्यक्ति को दी मजबूती

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- उनकी सरकार तीसरे कार्यकाल में अभूतपूर्व गति और पैमाने पर काम कर रही

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजों ने स्थिरता की उस अभिव्यक्ति को और मजबूत किया है, जिसे केंद्र में उनके नेतृत्व वाली सरकार को लगातार तीसरी बार मौका देकर जनता ने व्यक्त किया था।

प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब महाराष्ट्र और झारखंड में विस चुनावों की घोषणा हो चुकी है और राजनीतिक दल प्रचार अभियान को धार देने में जुटे हुए हैं। एक सम्मेलन में मोदी ने कहा कि उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में अभूतपूर्व गति और पैमाने पर काम कर रही है और दुनिया में जारी संघर्षों व उथल-पुथल के बीच भारत उम्मीद की किरण है। भारत को एक उभरती शक्ति बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत के पास एस्पिरेशनल इंडिया (एआई यानी आकांक्षी भारत) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई यानी कृत्रिम बुद्धमत्ता) के दोहरे लाभ है और जब दोनों की ताकत मिलती है तब विकास की गति भी तेज होना स्वाभाविक है। मोदी ने कहा कि भारत संकट के समय का साथी है और कोविड महामारी के दौरान भेजे गए जीवनरक्षक टीके इसका उदाहरण हैं। मोदी ने कहा कि चुनौतियां भारत के सामने भी हैं लेकिन इसमें सकारात्मकता की एक भावना है और जिसे सभी भारतवासी महसूस भी करते हैं। भारत इतिहास में वैश्विक विकास की ताकत रहा है, लेकिन भारत ने गुलामी भी देखी और औद्योगिक क्रांतियों का लाभ नहीं उठा पाया। अब, यह उद्योग 4.0 का समय है और हम तैयार हैं क्योंकि अब हम गुलाम नहीं हैं।



नई दिल्ली में कार्यक्रम के दौरान प्रतिनिधियों का स्वागत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### भारत एक उभरती हुई शक्ति

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विकासशील देश होने के साथ उभरती हुई शक्ति भी है। हम गरीबी की चुनौतियां भी समझते हैं और प्रगति का रास्ता बनाना भी जानते हैं। हमारी सरकार तेजी से नीतियां बना रही है, निर्णय ले रही है, सुधार कर रही है। आज भारत हर सेक्टर में, हर क्षेत्र में जिस तेजी से काम कर रहा है, वह अभूतपूर्व है। भारत की गति, भारत का पैमाना अप्रत्याशित है। विकसित भारत की अवधारणा जन चेतना का हिस्सा बन गई है और जन शक्ति राष्ट्र शक्ति को शक्ति प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल के शुरुआती 125 दिनों में किए गए विभिन्न कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब भारत दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है और यह 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प में भी दिखता है। उन्होंने कहा, भारत की सोच और दृष्टिकोण में आए बदलाव पर आप भी ध्यान देते होंगे।

# प्रधानमंत्री की डिग्री पर टिप्पणी: गुजरात में केजरीवाल के खिलाफ समन बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **सुप्रीम कोर्ट ने रद की याचिका मानहानि मामले में जारी किया समन**

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कथित टिप्पणी पर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका सोमवार को रद रिज कर दी, जिसमें उन्होंने मामले में जारी समन को रद करने से इनकार करने के गुजरात हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

गुजरात की मेट्रोपोलिटन अदालत ने केजरीवाल और आप नेता संजय सिंह के प्रधानमंत्री की शैक्षणिक डिग्रियों से जुड़े बयानों पर मानहानि मामले में दोनों को समन जारी किया था। हाईकोर्ट ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मोदी की डिग्रियों के बारे में सूचना देने के लिए मुख्य सूचना आयुक्त (सीआईसी) के आदेश को रद किया था। इसके बाद गुजरात विश्वविद्यालय के पंजीयक पीयूष पटेल ने टिप्पणियों पर नेताओं के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की एक अलग पीठ ने इसी मामले में आप नेता संजय सिंह की याचिका को आठ अप्रैल को खारिज किया था। पीठ ने कहा कि हम मौजूदा याचिका पर सुनवाई नहीं करना चाहेंगे। इसे खारिज किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी दलीलों पर मुकदमे में निर्णय लिया जा सकता है और वह मामले के गुण-दोष पर कोई राय नहीं दे रहा है। केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि मामले में पटेल पीड़ित पक्ष नहीं हैं। अगर बयान मानहानिकारक था, तो आपराधिक मानहानि का मामला मोदी को दायर करना चाहिए था न कि गुजरात विवि के पंजीयक को। विवि की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की अलग पीठ ने आठ अप्रैल को सिंह की याचिका रद किया है। सिंघवी ने कहा कि मानहानि का कोई मामला नहीं बनता है। केजरीवाल ने महज पूछा कि विवि मोदी की डिग्री प्रकाशित क्यों नहीं कर रहा है। बहरहाल, पीठ ने केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी।

# स्टांप ड्यूटी बढ़ने से मध्यस्थता में बढ़ेगा खर्च

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **महाराष्ट्र सरकार की ओर से स्टांप ड्यूटी बढ़ाने पर विशेषज्ञ की राय**

महाराष्ट्र सरकार द्वारा स्टांप ड्यूटी बढ़ाने के निर्णय पर विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है। महाराष्ट्र ने अपने स्टांप अधिनियम में संशोधन किया है, जिससे 15 अक्टूबर से कानूनी दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क बढ़ गया है। इस बदलाव से राज्य को भले ही अधिक राजस्व मिलने की उम्मीद है लेकिन इससे व्यवसायों की लागत बढ़ सकती है, खासकर मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) का विकल्प चुनने वालों के लिए। बढ़े हुए शुल्क से छोटे उद्यम के विवादों को सुलझाना महंगा पड़ सकता है। विशेषज्ञों को डर है कि इससे मध्यस्थता वित्तीय रूप से कम व्यवहारिक हो जाएगी।

इंडिया लॉ हाउस के पार्टनर और अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी का कहना है कि इस संशोधन के पीछे मुख्य उद्देश्य राज्य के राजस्व में वृद्धि करना है, लेकिन इससे व्यवसायों पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा। मध्यस्थता के मामले में, यह बदलाव छोटे उद्यमों के लिए वित्तीय बोझ बढ़ा सकता है, जिससे वे मध्यस्थता का विकल्प चुनने से पीछे हट सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नचिकेता वाजपेई का इस संबंध में कहना है कि यह कदम सरकार के राजस्व वृद्धि के लक्ष्यों के अनुरूप हो सकता है लेकिन इससे मध्यस्थता की लागत बढ़ जाएगी। उनका कहना है कि खास तौर पर छोटे विवादों के लिए, जिसमें बढ़ी लागत के कारण पक्षकार मध्यस्थता का विकल्प चुनने से बचेंगे।

# वक्फ संबंधी समिति की बैठक में नोकझोंक

- **अल्पसंख्यक मंत्रालय ने संसदीय समिति की बैठक में सांसदों के सवालों के दिए जवाब**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर सोमवार को संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में सांसदों के सवालों के जवाब दिए और विस्तृत प्रस्तुति दी, जिस दौरान कुछ विपक्षी सदस्यों ने तर्क दिया नए कानून को लेकर मंत्रालय से वर्षों से कभी भी परामर्श नहीं किया गया। वर्ष 1976 में संविधान में समाजवादी और धर्मनिरपेक्ष शब्दों को शामिल करने को चुनौती के लिए उच्चतम न्यायालय में दायर याचिकाओं का असर भी बैठक पर पड़ा क्योंकि विपक्षी सांसदों द्वारा कुछ वकीलों से बयान लेने के समिति के फैसले पर सवाल उठाने के बाद नोकझोंक भी हुई। भाजपा के एक सांसद ने कहा कि किसी भी प्रस्तावित कानून में सभी भारतीय हितधारक जुड़े हैं और समिति अपने विवेक से किसी को भी मूल्यवान सुझाव देने के लिए बुला सकती है जिसे वह उचित समझे। उन्होंने दावा किया कि वक्फ कानून ने बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय से इतर लोगों को को प्रभावित किया है। याचिका दायर करने वालों में भाजपा सदस्य अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय और विष्णु शंकर जैन शामिल हैं। वे पिछले सप्ताह भाजपा सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति के सामने पेश हुए थे।

### सांसदों का दावा- मौजूदा कानून को खत्म करने का कोई उल्लेख नहीं

मंत्रालय की प्रस्तुति के दौरान कुछ सांसदों ने दावा किया कि वक्फ अधिनियम में संशोधन के निर्णय के लिए परामर्श के मिनटों में मौजूदा कानून को खत्म करने की जरूरत का कोई उल्लेख नहीं हुआ था। कुछ विपक्षी सांसदों ने दावा किया कि मंत्रालय ने साल नवंबर में इस मुद्दे पर अपनी आखिरी बैठक में अधिनियम से उत्पन्न होने वाली जटिलताओं से निपटने के लिए प्रशासनिक और तकनीकी उपाय सुझाए थे। समिति की सदस्य और भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने पुणे स्थित गैर सरकारी संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का आवेदन सौंपा, जिसमें राज्य वक्फ बोर्ड के 19 ऐसे मामलों के बारे में बताया गया है, जो दूसरों की संपत्तियों पर दावे से जुड़े हैं।

# बंगाल: चिकित्सकों ने ममता के साथ बैठक के बाद वापस ली भूख हड़ताल

**कोलकाता, एजेंसी**

- **राज्य के अस्पतालों में अपनी प्रस्तावित हड़ताल को भी लिया वापस**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक के कुछ घंटे बाद आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों ने आरजीकर अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म एवं हत्या की घटना को लेकर सप्ताह भर से जारी भूख हड़ताल सोमवार शाम वापस ले ली। चिकित्सकों ने मंगलवार से राज्य में अस्पतालों में अपनी प्रस्तावित हड़ताल भी वापस ले ली।

आंदोलनकारी चिकित्सक देबाशीष हल्दर ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में हमें कुछ आश्वासन तो मिला, लेकिन सरकार का हाव-भाव सकारात्मक नहीं था। आम लोगों ने दिल से हमारा समर्थन किया है। वे और हमारी मृतक बहन के माता-पिता हमसे अनुरोध कर रहे हैं कि हमारे बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए हम भूख हड़ताल खत्म कर दें। उन्होंने कहा कि इसलिए हम आमरण अनशन और मंगलवार को किये पूर्ण बंद के आह्वान को वापस ले रहे हैं। यह निर्णय चिकित्सकों की बैठक के बाद किया गया।

# चंद्रबाबू नायडू बोले- कम से कम दो बच्चे करें पैदा

**अमरावती, एजेंसी**



- **आंध्र प्रदेश में गिरते जन्म दर पर मुख्यमंत्री ने राज्य की महिलाओं से जनसंख्या स्थिर करने का किया आह्वान**

आंध्र प्रदेश में गिरते जन्म दर पर मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की महिलाओं से जनसंख्या स्थिर करने के लिए कम से कम दो बच्चे पैदा करने का आह्वान किया है। इस टिप्पणी का कांग्रेस की आंध्र प्रदेश इकाई ने स्वागत किया है, जबकि सत्तारूढ़ युवजन श्रमिक रायतु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने इस मामले पर मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण पर सवाल उठाया है। नायडू ने कहा कि दक्षिण भारत में आबादी बूढ़ी हो रही है। प्रत्येक महिला को दो से अधिक बच्चों को जन्म देना चाहिए। चेन्नई में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भी जनसंख्या के मुद्दे को उठाया और इसे परिसीमन कवायद से जोड़ा। आंध्र प्रदेश की जन्म दर प्रति महिला 2.1 जीवित जन्मों के प्रतिस्थापन स्तर से नीचे है। मुख्यमंत्री ने अमरावती में बैठक के दौरान कहा कि हमें जनसंख्या को प्रबंधित करने की जरूरत है। 2047 तक, हमारे पास जनसांख्यिकीय लाभांश होगा अधिक युवा होंगे।

### अन्य क्षेत्रों का दिया हवाला

नायडू ने कहा भविष्य में ऐसी स्थिति से बचने के लिए सभी को अधिक बच्चे पैदा करना अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। यह काम मैं (अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान) न केवल आपके लिए कर रहा हूं, बल्कि राष्ट्र के लिए, व्यापक भलाई के लिए कर रहा हूं। उन्होंने कहा हम कोई भी काम करके पैसा कमा सकते हैं, लेकिन हम तभी काम करेंगे, जब हमारे बच्चे होंगे या जनसंख्या बढ़ेगी। यूरोप, जापान और अन्य क्षेत्रों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि ये देश बुजुर्ग होती आबादी की समस्या से जूझ रहे हैं, जहां वृद्धों की संख्या बढ़ रही है और युवाओं की संख्या घट रही है। नायडू ने तर्क दिया कि दक्षिण भारत भी ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहा है।

# विमानों में बम की धमकियों पर विधायी कार्रवाई की योजना

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि विमानों में बम रखे होने की धमकी संबंधी घटनाओं से निपटने के लिए सरकार विधायी कार्रवाई की योजना बना रही है, जिनमें ऐसी धमकी देने वालों के नाम उड़ान-निषिद्ध सूची में डालना शामिल है। नायडू ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता किए बिना स्थिति से निपटने के प्रयास हो रहे हैं। पिछले एक हफ्ते में भारतीय विमानन कंपनियों की 100 उड़ानों में बम की धमकियां मिली हैं। सरकार विमानन सुरक्षा नियमों और नागरिक विमानन सुरक्षा के विरुद्ध गैर-कानूनी कृत्यों का दमन अधिनियम-1982 (एसयूएएससीए) में संशोधन करने की योजना बना रही है।

# एमवीए में 210 सीट पर बनी सहमति : संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी**



- **राज्यसभा सदस्य ने भाजपा व राज्य सरकार का किया घेराव**

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीट में से 210 पर सहमति है।

उन्होंने मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और अजित पवार की राकांपा गुट वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एमवीए का उद्देश्य महाराष्ट्र को लूटने वाली ताकतों की हार सुनिश्चित करना है। राज्यसभा सदस्य और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख रणनीतिकार राउत ने कहा कि हम 210 सीट पर आम सहमति पर पहुंचे हैं। हमारा लक्ष्य संयुक्त रूप में चुनाव लड़ना है। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और शरद पवार की राकांपा (एसपी) शामिल हैं। राउत की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब समाचार चैनलों पर ऐसी खबरें प्रसारित हुईं कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी एमवीए से अलग हो सकती है और अपने दम पर चुनाव लड़ सकती है। पिछले कुछ दिनों में तीनों मुख्य विपक्षी दलों में सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए गहन विचार-विमर्श हुआ है। ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि कांग्रेस और शिवसेना के बीच मुद्दे पर सहमति नहीं है। राउत का यह बयान ऐसे समय भी आया है जब ऐसी अटकलें हैं कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनसे फोन पर बात की है। इससे संकेत मिलता है कि 2019 में अलग होने से पहले दशकों तक सहयोगी रहीं शिवसेना और भाजपा अब फिर साथ आ रही हैं।

# अब दर्द नहीं, ऑस्ट्रेलिया शृंखला में अभी समय : शमी



गुरुग्राम, एजेंसी

- बेंगलुरु में भारत-न्यूजीलैंड का पहला टेस्ट समाप्त होने के बाद नेट पर किया अभ्यास

भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन उन्होंने सोमवार को कहा कि उन्हें अब जरा भी दर्द महसूस नहीं हो रहा है और वह अगले महीने शुरू होने वाले आस्ट्रेलिया के दौरे के लिए अब भी दौड़ से बाहर नहीं हुए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ बेंगलुरु में समाप्त हुए भारत के शुरुआती टेस्ट के बाद उन्होंने नेट पर गेंदबाजी की। हालांकि कुछ दिन पहले कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया था कि उनके घुटने में सूजन है, जिससे पिछले साल लगी टखने की चोट से उबरने के लिए चल रहा उनका रिहैबिलिटेशन प्रभावित हुआ। यूजेनिक्स हेयर साइंसेस के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मैंने कल जिस तरह गेंदबाजी की, उससे मैं खुश हूं। मैं इससे पहले आधे रन-अप से गेंदबाजी कर रहा था क्योंकि मैं ज्यादा दबाव नहीं लेना चाहता था, लेकिन कल मैंने रन-अप से गेंदबाजी की। पर्थ में 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का जिक्र करते हुए शमी ने कहा कि मुझे अब कोई दर्द नहीं है। हर कोई लंबे समय से सोच रहा है कि मैं ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए जा पाऊंगा या नहीं लेकिन अभी इसमें थोड़ा समय है। रोहित ने कहा था कि वह फिटनेस के कारण शमी को महत्वपूर्ण श्रृंखला के लिए ले जाने के पक्ष में नहीं हैं। शमी ने कहा कि वह मौजूदा रणजी ट्रॉफी में अपने राज्य की टीम बंगाल के लिए कुछ मैच खेलना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे दिमाग में सिर्फ यही चीज सुनिश्चित करना है कि मैं फिट रहूं और ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के लिए मैं कितना मजबूत रह सकता हूं। मुझे पता है कि ऑस्ट्रेलिया में किस तरह के आक्रमण की जरूरत होती है। मुझे मैदान पर ज्यादा समय बिताना होगा। शमी ने कहा कि मैं इससे पहले कुछ रणजी मैच खेलना चाहता हूं।वह इस चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 नवंबर को 2023 वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं।

# दीपिका को मिला पांचवां रजत, धीरज हारे

**तीरंदाजी विश्व कप**

टिलेक्सकला (मैक्सिको), एजेंसी



- फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में मिली थी तीसरी वरीयता

भारत की शीर्ष रिकर्व तीरंदाज दीपिका कुमारी ने विश्वकप फाइनल में पांचवां रजत पदक जीता। वह फाइनल में चीन की लि जियामैन से हार गई। दिसंबर 2022 में बेटी के जन्म के बाद फाइनल में लौटी चार बार की ओलंपियन दीपिका को आठ तीरंदाजों में तीसरी वरीयता मिली थी।

सेमीफाइनल तक दीपिका को दिक्कत नहीं हुई लेकिन स्वर्ण पदक के मुकाबले में वह पेरिस ओलंपिक में टीम स्पर्धा का रजत पदक जीतने वाली जियामैन से हार गई। दीपिका नौवीं बार विश्व कप फाइनल खेल रही थी। विश्व कप में भारत की डोला बनर्जी ने स्वर्ण पदक जीता था जब दुबई में 2007 में वह अव्वल रही थी। पुरुषों के रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मादेवरा आगे रहने के बावजूद पहले दौर में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता दक्षिण कोरिया के ली वू सियोक से हार गए। पांच सदस्यीय भारतीय दल में तीन कंपाउंड और दो रिकर्व तीरंदाज थे। भारत की झोली में सिर्फ एक पदक गिरा। सेमीफाइनल में मैक्सिको की अलेजांद्रा वालेंशिया के खिलाफ दीपिका उस लय को कायम नहीं रख सकी।

## खेल डायरी

### रोनाल्डो और अल नासर का एसीएल मैच दुबई में

वॉशिंगटन। क्रिस्टियानो रोनाल्डो और अल नासर क्लब का तेहरान के एस्तेगलाल क्लब के खिलाफ एएफसी चैम्पियंस लीग एलीट फुटबॉल मैच ईरान में सुरक्षा चिंताओं से अब संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में होगा। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने इसकी जानकारी दी थी। भारत ने इस फैसले पर हैरानी जताई है क्योंकि सात अक्टूबर को एएफसी ने कहा था कि कोलकाता के मोहन बागान क्लब ने ट्रैक्टर एससी के खिलाफ दो अक्टूबर को दूसरी श्रेणी के एएफसी चैम्पियंस लीग दो के मैच के लिये ईरान जाने से इनकार किया था लिहाजा माना जायेगा कि उसने नाम वापिस ले लिया है। सिर्फ अल नासर ही नहीं बल्कि ट्रैक्टर का ताजिकिस्तान के रावशान के खिलाफ घरेलू मैच भी अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। ईरान और कतर के बीच 15 अक्टूबर का मैच भी कतर से दुबई स्थानांतरित किया गया। मोहन बागान के प्रवक्ता ने कहा कि क्लब ने देखा है कि एएफसी ने आखिरकार माना कि ईरान में सुरक्षा हालात गंभीर है और इसी वजह से कई मैच स्थानांतरित किये गए। मोहन बागान के मामले में भी ऐसा नहीं करने से लगेगा कि एएफसी पक्षपात कर रहा है।

### भारत चैलेंजर स्तर की चार स्पर्धाओं की करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने सोमवार को पुष्टि की कि देश फरवरी 2025 में चार एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जिसकी शुरुआत चेन्नई में एटीपी 100 टूर्नामेंट से होगी। एआईटीए ने कहा कि एटीपी ने चैलेंजर स्पर्धाओं के लिए तारीखों और स्थानों को मंजूरी दे दी है। चेन्नई तीन फरवरी से इसकी मेजबानी करेगा। इसके बाद बेंगलुरु (10 फरवरी से), पुणे (17 फरवरी से) और नई दिल्ली (24 फरवरी से) में चैलेंजर टूर्नामेंटों का आयोजन होगा। चेन्नई, बेंगलुरु और पुणे में टूर्नामेंट एटीपी 100 स्तर की जबकि दिल्ली में चौथा टूर्नामेंट एटीपी 75 स्तर की प्रतियोगिता होगी। एटीपी 100 में एकल खिताब विजेता को 100 रैंकिंग अंक के साथ 17,500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है, जबकि एटीपी 75 रैंकिंग प्रतियोगिता में चैंपियन को 11,200 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलती है। भारत ने 2024 तीन चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक एआईटीए 2025 सत्र के दौरान देश में और अधिक चैलेंजर प्रतियोगिता लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारतीय टीम विश्व ब्रिज खेलों में पेश करेगी मजबूत चुनौती

**नई दिल्ली।** विनय देसाई के नेतृत्व में मजबूत भारतीय दल 22 अक्टूबर से तीन नवंबर तक ब्यूनस आयर्स में होने वाले 16वें विश्व ब्रिज खेलों की चार श्रेणियों में चुनौती पेश करने के लिए तैयार है। भारतीय दल में 2018 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रणव बर्धन (सीनियर वर्ग), राजू तालानी और जैग्गी शिवदासानी (ओपन वर्ग) जैसे कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल है। इस प्रतियोगिता के ओपन' वर्ग में 34 जबकि महिला वर्ग में 24 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे। इससे क्वालीफाई करने वाली टीमें अंतिम 16 के नॉकआउट चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रतियोगिताएं ओपन, वरिष्ठ, महिला और मिश्रित श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी। भारतीय टीम : ओपन वर्ग : संजीत डे, अजय खरे, बिनोद कुमार साव, जैग्गी शिवदासानी, संदीप ठाकरन, राजू तोलानी, विनय देसाई (कप्तान)। सीनियर : अरुण बीपर, प्रणव बर्धन, बादल चंद्र दास, रबी गोयनका, कमल कृष्ण मुखर्जी, विवस जे, गिरीश ओड (कप्तान)। महिला : पूजा बत्रा, देवी मुथु भटनागर, भारती डे, अलका जैन, अलका क्षीरसागर, आशा शर्मा, अनल शाह (कप्तान)।

### टाटा स्टील शतरंज भारत : कार्लसन लेंगे दूसरी बार हिस्सा

**कोलकाता।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ग्रैंड मास्टर मैग्नस कार्लसन 13 से 17 नवंबर तक यहां होने वाले टाटा स्टील शतरंज भारत के छठे सत्र में मुख्य आकर्षण होंगे। नॉर्वे का यह खिलाड़ी दूसरी बार इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनेगा। उन्होंने इससे पहले 2019 में इसमें भाग लिया था और इसके विजेता बने थे। बुडापेस्ट में हाल ही में शतरंज ओलंपियाड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती जैसे युवा भारतीय खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट के ओपन वर्ग में निहाल सरीन और एसएल नारायणन भी इसमें भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। पिछले सत्र तरह टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग की श्रेणियों में रैपिड और ब्लिट्ज मुकाबलों के लिए समान पुरस्कार राशि होगी। महिला वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कोनेरू हम्पी, आर वैशाली, डी. हरिका, दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल करेंगी। शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद टूर्नामेंट के ब्रांड दूत बने रहेंगे। आनंद ने कहा कि टाटा स्टील शतरंज भारत में वापस आने का इंतजार कर रहा हूं। यह भारत में एक प्रमुख टूर्नामेंट बन गया है।

# ड्रा मैच में यूपी नहीं ले सका बढ़त

## एक अंक से करना पड़ा संतोष, पहली पारी में बढ़त के आधार पर मेहमान हरियाणा को मिले तीन अंक

**रणजी मैच- चौथा दिन**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ : मैच समाप्त होने के बाद एक-दूसरे से हाथ मिलाते यूपी व हरियाणा के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हरियाणा के खिलाफ ड्रा रहे मुकाबले में पहली पारी में पिछड़ने पर यूपी को मात्र एक अंक से संतोष करना पड़ा। धमाकेदार प्रदर्शन करने वाली मेहमान हरियाणा की टीम ने बढ़त के आधार पर तीन अंक हासिल किए। हरियाणा की पहली पारी में 453 रनों के जवाब में यूपी पहली पारी में 364 रन का सफर ही तय कर सकी। हरियाणा के शतकवीर हिमांशु राणा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्होंने पहली पारी में 114 रन बनाया था।

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम, लखनऊ में सोमवार को यूपी ने कल के छह विकेट खोकर 267 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने अभी स्कोर में एक रन का इजाफा नहीं किया था कि शिवम शर्मा (15) आउट हो गए। ऑफ स्पिनर जयंत यादव ने उनकी गिल्लियां बिखेर दी। टीम के स्कोर में दो रन का इजाफा हुआ था, तभी, शतकवीर और यूपी के कप्तान आर्यन जुयाल आउट हो गए। आर्यन 119 रन के निजी स्कोर पर सुमित की गेंद पर हर्षित राणा को कैच दे बैठे। विप्रज निगम के रूप में यूपी को नौवां झटका लगा। 279 रन के योग पर विप्रज निगम (6) जयंत यादव की गेंद पर कपिल हुड्डा को आसान कैच दिया। इसके बाद यश दयाल और अंकित राजपूत ने लड़खड़ा चुकी यूपी की पारी को संभालने का प्रयास किया और 85 रन की साझेदारी की, लेकिन वह टीम को लीड नहीं दिला सके। 364 रन के योग पर अंकित 40 रन बनाकर तेज गेंदबाज सुमित कुमार की गेंद पर बोल्ड हो गए। यश दयाल ने नाबाद 41 रन बनाये। हरियाणा की ओर से जयंत यादव ने चार विकेट लिये। अमन कुमार, सुमित कुमार और हर्ष पटेल को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद हरियाणा की टीम दूसरी पारी खेलने उतरी। टीम ने तीन विकेट खोकर 72 रन बना लिए थे। इसके बाद दोनों कप्तानों की सहमति से अंपायरों ने मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया। हरियाणा की ओर से मयंक शांल्डिय ने सबसे अधिक 31 रन बनाए। यूपी की ओर से शिवम शर्मा ने दो विकेट लिए।

### मुंबई ने महाराष्ट्र को नौ विकेट से हराकर पूरे अंक लिये

**मुंबई।** पहले मैच में बड़ौदा से मिली करारी हार से उबरते हुए गत चैम्पियन मुंबई ने महाराष्ट्र को रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के दूसरे मैच में नौ विकेट से हराकर अपने अभियान को ढर्रे पर लाया। जीत के लिये 74 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने रविवार को बिना किसी नुकसान के 13 रन बना लिये थे। आयुष म्हात्रे (15) के आउट होने से उसे बोनस अंक नहीं मिल सका। पृथ्वी साव (36 गेंद में 39 रन) और हार्दिक तामोर (26 गेंद में 21 नाबाद) ने 13.3 ओवर में टीम को जीत तक पहुंचाया। पहले मैच में 42 बार की चैम्पियन मुंबई टीम को बड़ौदा ने 84 रन से हराया था। मुंबई ने महाराष्ट्र को पहली पारी में 126 रन पर आउट करने के बाद 17 वर्ष के म्हात्रे के 176 रन और श्रेयस अय्यर के 142 रन की मदद से 441 रन बनाये। महाराष्ट्र ने दूसरी पारी में 388 रन बनाये लेकिन वह नाकाफी थे।

# घरेलू टेस्ट मैच में निराशाजनक प्रदर्शन से सिराज पर बढ़ा दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- सिराज को दूसरे टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह बनाए रखने के लिए करना होगा संघर्ष
- टीम में स्पिन गेंदबाजी वाशिंगटन सुंदर को शामिल करना एक संकेत



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टीम चयन में निरंतरता में विश्वास करते हैं, जिससे घरेलू परिस्थितियों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह बनाए रखने के लिए संघर्ष करना होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 24 अक्टूबर से पुणे में शुरू होगा।

टीम में स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर को शामिल करना एक संकेत है कि कोच गौतम गंभीर और रोहित स्पिन गेंदबाजों के अनुकूल पिच पर उन्हें खिलाना चाहेंगे। हैदराबाद के इस गेंदबाज ने 30 टेस्ट में 80 विकेट लिये है, जिसमें से 61 विकेट दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 17 टेस्ट मैचों में हैं। भारत में उनके नाम 13 मैचों में 192.2 ओवर की गेंदबाजी में सिर्फ 19 विकेट है। यह आंकड़े बताते है कि सिराज उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी जैसे गेंदबाजों इतने कारगर नहीं है। बुमराह और शमी के पास किसी भी पिच और परिस्थितियों में विकेट निकालने की क्षमता है। सिराज भारत में इनमें से चार मैचों में एक भी विकेट लेने में विफल रहे है उनमें से दो मैचों में उन्हें क्रमश 10 और छह ओवर ही गेंदबाजी करने को मिले। ये मुकाबले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल इंदौर और दिल्ली में खेले गये थे। सिराज के लिए निराशा की बात यह है कि वह नयी गेंद से विकेट निकालने में विफल रहे हैं जिससे बुमराह पर दबाव काफी बढ़ता जा रहा है। गेंदबाजी कोच ने कहा कि सिराज की गेंदबाजी में भारतीय परिस्थिति के लिए तकनीकी खामियां है। टेस्ट मैचों में गेंद को बल्लेबाज से छह से आठ मीटर की दूरी पर टप्पा खिलाने को टेस्ट मैचों में आदर्श लंबाई मानी जाती है। अलग-अलग देशों में हालांकि उछाल के आधार पर परिस्थितियां अलग होती है।'

# श्रीलंका ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

पल्लेकेले, एजेंसी



श्रीलंका ने वर्षा बाधित वन-डे में वेंस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। रविवार देर रात खेले मुकाबले में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। उसने आठवें ओवर में ब्रैंडन किंग (14) का विकेट गवां दिया। वेस्टइंडीज ने 25 ओवर में 100 रन स्कोर तक 4 विकेट गवांए थे। केसी कार्टी (37), ऐलेक ऐथनेज (10) और शो होप (5) रन बनाकर आउट हुए। शरफेन रदरफोर्ड और रॉस्टन चेज ने धीकी गति से रन बनाए और विकेट बचाया। शरफेन ने नाबाद 77 व रॉस्टन चेज ने नाबाद 33 रन बनाये। बारिश से ओवरों की संख्या घटा दी गई। वेस्टइंडीज ने 38.3 ओवर में 4 विकेट पर 185 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने दो विकेट लिए। लक्ष्य पाने उतरी श्रीलंका की शुरुआत भी खराब रही और महज 45 रन पर उसके 3 बल्लेबाज पवेलियन लौट गए। अविष्का फर्नाडो (5), कुसल मेंडिस (13) और सदीरा समरविक्रमा (18) रन ही बना सके। सलामी बल्लेबाज निशान मदुश्का और कप्तान चैरिथ असलांका ने पारी को संभाला। श्रीलंका ने महज 31.5 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य पा लिया। चैरिथ असलांका ने सबसे ज्यादा 77 रनों की पारी में आठ चौके और तीन छक्के जड़ें। वहीं निशान ने (69) रन बनाए। जतिन लियागे (18) और कामिंडु मेंडिस (30) रन बनाकर नाबाद रहे।

# यूएई को 7 विकेट से हराकर भारत सेमीफाइनल में



**अल अमरात (ओमान)।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (58 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत भारत ने सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को सात विकेट से हराकर इमर्जिंग टीम एशिया कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत की इस टूर्नामेंट में दूसरी जीत है। इससे पहले उसने पाकिस्तान को पहले मैच में सात रन से हराया था। भारत फिलहाल ग्रुप बी में चार अंक के साथ शीर्ष पर है और बुधवार को अपने अंतिम ग्रुप गेम में मेजबान ओमान से भिड़ेगा। अभिषेक की पांच चौके और चार छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी और आयुष बडोनी के एक छक्के और एक चौके की मदद से भारत ने 55 गेंद रहते 108 रन का लक्ष्य हासिल करने की औपचारिकता पूरी की। कप्तान तिलक वर्मा ने 18 गेंद में 21 रन बनाए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई की टीम 16.5 ओवर में 107 रन पर आउट हो गई। यूएई ने पहले दो ओवरों में बल्लेबाजों मयंक (10) और आर्यांश शर्मा (1) के विकेट गंवाएं। तेज गेंदबाज रसिख सलाम ने तीन बल्लेबाजों को आउट किया।

# बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने से प्रदर्शन की छवि हुई प्रभावित : साक्षी

नई दिल्ली, एजेंसी

- ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान ने अपनी किताब विटनेस में संघर्षों का किया जिक्र



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि पिछले साल विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का एशियाई खेलों के ट्रायल्स से छूट लेने के फैसले से बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ उनके विरोध प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई क्योंकि इससे यह अभियान स्वार्थी दिखने लगा। साक्षी इस विरोध प्रदर्शन के तीन मुख्य पहलवानों में से एक थीं, उन्होंने हाल में रिलीज हुई अपनी किताब विटनेस में इसके अलावा अपने करियर के संघर्षों के बारे में भी लिखा है। वहीं किताब में साक्षी ने करियर के शुरुआती संघर्षों के अलावा पूर्व पहलवान बबीता फोगाट पर अपने स्वार्थ के लिए प्रदर्शन का फायदा उठाने का आरोप भी लगाया।

उन्होंने लिखा कि जब बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू किया तो उनके विरोध प्रदर्शन में दरार आने लगी। इन तीनों ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह पर अपने कार्यकाल के दौरान महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है।

डब्ल्यूएफआई के निलंबन के बाद तदर्थ समिति ने कुश्ती का कामकाज देखना शुरू किया, जिसने बजरंग और विनेश को 2023 एशियाई खेलों के ट्रायल्स में छूट दी लेकिन साक्षी ने साथियों के सुझाव के बावजूद ऐसा नहीं करने का फैसला किया। अंत में साक्षी हिस्सा नहीं ले सकीं लेकिन विनेश खेलों से पहले चोटिल हो गईं और बजरंग पदक जीतने में असफल रहे। साक्षी की आत्मकथा के जोनाथन सेल्वाराज सह लेखक हैं। इसमें साक्षी ने हालांकि उन लोगों के नाम का खुलासा नहीं किया जिन्होंने बजरंग और विनेश को प्रभावित किया।

साक्षी ने लिखा कि पहले की तरह स्वार्थी सोच फिर से हावी होने लगी। बजरंग और विनेश के करीबी लोगों ने उनके दिमाग में लालच भरना शुरू कर दिया। वे खेलों के लिए ट्रायल्स से छूट लेने की बात करने लगे। उन्होंने लिखा कि बजरंग और विनेश के ट्रायल्स से छूट लेने का अच्छा असर नहीं पड़ा। इससे हमारे प्रदर्शन की छवि प्रभावित हुई।

## बॉलीवुड हलचल



# मौनी को गहनों में सबसे ज्यादा पसंद पोल्की ब्रेसलेट

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने अपनी पहली कमाई से अपने लिये पोल्की ब्रेसलेट खरीदी थी, जो उनकी पसंदीदा गहनों में से एक है। मौनी रॉय ने मंगलवार को यहां सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के रिटेल स्टोर के उद्घाटन पर बताया कि उन्होंने सबसे पहले अपनी कमाई से पोल्की ब्रासलेट खरीदी थी, जो उनके लिये बेहद खास है और उनके पसंदीदा गहनों में से एक है। उन्होंने बताया कि चूंकि वह बंगाली परिवार से हैं तो गहनों के लिए उनकी पसंद और गहना पहनने का उनका शौक उन्हें विरासत में मिला है। मौनी ने बताया कि उन्हें बचपन से ही गहनों का शौक रहा है, मौनी रॉय त्योहारों पर ऐसे गहने पहनना पसंद करती हैं जिनसे उनकी खास यादें जुडी हैं। उन्होंने कहा कि इस कड़वा चौथ पर भी उन्होंने अपनी मां, सासु मां और पति के द्वारा तोहफे में दिये हुये कुछ खास गहनों को मिक्स करके पहना था।

### वड़ा पाव खाना बहुत पसंद करते हैं अमिताभ बच्चन



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को वड़ा पाव बेहद पसंद है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति 16, के आने वाले एपिसोड में, गुजरात निवासी कला और शिल्प और संगीत की शिक्षिका, प्रतियोगी हर्षा उपाध्याय हॉट सीट पर बैठेंगी। खाने से संबंधित सवाल के बाद एक खुशनुमा बातचीत के दौरान, हर्षा उपाध्याय ने शो के होस्ट अमिताभ बच्चन से पूछा कि क्या उन्हें चूरमा पसंद है, जिस पर उन्होंने हंसते हुए खुलासा किया कि भले ही उन्होंने सभी व्यंजनों का स्वाद न चखा हो, लेकिन एक स्नैक उन्हें बेहद पसंद है, वड़ा पाव ! उन्होंने कहा कि उससे बढ़ कर कोई चीज़ नहीं है, छोटा सा है पर लेकिन इतना बढ़िया है हर जगह मिलता है। सिर्फ देश में ही नहीं पर विदेश में भी।

### शर्वरी ने दिखाई फिटनेस की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी ने सोशल मीडिया पर अपनी फिटनेस की झलक दिखाते हुए इस सोमवार जबरदस्त मोटिवेशन दी है। शर्वरी ने इस साल शानदार परफॉर्मेंस दी है। 100 करोड़ की ब्लॉकबस्टर मुंजा में शर्वरी ने सबका दिल जीत लिया, जिसमें उन्होंने साल का सबसे हिट डांस एंथम तरस भी दिया। इस फिल्म का निर्माण दिनेश विजन ने किया है और इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। 2024 में अपनी सफलता की कड़ी जारी रखते हुए, शर्वरी ने वाईआरएफ की ग्लोबल हिट स्ट्रीमिंग फिल्म महाराज में शानदार अभिनय किया और फिर निखिल आडवाणी की वेदा में भी अपनी अदाकारी का जादू बिखेरा। अब, वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म अल्फा की शूटिंग के दौरान, शर्वरी ने एक फिट पेडल खिलाड़ी के रूप में सोशल मीडिया पर अपने फैंस को प्रेरित किया है! शर्वरी ने अपनी फिटनेस तस्वीरों के साथ कैप्शन दिया : मंडेमोटिवेशन दे रही हूं।शर्वरी इन दिनों अल्फा की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में वह आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी।अल्फा 25 दिसंबर 2025 को रिलीज़ होने वाली है। इस फिल्म का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

